सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 12.5 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,633 |
| निफ्टी | 26,192 |
| सोना | 1,22,881 |
| चांदी | 1,55,840 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 | 6 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 324, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

CHRISTIAN NURSING COLLEGE
Recognized by: HPNRC (Govt. of H.P.)
Indian Nursing Council (I.N.C.) (Govt. of India) & Affiliated by Atal Medical & Research University
B.Sc. Nursing
4 Years Degree Course (10+2 Medical)
50% Course Fee Discount
for SC/ST/OBC/BPL Candidates (T&C Apply)
G.N.M. Staff Nurse Course
(10+2 in any Stream)


Limited Seat
Sukhdev Masih M.D.
Hostel Facility Available
100% Job Placement & Assistance
Note: Scholarships Available For Eligible Candidates.
Near Head P.O. Dhalpur Kullu (H.P.)-175101, Mob. 82196-86726, 94180-08888, 70181-89461


## न्यूज शॉर्ट्स

### बेंगलुरु में एटीएम कैश बैन से 7 करोड़ की लूट

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु की सड़कों पर 19 नवंबर की दोपहर एक ऐसी घटना घटी, जिसने सबको हैरान कर दिया। दरअसल, सरकारी स्टिकर लगी कार में आए पांच से छह बदमाशों ने खुद को आरबीआई अधिकारी बताकर एटीएम कैश वैन को रोक लिया। इसके बाद कागज जांचने के नाम पर कैश वैन से 7.1 करोड़ रुपए की नकदी लूटकर फरार हो गए। बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि पूरे शहर में नाकाबंदी है, हम अपना प्रयास कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### 350% टैरिफ की धमकी पर मोदी ने युद्ध रोका: ट्रंप

**एजेंसी वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने 350% टैरिफ लगाने की धमकी



देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रंप ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में कहा, 'मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं।' ट्रंप ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा, 'हम खत्म कर चुके हैं।' ट्रम्प ने पूछा, 'क्या खत्म कर चुके हो?' इस पर मोदी ने बताया, 'हम जंग नहीं करने जा रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

### भारत को यूएसए देगा 100 जेवलिन मिसाइल सिस्टम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत को अमेरिका 100 जेवलिन मिसाइल सिस्टम (एफजीएम-148) और 216 एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल स्मार्ट तोपगोला बेचेगा। इनके लिए दोनों देशों के बीच में 92.8 मिलियन डॉलर (करीब 775 करोड़ रुपए) की डील हुई है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इस बिक्री के लिए जरूरी मंजूरी और डिटेल्स अमेरिकी संसद कांग्रेस को भेज दी गई है। एजेंसी ने कहा कि हथियार भारत को मौजूदा और भविष्य के खतरों से निपटने में मदद करेंगे। एफजीएम-148 को टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, बंकरों को नष्ट करने के लिए बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सुजानपुर में पूरे किए 164 करोड़ रुपए के कार्य: विक्रमादित्य -पेज 2
- ऊपरी हिमाचल में अवैध शिकार से वन्य जीव संकट में -पेज 3
- चक्की-जौंटा फोरलेन के निर्माण की धीमी रफ्तार को अब मिली धार -पेज 4
- मंडोलू में 3 मंजिला मकान जलकर राख लाखों का नुकसान -पेज 7
- मेले व त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति व परंपराओं के वाहक: डॉ. शांडिल -पेज 12

# ऊना में बर्थडे पार्टी में युवा कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

## दो घायल पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन, आठ आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव लाल सिंगी स्थित एक होटल के बाहर बुधवार देर रात गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान युवा कांग्रेस नेता आशु पुरी निवासी संतोषगढ़ के तौर पर हुई। इस वारदात में दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने आठ आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इनमें से गुरजीत मान, पुरजिंदर और परमिंदर के खिलाफ हत्या का मुकद्दमा दर्ज किया गया। पांच अन्य की भूमिका की पुलिस जांच कर रही है।



मृतक की फाइल फोटो।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, होटल में बुधवार रात को एक बर्थडे पार्टी में आशु पुरी और अन्य युवा इकट्ठा हुए थे। पार्टी में आधी रात को केक काटने के लिए सभी युवा होटल के बाहर पार्किंग में पहुंचे। इसी दौरान आशु पुरी का किसी बात को लेकर परविंदर निवासी मराला फतेहपुर व परमिंदर पुत्र जरनैल सिंह गांव बिनेवाल, गुरजीत सिंह मान प्रधान मराला उदयपुर के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि परमिंदर ने आशु पर गोली चला दी। वारदात में आशु की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या का आरोप कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष और उसके दो साथियों पर लगा है। बताया जा रहा है कि यह हत्याकांड आपसी रंजिश का परिणाम है।

गोलीकांड में दो आरोपी घायल हैं, जिनका पुलिस हिरासत में पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा पांच अन्य लोगों को भी पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिया गया है।

बताया जाता है कि बुधवार देर रात दोनों ग्रुप कांग्रेस के पूर्व विधायक के होटल में अलग-अलग पार्टी कर रहे थे, इसी बीच दोनों गुटों के मध्य वाद विवाद गहरा गया और बढ़ते विवाद के कारण आरोपियों ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से आशु पर गोलियां दाग दीं, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि मृतक के साथियों ने उसके बाद आरोपियों पर हमला करने का प्रयास किया, जिसमें दो आरोपी घायल हो गए, इन्हीं आरोपियों का पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज जारी है।

### सोलन में प्राइवेट यूनिवर्सिटी के छात्र ने हवा में चलाईं गोलियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** सोलन में एक होटल के समीप एक युवक ने हवा में गोलियां चलाई। यह घटना शूलिनी यूनिवर्सिटी के छात्र आदित्य कुमार से जुड़ी है। 19 नवंबर को यूनिवर्सिटी के कुछ सीनियर छात्र हरियाणा के आदित्य के कमरे में आए और बहसबाजी के दौरान गाली-गलौज करने लगे। रात को आदित्य के पिता और परिवारजन सोलन आए और यूनिवर्सिटी प्रबंधन से शिकायत की। दोपहर को दोनों पक्षों को विवि प्रबंधन ने बातचीत के लिए बुलाया था। जब आदित्य और उसका परिवार होटल के पास पहुंचे, तो पिछली रात झगड़ा करने वाले छात्रों में से एक ने आदित्य के पिता राजबल्ली शाह की लाइसेंसी पिस्टल छीन ली और हवा में फायरिंग कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पिस्टल बरामद कर ली। आरोपी की पहचान धर्म राज उर्फ धर्मा, पुत्र राजू कुमार, निवासी समस्तीपुर, बिहार के रूप में हुई है। एसपी सोलन ने बताया कि मामले की में आगामी जांच जारी है।



# कोर्ट बिल मंजूरी की टाइमलाइन तय नहीं कर सकता : सुप्रीम कोर्ट

## राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत मांगी थी राय

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट वीरवार को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया है, जिसमें पूछा गया था कि क्या कोई सांविधानिक अदालत, राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय कर सकती है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर अनुमोदन देने के लिए न्यायपालिका कोई समयसीमा तय नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने राष्ट्रपति की तरफ से अनुच्छेद 143 के तहत भेजे गए 14 संवैधानिक प्रश्नों पर अपनी राय देते हुए कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा है। अदालत ने माना कि विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका 'संवैधानिक कर्तव्य' है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई महीने में पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट ने तमिलनाडु केस में तय की थी समय सीमा

**सुप्रीम** कोर्ट ने इस साल 8 अप्रैल को तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी।

# नीतीश 10वीं बार बिहार के सीएम

## 26 मंत्रियों ने भी ली शपथ; भाजपा के 14, जदयू के आठ

**एजेंसी, पटना**

नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गांधी मैदान में वीरवार को हुए भव्य समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े भाजपा नेता मौजूद रहे। डिप्टी सीएम के रूप में सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने शपथ ली। वहीं, 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली, जिनमें 14 बीजेपी कोटे से, 8 जदयू से, 2 लोजपा से, जबकि हम और कुशवाहा की पार्टी से 1-1 को मंत्री बनाया गया है। इस मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है। जदयू ने जमा खान को फिर मंत्री बनाया है।

नीतीश ने कहा, 'आज के इस विशेष अवसर पर बिहार के लोगों को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद। आज शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद एवं आभार। साथ ही माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विभिन्न राज्यों से आए मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सभी लोगों एवं विशिष्ट अतिथियों का भी हार्दिक अभिनंदन। (अनंत ज्ञान)





शपथ लेते नीतीश कुमार और मंच से गमछा हिलाकर लोगों का अभिवादन करते पीएम मोदी।

### नीतीश कैबिनेट में 13 नए चेहरों को मौका

**नीतीश** कैबिनेट में इस बार नए चेहरों को मौका दिया गया है। रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। चिराग की पार्टी से 2 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इसमें संजय सिंह भी शामिल हैं। संजय सिंह महुआ से चुनाव जीते हैं। उन्होंने लालू यादव के बेटे तेजप्रताप को हराया था।

### पीएम ने गमछा हिलाकर किया लोगों का अभिवादन

**शपथ** के बाद पीएम मोदी ने मंच से गमछा हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। हरियाणा, असम, गुजरात, मेघालय, यूपी, नगालैंड, ओडिशा, दिल्ली, एमपी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह में शामिल हुए। मंच पर चिराग पासवान ने मांझी और जेपी नड्डा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

# भारतीय तटरक्षक बल ने मछली पकड़ रही अवैध बांग्लादेशी नाव पकड़ी

**एजेंसी, कोलकाता।** उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गश्त कर रहे भारतीय तटरक्षक बल ने 20 नवंबर को भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रही एक बांग्लादेशी नाव को पकड़ लिया। नाव में मौजूद 28 मछुआरों को भी हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई तब की गई जब तट रक्षक बल के जहाज ने भारतीय जलसीमा के भीतर संदिग्ध गतिविधि करते एक जहाज को देखा। गश्त के दौरान तटरक्षक जहाज ने एक मछली पकड़ने वाली नाव को तेजी से दिशा बदलते हुए देखा, जो पकड़ से बचने की कोशिश कर रही थी। उसे तुरंत रोका गया और जांच में पता चला कि वह बांग्लादेशी नाव थी, जो मारटाइम जोन्स ऑफ इंडिया एक्ट, 1981 का उल्लंघन करते हुए भारतीय जलसीमा में मछली पकड़ रही थी। तटरक्षक बल की टीम ने नाव की पूरी तलाशी ली और उसके संचालन की पुष्टि की। तलाशी में पाया गया कि नाव पर मौजूद 28 में से किसी भी मछुआरे के पास भारत की जलसीमा में मछली पकड़ने की कोई अनुमति नहीं थी। (अनंत ज्ञान)

### 28 लोगों को भी हिरासत में लिया

# एमसी शिमला की तर्ज पर विज्ञापन उपनियम बनाएं सभी नगर निगम

## हाईकोर्ट ने कहा- पूरे प्रदेश में एक जैसे नियम होना आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी नगर निगमों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी शिमला नगर निगम की तर्ज पर विज्ञापन और होर्डिंग से संबंधित उपनियम जल्द से जल्द तैयार कर अधिसूचित करें। अदालत ने साफ कहा है कि पहाड़ी शहरों में बेतरतीब और अनियंत्रित होर्डिंग्स न सिर्फ सौंदर्य बिगाड़ती हैं, बल्कि पर्यावरणीय और सुरक्षा संबंधी खतरे भी पैदा करती हैं। इसलिए पूरे प्रदेश में एक जैसी नीति और स्पष्ट नियम होना बेहद आवश्यक है।





मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज की खंडपीठ यह निर्देश उस समय दे रही थी जब कोर्ट 'कोर्ट ऑन इट्स मोशन बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य' मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अदालत को यह बताया गया कि राज्य सरकार ने 12 सितंबर, 2025 को सभी शहरी निकायों को विस्तृत उपनियम बनाने को कहा था, ताकि बाहरी विज्ञापन और होर्डिंग्स को व्यवस्थित ढंग से नियंत्रित किया जा सके। शिमला नगर निगम पहले ही ये नियम अधिसूचित कर चुका है, जबकि बाकी नगर निगमों मंडी, सोलन, धर्मशाला, पालमपुर और परवाणू को अब उसी मॉडल पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में दृश्य अव्यवस्था रोकने, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विज्ञापन प्रशासन का एक समान और मजबूत ढांचा बनाना आवश्यक है। विशेषकर पहाड़ी शहरों में अवैध और अनियंत्रित बोर्ड, फ्लेक्स और होर्डिंग न सिर्फ दृश्य प्रदूषण का कारण बनते हैं, बल्कि पर्वतीय ढलानों और सड़कों पर दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित नगर निगमों से अपेक्षा की है कि वे इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए निर्धारित समय के भीतर अपने उपनियमों को अंतिम रूप दें।

### शिमला नगर निगम पहले ही बना चुका ये उपनियम

# सीएम समग्र शिक्षा निदेशालय में करेंगे कई आधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ

## बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए तकनीक आधारित सुधारों पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 22 नवंबर को शिमला स्थित समग्र शिक्षा निदेशालय में नई तकनीकी पहलों और अत्याधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे, जबकि शिक्षा सचिव राकेश कंवर सहित समग्र शिक्षा और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। राज्य सरकार का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक, समान और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिसके लिए तकनीक आधारित सुधारों पर लगातार जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री जिस नवनिर्मित विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन करेंगे, वह इस पूरे आयोजन का प्रमुख आकर्षण है। राष्ट्रीय स्तर पर विकसित मॉडल के अनुरूप तैयार किया गया यह केंद्र शिक्षण, मूल्यांकन, उपस्थिति और स्कूल प्रबंधन से जुड़ा रीयल-टाइम डेटा एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। अभ्यास हिमाचल, स्मार्ट उपस्थिति प्रणाली, निपुण प्रगति, मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षक सहायक जैसे डिजिटल समाधान इससे जुड़े हुए हैं, जो स्कूलों से लेकर राज्य स्तर तक निर्णय प्रक्रिया को अधिक तेज, सरल और प्रभावी बनाते हैं। इससे शिक्षकों का प्रशासनिक बोझ कम हुआ है और वे शिक्षण गतिविधियों पर बेहतर ध्यान दे पा रहे हैं।



### ये सौगातें भी देंगे

**मुख्यमंत्री** निदेशालय में विकसित एजुकेशन गैलरी, प्रोग्राम मैनेजमेंट स्टूडियो, नया कॉन्फ्रेंस हॉल और आधुनिक सेंट्रल हीटिंग सिस्टम का भी शुभारंभ करेंगे। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि ये सभी सुविधाएं विभागीय कार्यशैली को सुदृढ़ बनाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को नई गति देंगी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम हिमाचल के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### साइबर क्राइम | अब आम नागरिकों को तकनीक के सहारे डर, भ्रम और लालच में फंसाकर लूट रहे ठग

# हिमाचल में डिजिटल अरेस्ट से डर और धोखे का नया खेल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ठगों ने धोखाधड़ी के नए-नए रास्ते खोज लिए हैं। तकनीक के सहारे वे आम नागरिकों को डर, भ्रम और लालच के सहारे अपने जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। कभी पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के जरिए दहशत फैलाना, तो कभी झूठे मुनाफे का प्रलोभन देकर आम लोगों की कमाई पर डाका डालना, ऐसे अपराधों ने चिंता बढ़ाई है। इसी क्रम में पुलिस ने नागरिकों को जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार न बने।

जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों अनेक लोगों को ऐसे फोन आए जिनमें स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर वीडियो कॉल पर उपस्थित होने का दबाव बनाया गया। कुछ ठग नकली वर्दी, सरकारी चिह्न और अधिकारिक भाषा का प्रयोग कर यह जताने की कोशिश करते हैं कि कथित रूप से व्यक्ति पर कोई डिजिटल गिरफ्तारी लागू कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट कहा है कि भारतीय कानून में डिजिटल गिरफ्तारी जैसा कोई प्रावधान नहीं है। यह पूरी तरह असत्य है। ऐसे किसी भी फ़ोन पर घबराना नहीं है। तुरंत कॉल काट दें और किसी भी स्थिति में अपनी धनराशि, एकबारगी संकेतांक (ओटीपी) या व्यक्तिगत विवरण साझा न करें।





इसके अलावा प्रदेश में पोंजी और पिरामिड रूपी निवेश योजनाओं ने फिर तेजी पकड़नी शुरू कर दी है। ये योजनाएं आपको अत्यधिक मुनाफे का दावा करती हैं, परंतु इनके पीछे कोई वास्तविक कारोबार नहीं होता। यह पूरा तंत्र केवल नए लोगों से जुड़ी धनराशि पर टिका होता है। सदस्यता शुल्क, समूह-निर्माण और सिफारिश आधारित आय जैसे प्रलोभन इनके मुख्य हथियार हैं।

वैसे किसी भी प्रस्ताव से सावधान रहें जो कम समय में निश्चित लाभ का दावा करे। पुलिस ने नागरिकों को चेताया है कि वे केवल सत्यापित, विनियमित और विधिसंगत योजनाओं में ही निवेश करें। किसी अपरिचित संदेश, संदिग्ध अनुप्रयोग या अनजान सूचना समूह पर भरोसा न करें। डिजिटल युग में ठगी के तौर-तरीके जितनी तेजी से बदल रहे हैं, उतनी ही तेजी से अपनी सतर्कता और जागरूकता भी बढ़ानी होगी। लोगों की सावधानी ही उनको सबसे बड़ा जवाब होगा। हिमाचल पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि सशंकित हों, सतर्क रहें और किसी भी अनधिकृत डिजिटल संपर्क पर भरोसा न करें। आपकी सावधानी ही आपकी सुरक्षा है।

### संशय की स्थिति में तुरंत करें शिकायत दर्ज

**विशेषज्ञों** का कहना है कि इस प्रकार के साइबर अपराध लगातार रूप बदलकर सामने आते हैं। अपराधी तकनीक का सहारा लेकर नए तरीके विकसित करते रहते हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। यदि किसी भी व्यक्ति को किसी कॉल, संदेश, निवेश, लिंक या मांग में संदिग्धता महसूस हो, तो बिना विलंब किए पुलिस को सूचित करें। राज्य पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी संदिग्ध डिजिटल व्यवहार की सूचना तत्काल 1930 पर दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का कार्य हुआ शुरू

**अनंत ज्ञान, रंगस।** बिजली उपमंडल रंगस के तहत आने वाले क्षेत्रों में स्मार्ट बिजली मीटरों की स्थापना का कार्य शुरू हो गया है, अब तक बोर्ड के सहयोग से करीब स्मार्ट 20 मीटर लगाए जा चुके हैं। इनमें 5 बुणी बाजार, 5 चौड़ू और बाकी बड़ा में लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर कैटागिरी वाइज लगाए जाएंगे। पहले चरण में बड़े कारोबारियों को, दूसरे चरण में मध्यम वर्गीय कारोबारियों, तीसरे चरण में कमर्शियल उपभोक्ताओं को यह स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जबकि चौथे चरण में डोमेस्टिक उपभोक्ताओं को यह मीटर लगाए जाएंगे। बिजली सबडिवीजन रंगस के एसडीओ संदीप सांगल का कहना है कि उपभोक्ता अपने स्मार्ट मीटरों को घरों के बाहर ही इंस्टॉल करवाएं, क्योंकि यह मीटर सिम के जरिए चलता है, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। कई उपभोक्ताओं के पुराने मीटर घरों के अंदर लगे हुए हैं। विभाग द्वारा अधिकृत कर्मचारी और ठेकेदार व्यवसायिक प्रस्थानों में स्मार्ट मीटर स्थापित करने के लिए पहुंच रहे हैं। उपभोक्ता फील्ड स्टाफ का पूरा सहयोग प्रदान करें, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो।

### हमीरपुर में 22 को होगा वॉलीबाल के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला वॉलीबाल संघ हमीरपुर के प्रधान डॉ. त्रिलोक कुमार भनवाल ने बताया कि प्रदेश वॉलीबाल संघ की राज्य स्तरीय छात्र एवं छात्रा वॉलीबाल प्रतियोगिता 26 से 28 नवंबर 2025 तक संधोल (मंडी) में आयोजित की जाएगी। इसमें जिला हमीरपुर की बालक व बालिका वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के चयन के लिए ट्रायल 22 नवंबर को पूर्व अंतरराष्ट्रीय कोच विजय सागर शर्मा की देखरेख में सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी (फॉरेस्ट रेस्ट हाउस भरेड़ी के समीप) में आयोजित किए जाएंगे। संघ ने स्पष्ट किया कि केवल वही छात्र-छात्राएं पात्र होंगे, जिनका जन्म एक जनवरी 2008 के बाद हुआ हो। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ दसवीं का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य रहेगा।

### डॉ. सन्नी शुक्ला का नादौन पहुंचने पर स्वागत

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** भाजपा युवा मोर्चा मंडल नादौन की समस्त कार्यकारिणी व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला का नादौन पहुंचने पर स्वागत किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुन्नी शुक्ला ने इस मौके को नादौन भाजपा युवा मोर्चा मंडल की कार्यकारिणी के साथ शिष्टाचार भेंट बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इस दौरान युवाओं से प्रदेश में युवामोर्चा के आगामी कार्यों के लिए मार्गदर्शन कर रणनीति तय की।

### हमीरपुर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने अनिल

**अनंत ज्ञान, भोटा।** हिमाचल प्रदेश भारतीय शैली कुश्ती संघ (मिट्टी की कुश्ती) प्रदेश के महासचिव दिनेश ठाकुर ने हमीरपुर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष की कमान अनिल धीमान को सौंपी है। धीमान ने इस पद पर नियुक्त करने पर प्रदेश महासचिव व तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। फिलहाल अनिल धीमान भोटा लखदाता कुश्ती दंगल कमेटी में बतौर सचिव अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। भोटा दंगल कमेटी ने इस नियुक्ति पर हिमाचल प्रदेश भारतीय कुश्ती शैली संघ के तमाम पदाधिकारी का धन्यवाद किया है।

### पार्टी के कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक पहुंचाएं

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नादौन की परिचय बैठक गीता भवन नादौन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने की। मुख्यातिथि भाजपा हमीरपुर के प्रभारी अमित ठाकुर और विशेषातिथि नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री रहे। पूर्व विधायक ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए 2027 के चुनाव के लिए पार्टी की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने और बूथ को सशक्त बनाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रदेश समिति सदस्य हुकम सिंह बैंस, नीलम चौधरी, मंडल पदाधिकारी और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### झनिकर में अनियमित पेयजल आपूर्ति से परेशानी

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** बारी पंचायत के झनिकर गांव में पानी की अनियमित सप्लाई को लेकर ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पानी हर तीसरे-चौथे दिन ही मिलता है, वह भी केवल 20-30 मिनट के लिए, जिससे घरेलू आवश्यकताएं पूरी करना मुश्किल हो गया है। पानी का कोई निश्चित समय न होने के कारण पीने योग्य पानी का इंतजाम भी कठिन हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने प्रशासन से अलग पाइपलाइन बिछाने की मांग की, ताकि नियमित और पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। मौके पर जल शक्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे और सप्लाई नियमित करने के लिए तकनीकी जांच एवं पाइपलाइन अपग्रेडेशन पर विचार का आश्वासन दिया।

### राणा राजनीतिक हताशा में मनगढ़ंत आरोप लगा रहे

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के बयान पर कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि राणा राजनीतिक हताशा में मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। कटोच ने स्पष्ट किया कि हिमाचल में डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट लागू होने के कारण प्रशासन राहत और पुनर्वास कार्यों में व्यस्त है, इसलिए चुनाव आयोग को फील्ड स्टाफ उपलब्ध करवाना असंभव है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव करवाने का अधिकार संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग का है, न कि सरकार का। सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम जनकल्याण और विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने का हिस्सा हैं, चुनाव टालने का इससे कोई संबंध नहीं है। कटोच ने आश्वासन दिया कि जैसे ही डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट हटेगा, चुनाव सुचारू रूप से करवाए जाएंगे।

### हिमाचल में कानून व्यवस्था शून्य : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रदेश भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने वीरवार को कहा कि गोली चलना, मर्डर और गैंगरेप जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। राणा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में खनन माफिया और अपराध बढ़ रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री तीन वर्ष पूरे होने के जश्न में व्यस्त हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सरकार और मुख्यमंत्री की चुप्पी क्यों है और जनता को सुरक्षित माहौल कब मिलेगा।

### कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बड़सर के मोर्चों एवं प्रकोष्ठों की परिचय बैठक सागर व्यू होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा और जिला महामंत्री अजय रिंटू ने की, जबकि बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल मुख्यातिथि रहे। बैठक में बूथ से लेकर मंडल तक संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने और बूथ विस्तार अभियान तेज करने पर जोर दिया गया। 4 दिसंबर को धर्मशाला जोरावर स्टेडियम में होने वाली भाजपा की आक्रोश रैली के लिए हर मंडल से 300 कार्यकर्ता भाग लेंगे। लखनपाल ने कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और आपदा राहत में विफलताओं पर निशाना साधा। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी और मोर्चा प्रमुख उपस्थित रहे।

### नादौन कॉलेज ने 7 शिक्षण संस्थानों को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन ने नादौन क्षेत्र के सात शैक्षणिक संस्थानों को गोद लिया है। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमारी बस्सी ने बताया कि इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (ब्वॉयज), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (गर्ल्स) नादौन, जालाड़ी, जिवानी, किटपल, भरमोटी एवं डीआईईटी हमीरपुर (गौना) शामिल हैं। महाविद्यालय इन विद्यालयों को शैक्षिक उन्नयन हेतु प्रशिक्षण कार्यशालाएं, करियर परामर्श, व्यक्तित्व विकास, नवाचार आधारित शिक्षण, स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान, सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन गतिविधियां, अभिभावक-शिक्षक संवाद आदि प्रदान करेगा। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना और विद्यार्थियों को उन्नत शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है।

### चिट्टे के खिलाफ छात्र जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, बड़सरज** नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर ने शिवा पब्लिक स्कूल में चिट्टे के खिलाफ अभियान के तहत छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्य को चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और बड़सर के युवा इसमें योगदान देंगे। रूबल ने छात्रों से नशे से दूर रहने, पढ़ाई पर ध्यान देने और नशे की जानकारी पुलिस को देने का आग्रह किया।

### कौशल को विकसित करने पर फोकस रखें विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को एमबीए विभाग के विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान एवं इंटर्नशिप अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ स्थित मीडिया हाउस के उप मुख्य प्रबंधक राकेश सुखिया ने बतौर वक्ता शिरकत की, जबकि तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ राजेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने एमबीए के विद्यार्थियों से आज के दौर में किस प्रकार के कौशल की डिमांड है और उस प्रकार के कौशल को विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को क्या करना चाहिए, इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# सुजानपुर में पूरे किए 164 करोड़ रुपए के कार्य : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में पौने तीन वर्षों के दौरान 164 करोड़ रुपए के विकास कार्य पूरे किए हैं और 183 करोड़ रुपए के नए काम आरंभ किए हैं। सुजानपुर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद गांव लगदेवी में जनसभा को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के तहत 44 करोड़ और नाबार्ड एवं विधायक प्राथमिकता के तहत 39 करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

चौरी-रंगड़, जंदड़ू, पुरली, भराईयां दी धार, महेशक्वाल और अन्य दुर्गम गांवों की सड़कों को पीएमजीएसवाई के तहत बजट मंजूर किया गया है। विभिन्न सरकारी भवनों पर भी 63 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विपरीत वित्तीय परिस्थितियों में भी केंद्र सरकार की मदद के बगैर भी राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाकर चहुंमुखी विकास को बल दे रही है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे-3 से संबंधित सभी मुद्दों को भी प्रदेश सरकार प्रमुखता के साथ उठा रही है तथा स्थानीय लोगों के हितों का विशेष ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर वीर भूमि है और यहां के वीर सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित समस्याओं का निवारण करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

नशे की बढ़ती समस्या की चर्चा करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे के बजाए खेलों की ओर अग्रसर करने के लिए भी प्रदेश सरकार विशेष रूप से फोकस कर रही है। उन्होंने गांव लगदेवी के मैदान के लिए मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत 15 लाख रुपए का प्रावधान करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने क्षेत्रवासियों की ओर से उठाई गई अन्य सभी मांगों को भी पूरा करने की घोषणा की और इनके संबंध में अधिकारियों को त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। इससे पहले, स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की परियोजनाओं के कार्य आरंभ किए गए हैं।

## प्रेम कुमार धूमल से की भेंट, रंजना के परिजनों को बंधाया ढांढस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वीरवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री का कुशलक्षेम पूछा और उनसे काफी देर तक बातचीत की। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह के साथ सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह और अन्य नेता भी उपस्थित थे। इससे पहले, विक्रमादित्य सिंह ने हमीरपुर में पहचाना संस्था के विशेष बच्चों के स्कूल के बच्चों और ग्राम पंचायत सलासी में रंजना के परिजनों से भी मुलाकात की तथा उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। बीते दिनों एक सनसनीखेज वारदात में घायल हुई रंजना की पीजीआई चंडीगढ़ में मौत हो गई थी। इस अवसर उनके साथ सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और अन्य नेता भी उपस्थित थे।

## इंतजार खत्म; जल्दी शुरू होगा बीओजी की बैठकों का सिलसिला

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बीओजी के अध्यक्ष की नियुक्ति का इंतजार खत्म होते ही अब यहां के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाए जाने की उम्मीद पर बना संशय खत्म हो गया है।

आईआईएच अमृतसर के अध्यक्ष संजय गुप्ता को हमीरपुर के इस संस्थान का अतिरिक्त कार्यभार मिलने से यहां उम्मीद पाले संस्थान के प्रशासन को निश्चित रूप में राहत मिली होगी, क्योंकि बहुत सारे ऐसे मामले हैं, जो इस साल के शुरू में हुई आखिरी मीटिंग के बाद लंबित चल रहे हैं। संस्थान के शैक्षणिक माहौल से जुड़े हुए टीचर्स की प्रमोशन के मामले सबसे अहम हैं। करीब 10 सालों से शिक्षकों की प्रमोशन नहीं हुई है। कुछ मामले हाई कोर्ट में पेंडिंग हैं। इन पर भी नीतिगत फैसला यदि बीओजी की बैठक में हो जाए, तो यह मामले भी फलीभूत हो सकते हैं। इसकी उम्मीद भी शिक्षक वर्ग को बहुत ज्यादा है, क्योंकि वर्षों से यहां तैनात फैकेल्टी प्रमोशन नहीं होने से बेचैनी में हैं, जिनको जो हक मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाया है। पूर्व में यहां के बर्खास्त किए गए तत्कालीन डायरेक्टर

**संजय गुप्ता को कार्यभार मिलने से खत्म हुआ संशय**

विनोद यादव की इंक्वारी से जुड़ा हुआ मामला भी अभी पेंडिंग है। उसकी फाइनल रिपोर्ट भी तैयार होनी है व जांच शुरू हो चुकी है। पहली बैठक भी हो गई है। इसका नेतृत्व सेवानिवृत चीफ सेक्रेटरी कर रहे हैं, लेकिन अंतिम मुहर जब तक नहीं लगती, तब तक उस मामले से जुड़ी हुई व्यवस्था असमंजस में ही समझी जाएगी। यह संस्थान पिछले लगभग 4 साल से रेगुलर अध्यक्ष की राह देख रहा था। तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर का सेवाकाल पूरा होने के बाद कोई भी अध्यक्ष मंत्रालय ने नियुक्त नहीं किया और बतौर कार्यकारी संस्थान के डायरेक्टर के पास ही इसका जिम्मा लगातार जारी रहा, लेकिन इस साल के शुरू में डायरेक्ट की पावर्स भी इस अध्यक्ष पद से छीन ली गई थी और तब से अभी तक कोई बैठक नहीं हो पाई थी। अब सवाल यही है कि मंत्रालय ने ऐसा क्यों किया। संस्थान से जुड़े हुए बहुत सारे मामले हैं क्या पहली बैठक में ही सबका निपटारा हो जाएगा? या फिर एक के बाद एक लगातार बैठकें कम अवधि में हो पाएंगी।



बैठक में हिस्सा लेते हुए जिला भाजपा के पदाधिकारी।

## हमीरपुर भाजपा ने धर्मशाला के शीतकालीन सत्र में विधानसभा घेराव की बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा की जिला इकाई ने 4 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए तैयारियों में तेजी ला दी है।

जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश के नेतृत्व में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर संगठनात्मक बैठकों और प्रवास का क्रम जारी है। उनके साथ जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर, टौणी देवी मंडल महामंत्री सुनील ठाकुर, सेक्टर प्रभारी विचित्र सिंह ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। टीम ने टौणी देवी, झनिकर, ग्वारडू और सराकड़ ग्राम केंद्रों के 16 बूथों का दौरा कर जमीनी तैयारियों का जायज़ा लिया। बैठकों में संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ मुख्य लक्ष्य कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर घेराव के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा। राकेश ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनता से किए वादों की अनदेखी, आपदा प्रबंधन में देरी और लोकहित से जुड़ी विफलताओं के विरोध में भाजपा व्यापक आंदोलन करेगी। सभी मंडलों में कार्यकर्ताओं को अनुशासन और एकता के साथ प्रदर्शन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर और मंडल महामंत्री सुनील ठाकुर ने बताया कि यह घेराव भाजपा का जनांदोलन है और इसे सफल बनाने के लिए बूथ से जिला स्तर तक सभी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## हरिजन बस्ती के लोग 70 साल से नाले से गुजरने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, जाहू**

लगमनवी पंचायत के मंवीं गांव की हरिजन बस्ती के लोग आजादी के 70 वर्षों बाद भी अपने घरों तक पहुंचने के लिए पानी से भरे नाले से होकर गुजरने को मजबूर हैं।

बरसात के मौसम में नाले में भारी पानी होने से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। स्थिति यह है कि लोगों को चप्पल और जूते हाथ में लेकर पानी से गुजरना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत को अवगत करवाया, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं खोजा गया। वीरवार सुबह हरिजन बस्ती के लोग पंचायत प्रधान शशि कुमार और केशव कुमार के नेतृत्व में स्थानीय विधायक सुरेश कुमार के निवास पर पहुंचे। उन्होंने विधायक को गंभीरता से बताया कि पिछले लगभग 70 वर्षों से एक ही नाले से होकर आने-जाने के कारण उन्हें लगातार मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। किशोर कुमार ने बताया कि प्रशासन और पंचायत दोनों से कई बार गुहार लगाने के बावजूद अभी तक रास्ते का प्रावधान नहीं किया गया।

**गुहार के बाद भी रास्ते का नहीं किया गया प्रावधान**

### विधायक ने दिलाया समाधान का आश्वासन

**ग्रामीणों** की बात सुनने के बाद विधायक सुरेश कुमार ने समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मानवी पंचायत के पूर्व उपप्रधान रतनलाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी विधायक से आग्रह किया कि हरिजन बस्ती के लोगों को सुरक्षित व सुगम रास्ता उपलब्ध करवाया जाए। ग्रामीणों को उम्मीद है कि वर्षों पुरानी इस समस्या का अब समाधान जल्द होगा।

## महिलाओं पर बढ़ते हमले चिंताजनक: अर्चना

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** तेजाब कांड पीड़ित ममता के निधन ने पूरे हिमाचल को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिला हमीरपुर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही महिलाओं पर हिंसा की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर शासन के बाद अब मंडी में हुई शर्मनाक घटना में भी पीड़िता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जो प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती है। अर्चना चौहान ने आरोप लगाया कि प्रदेश की सुक्खू सरकार तीन साल के जश्न में डूबी हुई है, जबकि महिलाओं की सुरक्षा जैसे सबसे अहम मुद्दे की अनदेखी की जा रही है। बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा किसी भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, परंतु यहां हालात इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे जघन्य मामलों में अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा घिनौना कृत्य करने की हिम्मत न कर सकें।

## नादौन के पर्यटन विकास को नई दिशा

### पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अहम भूमिका निभाएंगे पांच धार्मिक स्थल

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** हिमाचल में पर्यटन को विकसित करने की आपार संभावनाएं हैं मात्र अवश्यकता है विजन की, कि कैसे,, किस प्रकार, किस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सकता है और यह सब करके दिखाया है खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने, जिन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देश पर नादौन विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए न केवल नादौन विधानसभा क्षेत्र की पांच पंचायतों में पांच धार्मिक स्थलों का पंचायतों के माध्यम से निर्माण करवाया है, बल्कि इन निर्मित धार्मिक स्थलों को भव्य रूप प्रदान करने में कोई कमी नहीं छोड़ी हैं।

विकास खंड अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि नादौन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत फस्टे के ऐतिहासिक शिव मंदिर बटाहली में बिल्लकलेश्वर धाम, ग्राम पंचायत चोडू के पताजीपत्तन में ब्यास धाम, ग्राम पंचायत गौना के पखरोल में बैकुंठ धाम का निर्माण, पंचायत अमलेहड़ में गूगा धाम एवं पंचायत जलाड़ी में ऐतिहासिक नोण का निर्माण स्थानीय पंचायतों के जन सहयोग एवं मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुए नादौन विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन हब्ब बनाने के लिए धार्मिक स्थलों का निर्माण किया गया है, जो लगभग अपनी तैयारी के अंतिम चरण पर हैं।



नादौन विधानसभा क्षेत्र में पर्यटकों के लिए विकसित किए जा रहे धार्मिक स्थल।

अधिकारी ने बताया कि इन धार्मिक स्थलों के निर्माण से जहां इन क्षेत्र में पर्यटकों की चहल कदमी बढ़ेगी। वहीं, इससे सबंधित पंचायतों के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। इसके अतिरिक्त पर्यटकों की चहलकदमी से बेरोजगारों के लिए रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। नादौन विधानसभा क्षेत्र में अभी भी बहुत से स्थान हैं, जिन्हें पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया ये सब कार्य स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों के जन सहयोग एवं लोगों के आशीर्वाद से करवाए जा रहे हैं एवं नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोग भी मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा नादौन विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन हब्ब बनाने का जो सपना देखा था, उसे पूरा करने में अपना पूर्ण जनसहयोग दे रहे हैं।

## नगर परिषद की लापरवाही से सबलेटिंग का धंधा चरम पर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर की लापरवाही के कारण नगर परिषद द्वारा निर्मित दुकानों की सबलेटिंग का धंधा तेज़ी से फल-फूल रहा है। जानकारी होने के बावजूद नगर परिषद ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे किराएदारों ने दुकानों को आगे ऊंचे किराए पर चढ़ाकर मनमानी शुरू कर दी है। जबकि नगर परिषद ने इन दुकानों के लिए न्यूनतम किराया तय कर रखा है, कई किराएदार इससे कई गुना अधिक वसूली कर रहे हैं। हाल ही में कई दुकानों के सबलेट होने के मामले सामने आए हैं।

नगर परिषद अधिकारियों का भी कहना है कि सबलेटिंग हो रही है, लेकिन दुकानों की जांच के दौरान सबूत मिलना मुश्किल होता है। नगर परिषद ने पहले भी सबलेटिंग के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया था, पर उस पर अमल न होने की वजह से यह अवैध कारोबार और बढ़ता गया। नगर परिषद सुजानपुर ने शहर में कई छोटी-बड़ी पक्की दुकानें बनाकर जरूरतमंदों को किराए पर दी थीं। ये दुकानें कई परिवारों की आजीविका का साधन बनीं, लेकिन अब कई मूल किराएदारों की मृत्यु के बाद उनके परिजनों ने दुकानों को तीसरे व्यक्तियों को भारी किराए पर दे दिया है। हैरानी की बात यह है कि कुछ मृत किराएदार अभी भी कागजों में जिंदा दर्ज हैं। नगर परिषद को इन दुकानों से मिलने वाला किराया आय का एक बड़ा स्त्रोत है, लेकिन सबलेटिंग के बढ़ने से यह राजस्व भी प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर किराएदारों द्वारा मनमाना किराया वसूलने से स्थानीय लोग भी नाराज हैं। नगर परिषद कर्मियों के निरीक्षण के दौरान सबूत न मिलने का तर्क भी जनता को संतुष्ट नहीं कर पा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद की ढिलाई और प्रस्तावों पर कार्रवाई न होने से यह धंधा और बढ़ावा पा रहा है। हालांकि नगर परिषद ईओ रमन शर्मा ने बताया कि दुकानों की चेकिंग शुरू की जा रही है और सबलेटिंग के मामलों पर कार्रवाई की जाएगी।

## भौर मिल्कफेड काउंटर जर्जर, बस्सी मिल्क बार भी बंद; जनता में रोष

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के भौर व बस्सी क्षेत्र में स्थित एचपी मिल्कफेड के मिल्क बारों की दुर्दशा को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। भौर में मिल्कफेड विभाग का मिल्क बार काउंटर लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार केंद्र की छत की चादरें पूरी तरह गल चुकी हैं और भवन की स्थिति इतनी जर्जर है कि किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

यहां चोरी की घटनाएं भी घट चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद विभाग की ओर से न तो मरम्मत करवाई गई और न ही सुरक्षा प्रबंधों पर कोई कदम उठाया गया। उधर, बस्सी (भोरंज) में स्थित मिल्कफेड का मिल्क बार बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र बंद होने से दूध व अन्य दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता प्रभावित हो गई है। बुजुर्गों व बच्चों सहित आम जनता को रोजमर्रा के दुग्ध उत्पादों के लिए दूर-दराज जाना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापार व रोजगार




पर भी इसका नकारात्मक असर साफ देखने को मिल रहा है।

ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने सरकार व एचपी मिल्कफेड विभाग से मांग उठाई है कि भौर मिल्क बार काउंटर की त्वरित मरम्मत, सुरक्षा व सुविधाओं का सुधार किया जाए। साथ ही बस्सी में बंद पड़े मिल्क बार को भी तुरंत पुनः शुरू करने की आवश्यकता जताई है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जनता ने स्थानीय प्रशासन व जागरूक नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाएं और वर्षों से चली आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करवाएं।

### चिट्टे सहित काबू युवक 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान हथली पुल पर मौजूद थी, तो उसी दौरान उक्त टीम द्वारा अशोक शर्मा पुत्र दीप राम निवासी गांव व डाकघर कोट तहसील घुमारवीं थाना भराड़ी जिला बिलासपुर के कब्जे से 5.2 चिट्टा बरामद किया। थाना प्रभारी कलवंत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को वीरवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### पुलिस ने दो युवकों से पकड़ा 3.47 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान लाहड़ कोटलू के अरूण कुमार पुत्र शालीग्राम व झमेड़ सुधियाल के संजय कुमार पुत्र सुरेश कुमार से 3.47 ग्राम हेरोइन(चिट्टा) बरामद किया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति से सात बोतलें अंग्रेजी शराब बिना किसी परमिट व लाइसेंस के बरामद की हैं। यह कार्रवाई पट्टा चौक, थाना भोरंज क्षेत्र में की गई। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अंग्रेजी शराब की अवैध खेप बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज प्रशांत सिंह ठाकुर ने करते हुए बताया कि नशे के अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान को और सख्ती से जारी रखा जाएगा।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुफ्त इलाज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0 से 18 साल तक के बच्चों की जांच और इलाज मुफ्त किया जाता है। ब्लॉक बड़सर के सरकारी प्राथमिक स्कूल कमलेरी में एक बच्चे की बांई आंख में भेंगापन की पहचान हुई, जिसे जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र और बाद में पीजीआई चंडीगढ़ में ऑपरेशन कर ठीक किया गया। अब बच्चा को पढ़ाई में कोई समस्या नहीं है। योजना के तहत 30 बीमारियों का मुफ्त इलाज उपलब्ध है।

### लाइसेंस के बगैर न हो तंबाकू उत्पादों की बिक्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने हमीर भवन में स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा, पंचायतीराज और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर 9 अक्तूबर से 8 दिसंबर तक चल रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए व्यापारियों के लिए लाइसेंस अनिवार्य है और शिक्षण संस्थानों के आसपास बिक्री पर पूरी तरह पाबंदी है। सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी और अन्य अधिकारियों ने अभियान की ताजा रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### कमर्शियल प्लॉट्स की हुई खुली बोली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पंचायत समिति की नादौन बस स्टैंड के पास कमर्शियल प्लॉट्स की वीरवार को मासिक किराए की खुली बोली हुई। बोली प्रक्रिया पांच घंटे चली। इन प्लॉटस पर केवल स्टॉल आदि ही लगाए जा सकते हैं। सबसे महंगी बोली प्लाट नं. 16 की निखिल कुमार के पक्ष में 31 हजार रुपये मासिक किराए पर हुई। जबकि सबसे कम बोली 11300 रुपये मासिक किराए पर फाइनल हुई। जिसकी क्षेत्र में खासी चर्चा है। पंचायत समिति के 30 प्लाट में से 29 प्लाटस की खुली बोली हुई जिसमें 176 बोली दाताओं ने भाग लिया। जबकि प्लाट न. 1 पंचायत समिति ने अपने लिए रखा। इन 29 प्लॉटस की बोली से पंचायत समिति नादौन को 5 लाख 25 हजार रुपये मासिक किराया आएगा। बोली की जानकारी देते हुए बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि बोली शांतिपूर्ण तरीके से हुई।

### बिझड़ी ताल स्टेडियम को किया चकाचौंध

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** पीएम श्री आदर्श सीसे विद्यालय बिझड़ी के एनएसएस वालंटियर ने श्रमदान कर ताल स्टेडियम में उगी घास को साफ किया। यह विशेष कैंप 7 दिन के लिए आयोजित किया गया था। आज छठे दिन वालंटियर ने बिझड़ी ताल स्टेडियम में घास को काटा व स्टेडियम में पड़ी गंदगी को भी साफ-सुथरा किया। इस कैंप में लगभग 51 के करीब वालंटियर भाग ले रहे हैं।

### सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं टिक्कर के वार्षिक उत्सव में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों की सराहना की और बेसहारा बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, युवाओं के लिए विदेश में रोजगार तथा किसानों के लिए उच्च खरीद मूल्य जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सुनील शर्मा ने शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। समारोह में प्रधानाचार्य शैली शर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, खाद्य आपूर्ति निगम और एचपीएमसी के निदेशक मंडल सदस्य, शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मनरेगा मजदूरों की समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भोरंज ब्लॉक में हिमाचल भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन (सीटू) की बैठक आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर और जिला सचिव जोगिंदर कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में 26 नवंबर को हमीरपुर में होने वाली मजदूर-किसान रैली में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में मनरेगा मजदूरों के काम और वेतन संबंधी समस्याओं पर चर्चा हुई। यूनियन ने मनरेगा मजदूरों की कटौती हुई मजदूरी, वेतन भुगतान में देरी और श्रमिक कल्याण बोर्ड के लाभ न मिलने के मुद्दे उठाए। बैठक में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध और नियमित भर्ती की मांग भी की गई। रैली में भोरंज ब्लॉक से लगभग 300 मजदूर भाग लेंगे।

### तकनीकी विवि में मैटेरियल साइंस पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मैटेरियल साइंस में हालिया शोध और नवाचार विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के प्रो. रवि कुमार रहे। उन्होंने सुपरकंडक्टिविटी, नैनोमटेरियल्स, ट्रांसपेरेंट कंडक्टिंग ऑक्साइड्स और हल्के-मजबूत मटेरियल्स पर छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने अध्ययन और शोध के लिए जिज्ञासा की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें तकनीकी विवि के अधिष्ठाता और प्राध्यापक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शिमला में सेना के वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**अनंत ज्ञान, रामपुर।** शिमला जिला के रामपुर के भद्राश में सेना के एक वाहन की टक्कर से 25 वर्षीय युवक अंकित कुमार की मृत्यु हो गई। यह घटना निरथ की ओर से आ रहे वाहन की टक्कर से हुई। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के भतीजे ऋषभ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 नवंबर की शाम उनके चाचा अंकित कुमार सरकारी नर्सरी के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान, निरथ साइड से आ रहे भारतीय सेना के काफिले के एक ने टक्कर मारी और अंकित के ऊपर से गुजर गई। इस टक्कर के बाद ड्राइवर ने करीब 50 मीटर दूर जाकर रोकी। इसके बाद मौके पर ऋषभ समेत दूसरे लोग इकट्ठा हो गए। वहां मौजूद लोगों ने घायल अंकित को एम्बुलेंस की मदद से खनेरी अस्पताल पहुंचाया। मगर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गुलशन कुमार गाड़ी ड्राइव कर रहा था। ऋषभ ने आरोप लगाया है कि यह दुर्घटना ड्राइवर की लापरवाही और गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण हुई, जिससे उनके चाचा की जान चली गई। उन्होंने पुलिस से चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### फागली में लापता व्यक्ति का शव मिलने से फैली दहशत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के फागली क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब पानी की पाइप की जांच करने पहुंचे एक कर्मचारी को झाड़ियों के बीच एक शव मिला। कर्मचारी ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जांच में मृतक की पहचान 43 वर्षीय अश्वनी के रूप में हुई है, जो फागली का निवासी था। अश्वनी के परिजनों ने 16 नवंबर को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेज दिया है, जबकि मामले की जांच जारी है।

### शिमला में आज से शुरू होगा लेखा सप्ताह, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग कल 21 नवंबर से शिमला में लेखा सप्ताह अर्थात ऑडिट वीक-2025 का शुभारंभ कर रहा है। यह कार्यक्रम गॉर्टन कैसल भवन परिसर स्थित महालेखाकार कार्यालय में आयोजित होगा, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि के रूप में शामिल होकर सुबह 11:30 बजे उद्घाटन करेंगे। ऑडिट वीक 2025 का आयोजन राष्ट्रीय लेखा एवं लेखा परीक्षा अकादमी, प्रधान महालेखाकार (ऑडिट) तथा प्रधान महालेखाकार (लेखांकन एवं अनुग्रहण) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान विभागीय कार्यों, लेखा प्रणाली, पारदर्शिता और ऑडिट प्रक्रियाओं से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम, प्रदर्शनी और चर्चाएं आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य जन वित्त प्रबंधन को और अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाना है।

### टाहलीवाल सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ऊना जिला के टाहलीवाल गांव में सुबह हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत और दो के घायल होने की घटना पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। दोनों नेताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### नावर-टिक्कर क्षेत्र की बंद बस सेवाएं बहाल करे सरकार : सुंदर डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा ने नावर-टिक्कर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बस सेवाएं बंद किए जाने को जनता के साथ अन्याय करार दिया है। उन्होंने कहा कि रोहड़ू-खड़ापत्थर-टिक्कर, टिक्कर-खड़ापत्थर-शिमला-मंडी और शिमला-कोटखाई-थरोला-देवरीघाट-टिक्कर मार्गों पर चलने वाली तीन अहम बसें बिना किसी कारण बंद कर दी गई हैं, जिनमें रोहड़ू डिपो की दो और शिमला डिपो की एक बस शामिल है। उनके अनुसार इससे पूरे क्षेत्र में आवाजाही ठप हो गई है और छात्रों, कर्मचारियों, मरीजों, बुजुर्गों सहित आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डोगरा ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री विकास के बड़े दावे करते हैं, लेकिन उनके ही क्षेत्र की जनता परिवहन सुविधा के अभाव में मुश्किलें झेल रही है। उन्होंने सरकार से इन बस सेवाओं को तुरंत बहाल करने की मांग की है।

### संजौली मस्जिद विवाद : देवभूमि संघर्ष समिति संजौली में आज करेगी चक्का जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** संजौली मस्जिद मामले को लेकर देवभूमि संघर्ष समिति का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी है। समिति के पदाधिकारी नगर निगम और जिला अदालत द्वारा अवैध घोषित ढांचे के बिजली और पानी के कनेक्शन तुरंत काटने की मांग पर अड़े हुए हैं। अनशन स्थल पर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासन बार-बार आदेशों के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहा, जिसके चलते आंदोलन तेज करना पड़ रहा है। समिति ने शुक्रवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन और संजौली में चक्का जाम का ऐलान किया है। सह संयोजक विजय शर्मा ने अभिभावकों से अपील की है कि आंदोलन के दौरान किसी तरह की असुविधा से बचने के लिए अपने बच्चों को स्कूल न भेजें। उन्होंने दावा किया कि विरोध प्रदर्शन में प्रदेशभर के विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# ऊपरी हिमाचल में अवैध शिकार से वन्य जीव संकट में

## मोनाल व दुर्लभ प्रजातियां खतरे में; शिकारियों की बढ़ती गतिविधि और विभागीय दावों के बीच संरक्षण की राह चुनौतीपूर्ण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** सर्द हवाओं की पहली सरसराहट के साथ ही ऊपरी हिमाचल के जंगलों में जैसे एक छिपी बेचैनी घिर आई है। परम्परागत सन्नाटा टूटने लगा है और पहाड़ी ढलानों के पार कहीं गूंजता बारूद का धुआं इस बात का संकेत दे रहा है कि शीतकालीन अवैध आखेट का मौसम फिर शुरू हो गया है। शिकारी दल रात की आड़ में अपने ठिकानों से निकलते हैं और बंदूकों की दन-दनाहट जंगलों के भीतर उस जीवन को चीरने लगती है जो प्रकृति ने सदियों से बड़ी महत्ता के साथ संजो कर रखा है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

जानकारी के अनुसार ऊपरी शिमला और उससे आगे सुदूरवर्ती वन परिक्षेत्रों में यह गतिविधि वर्ष दर वर्ष बढ़ती जा रही है। जैसे ही अंधेरा गहराता है, शिकारी अपनी गुप्त पगडंडियों से जंगल की ओर उतरते हैं। जिन जंगलों में घोरड़, काकड़, शाही, सानू, कस्तूरी, भूरा भालू और हिमालयी लोमड़ी जैसे वन्य जीव मिलते हैं, वहीं दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियां भी बड़ी संख्या में पाई जाती हैं। मोनाल, जंगली मुर्गी, काले तीतर, कुप्पड, चकोर और कई विदेशी-दुर्लभ प्रजातियां रात के समय सबसे आसान निशाना बन जाती हैं। कई बार शिकारी इतने सुनियोजित तरीके से वार करते हैं कि उनके पैरों के निशान तक सुबह नहीं मिलते। प्राकृतिक खाद्य श्रृंखला सबसे अधिक प्रभावित हो रही है, जिसका असर स्थानीय खेती से लेकर पर्वतीय पारिस्थितिकी तक दिखाई देने लगा है। हर वर्ष यह शिकार बढ़ता है और हर वर्ष प्रशासनिक वादे उससे भी आगे निकल जाते हैं।

स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि जब सर्दियों की रातें लंबी होने लगती हैं, तभी यह नेटवर्क सबसे अधिक सक्रिय होता है। गांवों के नजदीक तक गोपनीय रूप से पहुंचकर जानवरों को मारा जाता है, फिर उनके हिस्से आस-पास के बाजारों तक पहुंच जाते हैं। कई बार तो शिकारी दल इतने निडर हो जाते हैं कि खुले क्षेत्र में भी बंदूकें तानकर दुर्लभ पक्षियों का शिकार कर ले जाते हैं। लोगों का कहना है कि यदि यह क्रम यूं ही चलता रहा तो आने वाली पीढ़ियों को मोनाल और जंगली काकड़ जैसे पक्षी किताबों में ही देखने को मिलेंगे। यह संकट अब केवल जीव-जंतुओं का नहीं, बल्कि हिमालय की जैव-विविधता पर गहरा आघात है।

वन्य प्राणी विभाग हाल के दिनों में दावा कर रहा है कि अवैध शिकार की रोकथाम के लिए उसने कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग का कहना है कि पूरे प्रदेश में क्षेत्रीय अधिकारियों को चौकसी बढ़ाने, गश्त मजबूत करने और रात के समय विशेष निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही हो, अवैध खरीद-फरोख्त पर नजर रखी जाए और यदि कोई व्यक्ति वन्य जीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करता पाया जाए तो तुरंत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विभागीय दावों में यह भी जोड़ा गया है कि पुलिस से तालमेल बढ़ाया गया है और अवैध आखेट पर सख्ती की रणनीति लागू की जा रही है। हालांकि, जमीनी स्तर पर इन दावों की गूंज अब भी कमजोर पड़ रही है और यही वजह है कि सवालों का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

### प्राकृतिक तालमेल भी बिगाड़ा जा रहा

**मोनाल** जैसे राज्य गौरव के प्रतीक पक्षी हों या हिमालयी काकड़, तीतर, कुप्पड, जंगली मुर्गी या घोरड़ सभी आज भयावह संकट में हैं। शिकारियों की यह गतिविधि सिर्फ संख्या नहीं घटा रही, बल्कि उस प्राकृतिक तालमेल को भी बिगाड़ रही है जो हिमालय के पर्यावरण को संतुलित रखता है। जब जंगलों की रातें जीव-जंतुओं की स्वाभाविक आवाज़ों से भरें तभी प्रकृति का वास्तविक रूप सामने आता है। इसलिए अब समय है कि अवैध आखेट पर कठोर, सतत और वास्तविक कार्रवाई हो।

### कड़ी कार्रवाई की जरूरत

**जब** तक शिकारी गिरोहों पर प्रभावी शिकंजा नहीं कसा जाता और विभाग अपनी एंट्री केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि नियम के तहत दर्ज कराता है, तब तक हिमाचल के जंगलों की मौलिक सुंदरता सुरक्षित नहीं हो पाएगी। हिमालय का वैभव केवल उसकी चोटियों में नहीं, बल्कि उन पक्षियों और जानवरों में भी छिपा है जो उसे जीवंत बनाते हैं। इसलिए इस लड़ाई को अब किसी भी हालत में टाला नहीं जाना चाहिए।

# कांग्रेस सरकार के पास न नई योजनाएं, न नई सोच : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार सिर्फ रिबन काटने की राजनीति में व्यस्त है और पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं को दोबारा उद्घाटन कर अपना श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में जो भी विकास कार्य आज धरातल पर दिखाई दे रहे हैं, वे जयराम ठाकुर सरकार की दूरदृष्टि और योजनाओं का परिणाम हैं। कपूर ने कहा कि कांगड़ा हेलीपोर्ट इसका ताजा उदाहरण है, जिसकी स्वीकृति केंद्र की भाजपा सरकार और आधारशिला जयराम ठाकुर सरकार ने रखी थी, लेकिन आज कांग्रेस इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर जनता के सामने पेश कर रही है।



कपूर ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पर्यटन, कनेक्टिविटी और अवसंरचना विस्तार के लिए धर्मशाला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, सड़क निर्माण, एयर कनेक्टिविटी और अन्य परियोजनाओं पर तेजी से काम हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार न केवल नई योजनाओं से वंचित है, बल्कि पूर्व में किए गए कार्यों को नया रूप देकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। कपूर ने कहा कि हिमाचल की जनता सब जानती है और भाजपा तथ्यों के साथ ऐसे भ्रामक प्रचार का जवाब देती रहेगी तथा वास्तविक विकास की कहानी लोगों तक पहुँचाती रहेगी।

# ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ना भविष्य की मांग : पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विद्युत मंत्रालय द्वारा ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय अभियान-2025 के तहत बुधवार को राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एसजेवीएन की नींव हिमाचल में रखी गई थी और आज यह देश की अग्रणी नवरत्न कंपनियों में शामिल है। उन्होंने ऊर्जा उत्पादन और संरक्षण को देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच अत्यंत आवश्यक बताया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाइड्रो एनर्जी की विशाल संभावनाएं हैं और यहां लगभग साढ़े 12 हजार मेगावाट सालाना बिजली उत्पादन हो रहा है, जबकि क्षमता इससे ढाई गुना अधिक है। उन्होंने आगाह किया कि पर्यावरण संरक्षण अब विलंब से नहीं बल्कि तुरंत सामूहिक प्रयासों से होना जरूरी है। क्लाइमेट चेंज के बढ़ते प्रभाव और प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी ही भविष्य की आवश्यकता है। सौर, पवन और अन्य नॉन कन्वेंशनल ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के सहयोग के बिना इस दिशा में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। कार्यक्रम में एसजेवीएनएल के निदेशक पर्सनल अजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जिलों के 4,825 स्कूलों से 2 लाख 23 हजार 917 बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से यह प्रतियोगिता ऊर्जा संरक्षण पर बच्चों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है और करीब 20 लाख बच्चे इससे सीधे जुड़े हैं। इस वर्ष ग्रुप-ए और ग्रुप-बी दोनों श्रेणियों में 55-55 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय स्तर के लिए चुना गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए 50 हजार रुपए, द्वितीय के लिए 30 हजार और तृतीय स्थान के लिए 20 हजार रुपए पुरस्कार राशि निर्धारित की गई थी। दोनों ग्रुप में 10-10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए, जिनमें प्रत्येक विजेता को 7500 रुपए प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को 2000 रुपए और एलईडी बल्ब भी वितरित किए गए।



चित्रकला प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह बोलते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

# जेएनयू अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में खेम राज ने प्रस्तुत किया शोध पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 20 नवंबर को आयोजित इंडो ग्रीक रेवरबरेशन इन हिस्ट्री सोसायटी ट्रेड्स एंड इकोनामी विषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा शोधार्थी खेम राज ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह सेमिनार जेएनयू की यूनानी पीठ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें खेम राज ने प्राचीन यूनानी लेखकों मेगास्थनीज और स्ट्रैबो द्वारा वर्णित भारत का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि मेगास्थनीज लगभग 15 वर्ष भारत में रहा और उसकी रचना इंडिका भारत के सामाजिक, राजनीतिक और भौगोलिक जीवन का अमूल्य विवरण प्रस्तुत करती है। इसी इंडिका को आधार बनाकर स्ट्रैबो ने अपनी पुस्तक ज्योग्राफी में भारत का विस्तृत और आलोचनात्मक चित्रण किया। इंडिका के मूल स्वरूप के न मिलने पर आज स्ट्रैबो का ग्रंथ भारतीय इतिहास के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।

सेमिनार में खेम राज की प्रस्तुति शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों द्वारा अत्यंत सराहनीय मानी गई। प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होंने कई शोधार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सटीक और प्रमाणित उत्तर देकर अपने अध्ययन की गहराई को और मजबूत किया। खेम राज चंबा जिला के चुराह क्षेत्र के चांजू गांव से संबंध रखते हैं और वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में एम.ए. उत्तीर्ण कर चुके हैं। उनका यह शोध कार्य डॉ. अंजलि वर्मा के निर्देशन में तैयार किया गया है, जो हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में प्राध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं।

# एसएफआई शिमला का 38वां जिला सम्मेलन 22 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सम्मेलन और शिक्षा मुद्दों पर जानकारी देते पदाधिकारी।

एसएफआई शिमला जिला कमेटी ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी 38वां वार्षिक जिला सम्मेलन घोषित किया, जो 22 और 23 नवंबर को कालीबाड़ी हॉल में होगा। प्रेस वार्ता में शिमला शहरी सचिव प्रवेश, जिला सचिव पवन कुमार और सह सचिव विवेक मौजूद रहे। प्रवेश ने बताया कि सम्मेलन में शिमला जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों कॉलेज, विश्वविद्यालय, आईटीआई और स्कूलों से 250 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। एसएफआई ने कहा कि यह सम्मेलन प्रदेश की शिक्षा नीति पर गंभीर विमर्श का मंच बनेगा।

एसएफआई जिला सचिव पवन कुमार ने हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भी केंद्र की तर्ज पर शिक्षा का निजीकरण और बाजारीकरण बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर नई शिक्षा नीति का विरोध करती है, जबकि हिमाचल में इसे समानांतर लागू कर रही है, जिससे उसका दोहरा चरित्र उजागर होता है। एसएफआई के अनुसार पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में 818 स्कूल डीनोटिफाई हुए और 535 स्कूल मर्ज कर दिए गए। इसी अवधि में सरकारी स्कूलों से एक लाख से अधिक विद्यार्थियों का ड्रॉप आउट होना गंभीर चिंता का विषय बताया गया। संगठन ने दावा किया कि अप्रत्यक्ष रूप से बनाए जा रहे एससीए छात्र हितों की आवाज उठाने में पूरी तरह विफल हैं, जिससे कैंपस का जनवादी माहौल क्षीण हुआ है। संगठन ने छात्रों से शिक्षा बचाने की लड़ाई के लिए एकजुट होने की अपील की।

# हाईकोर्ट ने सांसद कंगना मामले में तय किए मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सांसद कंगना रनौत के चुनाव को चुनौती देने वाली किन्नौर निवासी लायक राम नेगी की याचिका में महत्वपूर्ण मुद्दे तय कर दिए हैं। जस्टिस ज्योत्सना रिवाल दुआ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को यह साबित करना होगा कि उन्होंने 15 मई 2024 को स्क्रूटनी के दिन अपने नामांकन पत्रों के साथ सभी आवश्यक नो-ड्यूज सर्टिफिकेट जमा किए थे और रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इन्हें न मानना कानूनी त्रुटि थी। दूसरी ओर कंगना और चुनाव आयोग को यह सिद्ध करना होगा कि फॉर्म 26 के तहत आवश्यक दस्तावेजों की अनुपस्थिति नामांकन रद्द करने का उचित और वैधानिक आधार था। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि सभी पक्ष अब अपने-अपने गवाहों और दस्तावेजों के साथ इन मुद्दों को साबित करेंगे। याचिकाकर्ता लायक राम नेगी का आरोप है कि उन्होंने 14 मई को नामांकन के साथ वन विभाग का नो-ड्यूज सर्टिफिकेट जमा किया था और बाकी विभागों बिजली, पानी, टेलीफोन के प्रमाणपत्र जमा करने के लिए उन्हें एक दिन का समय दिया गया था। उनका कहना है कि 15 मई को जब वे सभी दस्तावेज लेकर पहुंचे, तो रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें स्वीकार करने से मना कर दिया और बड़ी त्रुटि बताते हुए नामांकन खारिज कर दिया। इसी आधार पर उन्होंने मंडी लोकसभा चुनाव को रद्द कर पुन: मतदान करवाने की मांग की है। मामला अब गवाहियों के चरण में प्रवेश करेगा, जिसकी तिथियां रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल तय करेंगे।

# जुब्बल में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक बनाने की कवायद तेज : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में पंचायत प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बुधवार को उपमंडल जुब्बल के खड़ापत्थर में रोगी कल्याण समिति जुब्बल के सदस्यों के साथ बैठक कर नागरिक चिकित्सालय में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय आनंद, डॉ. सुनीश चौहान सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. सुनीश चौहान ने वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। अस्पताल में मरीजों की सुविधा बढ़ाने के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उनकी स्थिति पर भी चर्चा हुई।

बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि जुब्बल में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए सरकार निरंतर कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई विशेषज्ञ डॉक्टर जुब्बल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिससे स्थानीय जनता को राहत मिली है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों को रोगी कल्याण समिति की धनराशि को संतुलित और विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने के निर्देश देते हुए कहा कि संस्थान को बेहतरी की दिशा में लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।

बैठक में रोहित ठाकुर ने नागरिक चिकित्सालय के लिए ईसीजी और आरवीजी मशीनों की खरीद को मंजूरी प्रदान की, साथ ही एक्स-रे मशीन को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सर्दियों के मौसम को देखते हुए मरीजों के लिए बिजली हीटर, कंबल और साफ पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल की पानी की टंकियों की सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएख ताकि मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध रहे। इसके बाद शिक्षा मंत्री ने जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ व्यापक बैठक कर निर्देश दिए कि आपदा उपरांत क्षतिग्रस्त सड़कों और भवनों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता पर तेजी से आगे बढ़ाया जाए, ताकि सर्दियों में आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में एसडीएम जुब्बल-कोटखाई गुरमीत नेगी, रोहड़ू वृत्त के अधीक्षण अभियंता प्रमोद उप्रेती सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# वोट चोरी के खिलाफ हिमाचल युवा कांग्रेस का शिमला में विरोध प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने शिमला में वोट चोरी के खिलाफ एक अत्यंत सशक्त और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए राजभवन का घेराव किया। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से शुरू हुई यह विरोध रैली लोकतांत्रिक ढांचे में कथित चुनावी धांधलियों, मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर और फर्जी वोटर आईडी को लेकर उठ रहे सवालों के बीच एक बड़ा राजनीतिक संदेश देती दिखाई दी। युवा कांग्रेस ने इन घटनाओं को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए एक विस्तृत ज्ञापन राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा।


हिमाचल युवा कांग्रेस वोट चोरी के विरोध में शिमला स्थित राजभवन के बाहर प्रदर्शन करते हुए।

कांग्रेस भवन में विरोध-यात्रा के रवाना होने से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा प्रतिभा सिंह ने युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि यह संघर्ष केवल एक चुनाव नहीं बल्कि संविधान की रक्षा का राष्ट्रीय मिशन है। उन्होंने कहा कि देशभर से मतदाता सूचियों में छेड़छाड़, नाम विलोपन और फर्जी वोटर कार्ड जैसी शिकायतों के बीच कांग्रेस का यह आह्वान लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम है। प्रदेश युवा कांग्रेस की जागरूकता, अनुशासन और मजबूत भागीदारी को उन्होंने लोकतांत्रिक संघर्ष की शक्ति बताया।

युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि जब एक ही फोटो से कई फर्जी वोटर आईडी बन जाएं, लाखों नाम सूची से गायब हो जाएं और चुनाव आयोग इन गंभीर अनियमितताओं पर चुप रहे, तो यह सिर्फ वोट चोरी नहीं बल्कि संविधान से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का युवा लोकतंत्र की इस चोट को चुपचाप नहीं सह सकता, इसलिए राष्ट्रपति से मांग की गई है कि इन शिकायतों की उच्च स्तरीय जांच तुरंत कराई जाए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल निलंबित किया जाए। विरोध के दौरान राजभवन के बाहर प्रधानमंत्री का पुतला भी जलाया गया और चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर विरोध स्वरूप स्टिकर लगाए गए।

# कुफरी स्कूल के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी में वीरवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक मोहन लाल मेहता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि रणजीत राणा, हीरा सिंह कंवर, कुलदीप वालिया और देवेंद्र अत्री विशिष्ट अतिथि रहे। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने मुख्यातिथि सहित सभी गणमान्यों का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कला संकाय की 12वीं कक्षा में अमन ने 93 प्रतिशत, देवयांशी ने 89.4 प्रतिशत और जतिन चौहान ने 85.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं 10वीं कक्षा में श्रुति, रंजना और अनुज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मंच संचालन की जिम्मेदारी स्कूल के वरिष्ठ प्रवक्ता रणवीर सिंह ने बखूबी निभाई।

**अभियान** — अध्यापकों के लिए नई शैक्षणिक क्रांति की शुरुआत

# कैंब्रिज विश्वविद्यालय के सहयोग से हिमाचल प्रदेश में आधुनिक मूल्यांकन मॉडल हुआ लागू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की स्कूली शिक्षा एक बड़े परिवर्तन का साक्षी बन रही है। कक्षा में अधिगम को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक ऐसा प्रशिक्षण अभियान शुरू किया है, जो अध्यापन की दिशा और दृष्टि दोनों बदलने की क्षमता रखता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप तैयार यह कार्यक्रम शिक्षकों को मूल्यांकन की आधुनिक पद्धतियों में दक्ष बनाकर शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाई देने की कोशिश कर रहा है।

जानकारी के अनुसार समग्र शिक्षा के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार ने कौन्व जीनियस स्टार और कैंब्रिज विश्वविद्यालय के सहयोग से व्यापक कक्षा-मूल्यांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का लक्ष्य राज्य के 33,000 से अधिक सरकारी अध्यापकों को ब्लूम्स वर्गीकरण पद्धति, ज्ञान-समझ-अनुप्रयोग आधारित प्रश्नपत्र निर्माण, अवधारणात्मक मूल्यांकन और सुधारात्मक अधिगम तकनीकों में निपुण बनाना है। शिमला, मशोबरा, सुन्नी और कसुम्पटी शिक्षा खंडों में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें प्राथमिक से लेकर माध्यमिक स्तर तक के अध्यापक भाग ले रहे हैं।

- **राज्यभर के 33,000 सरकारी अध्यापकों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू**
- **ज्ञान-समझ-अनुप्रयोग आधारित प्रश्नपत्र निर्माण पर विशेष जोर**

### प्रशिक्षण का तरीका और व्यवहारिक मॉडल

**जिला** स्तरीय इन कार्यशालाओं में मास्टर प्रशिक्षक अध्यापकों को प्रश्नपत्र निर्माण के चरणों, विषयवार खाका तैयार करने, अधिगम परिणामों के अनुरूप प्रश्न चुनने, उत्तर पुस्तिकाओं का विश्लेषण करने तथा सुधारात्मक शिक्षण विधियों की गहन जानकारी दे रहे हैं।

#### ऑनलाइन अध्ययन-मॉड्यूल स्विफ्टचैट मंच पर उपलब्ध

**डिजिटल** स्तर पर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा तैयार ऑनलाइन अध्ययन-मॉड्यूल स्विफ्टचैट मंच पर उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन भी प्राप्त हो रहा है। वहीं शिक्षक मंच पर शिक्षक अपने अनुभव और नवाचार साझा कर परस्पर सहयोगात्मक अधिगम की संस्कृति को मजबूत कर रहे हैं।

# चक्की-जौंटा फोरलेन के निर्माण की धीमी रफ्तार को अब मिली धार

## एक फ्लाईओवर, तीन बड़े और सोलह छोटे पुल बनेंगे, मार्च 2026 तक जौंटा तक फोरलेन का कार्य होगा पूरा

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** पठानकोट-मंडी के लिए बन रहे फोरलेन का निर्माण कार्य जारी है। इस फोरलेन में चक्की से जौंटा तक के कार्य की रफ्तार जो पहले धीमी थी, अब उसने धार ले ली यानी काम गति पकड़ गया है। फोरलेन के इस पैच में एक फ्लाईओवर, 16 छोटे और 3 बड़े पुलों का निर्माण होगा। इस पैच के चल रहे कार्य का जिला प्रशासन भी निरीक्षण कर चुका है।

वहीं, इस पैच के कार्य के मार्च 2026 तक पूरा होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि पहले धीमे चल रहे कार्य के चलते लोग असमंजस में थे कि जब कार्य पूरा होगा। धूल-मिट्टी से हर कोई परेशानी झेल रहा है, लेकिन जिस तरह से मार्च 2026 का लक्ष्य चक्की से जौंटा तक के कार्य को पूरा करने का तय किया गया है, उससे लोगों को भी उम्मीद है कि जल्द इस पैच का कार्य पूरा होगा।

### पुल निर्माण वाले स्पॉट कवर करने में लगेगा समय

फोरलेन का कार्य गति पकड़ चुका है, लेकिन कई ऐसे स्पॉट हैं, जहां छोटे व बड़े पुलों का निर्माण होना है, उन स्पॉट को अभी कवर करने में समय लग सकता है। वैसे भी पुल निर्माण लंबी प्रक्रिया है, ऐसे में पुल निर्माण स्थलों के अलावा फोरलेन के अन्य पैच को मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।



जसूर में चल रहा फ्लाईओवर का कार्य।

### फ्लाईओवर में डाले जा रहे गार्डर

पठानकोट-मंडी फोरलेन में जसूर में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। फ्लाईओवर के पिल्लर काफी समय पहले बन चुके थे, जिन पर अब गार्डर डालने का कार्य चल रहा है। फोरलेन की जद में जसूर बाजार न आए। इसके चलते यहां पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार फोरलेन के इस पैच के मंद पड़े कार्य पर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने भी संज्ञान लिया था। धीमे कार्य के चलते ठेकेदार बदला गया और अब निर्माण में तेजी आई है।

### ट्रांसमिशन टॉवर शिफ्टिंग को भूमि उपलब्ध

**चंबी** में निर्माणाधीन फोरलेन पुल के पास से गुजर रही बिजली की हाई ट्रांसमिशन केबल्स का भी समाधान किया जा चुका है। इसके टावर को अन्यत्र शिफ्ट किया जाना था, जिसके लिए भूमि की जरूरत थी। ऐसे में भूमि संबंधी दस्तावेज हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन उपलब्ध करवा दिए गए हैं। हाई ट्रांसमिशन की शिफ्टिंग होने के साथ चंबी में भी पुल जल्द बनकर तैयार हो जाएगा।

अनंत ज्ञान मुद्दा



जौंटा के पास निर्माणाधीन फोरलेन।

### क्या कहते हैं डीसी कांगड़ा

डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा का कहना है कि चक्की से जौंटा तक फोरलेन का कार्य बंद पड़ा था। जिस पर एक्शन लेकर ठेकेदार बदला तो निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। हाल ही में फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। जसूर में बन रहे फ्लाईओवर में गार्डर रखे जा रहे हैं। चक्की से जौंटा तक के फोरलेन कार्य को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है, एक-दो जगह जहां पुल बनने हैं, उन स्पॉट को छोड़कर, क्योंकि पुल के निर्माण कार्य में समय लगता है। अगले वर्ष मार्च तक चक्की से जौंटा तक के पैच को तैयार कर दिया जाएगा। चंबी में चल रहे फोरलेन कार्य के चलते हाई ट्रांसमिशन को बदलने का कार्य चल रहा है, जिसकी एवज में पैसा जमा करवाया जा चुका है। दूसरी जगह टॉवर स्थापना हेतू भूमि की जरूरत थी, जिसके दस्तावेज हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड उपलब्ध करवा दिए गए हैं। ट्रांसमिशन शिफ्टिंग होने के साथ चंबी में भी पुल जल्द बनकर तैयार हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रों ने निकाली रैली



**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** गरली पंचायत में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने पंचायत प्रधान शशि लता के नेतृत्व में तंबाकू-विरोधी जागरूकता अभियान चलाया। प्रधनाचार्य ललित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टर और नारों के जरिए तंबाकू के दुष्प्रभाव बताए तथा गरली क्षेत्र में रैली निकाली। नेहा, सोनिका, शगुन, सविता और रीता ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की। शशि लता ने सभी को तंबाकू मुक्त पंचायत बनाने की शपथ दिलाई।

### तंबाकू मुक्त युवा 3.0 अभियान के तहत निकाली रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के भावी शिक्षकों ने तंबाकू मुक्त युवा 3.0 अभियान के तहत रैली निकाली, जिसे डॉ. बीना सी नायर ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। रैली के बाद रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने तंबाकू के दुष्प्रभावों पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। सैनिक कल्याण बोर्ड के पास तंबाकू मुक्त क्षेत्र की पीली रेखा भी चिह्नित की गई। शालिनी ठाकुर, कैलाश ठाकुर और प्रो. युगराज सिंह को तंबाकू निरीक्षक नियुक्त किया गया।

### कैंप में 60 बच्चों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, गरली।** समग्र शिक्षा विभाग धर्मशाला के सौजन्य से देहरा में स्पीच एवं फिजियोथेरेपी कैंप आयोजित किया गया, जिसमें देहरा, रक्कड़, खुंडियां और डाडासीबा क्षेत्र के करीब 60 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। चलन, श्रवण, दृष्टि और वाणी बाधित बच्चों की विशेषज्ञ टीम ने जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। कई बच्चों को व्हीलचेयर भी प्रदान की गई। आने-जाने का किराया और भोजन की व्यवस्था से अभिभावकों ने संतोष व्यक्त किया। कैंप ने बच्चों और परिवारों में नया उत्साह भरा।

### तंबाकू मुक्त जीवन जीने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां कॉलेज में तंबाकू मुक्त जीवन शपथ समारोह बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने बीड़ी, सिगरेट, गुटका और अन्य तंबाकू उत्पादों से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने नशे से दूर जीवन की महत्ता समझाई। प्राध्यापकों ने तंबाकू के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव बताए। समारोह में डॉ. सुरेंद्र सोनी, प्रो. सलिल सागर, प्रो. सीमा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. माधवी पराशर और अन्य मौजूद रहे।

### नेशनल इंश्योरेंस की वर्कशॉप आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बिजनेस ऑफिस के माध्यम इंश्योरेंस एजेंट्स, पीओएसएस, कारपोरेट एजेंटस, सर्वेयरों एवं कस्टमर्स की वर्कशॉप आयोजित की गई जिस की अध्यक्षता चीफ बिजनेस मैनेजर सुभाष चंद मुसाफिर ने की एवं सीनियर सर्वेयर राकेश सूद ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को नई बीमा पॉलिसियों यथा नेशनल राज राजेश्वरी वूमेन फ्रीडम पॉलिसी, नेशनल टीचर्स सुरक्षा पॉलिसी एवं गृह रक्षा कवच पॉलिसी आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

### भागे चार छात्र सुरक्षित वापस लाए गए

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** एंजल्स पब्लिक स्कूल के चार छात्र प्रबंधन के साथ मतभेद के कारण मंगलवार-रविवार की रात को स्कूल से भाग गए। डीएसपी सिटी जगदीश राज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बच्चों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुरक्षित रिकवर किया। एसएसपी दलजिंद्र सिंह ढिल्लों ने बताया कि बच्चों ने खुद योजना बनाई थी और रात में स्कूल छोड़ दिया। बच्चों के पास सीमित पैसे और आधे के पास मोबाइल फोन थे, जिससे लोकेशन ट्रेस कर संपर्क किया गया। पुलिस ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से उन्हें अभिभावकों के सुपुर्द किया। पुलिस ने इस घटना से बच्चों की मानसिक स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

## आईटी शाहपुर में तीन दिवसीय नेशनल नेचर कैंपिंग प्रोग्राम संपन्न

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** आईटीआई शाहपुर द्वारा 18 से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय नेशनल नेचर कैंपिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंबा जिले के 15 एजुकेशनल ब्लॉकों के 33 स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षक भाग लिए। पहले दिन प्रतिभागियों ने पालमपुर साइंस सेंटर का शैक्षणिक दौरा किया और टी गार्डन में नेचर वॉक में वनस्पति, पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की। दूसरे दिन छात्रों को आईटीआई शाहपुर का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनंदा पठानिया ने किया। अंतिम दिन सर्टिफिकेट वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. राजेश शर्मा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## धर्मशाला में 4 दिसंबर को सुक्खू सरकार की घेराबंदी की तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने वीरवार को अपने धर्मशाला प्रवास के दौरान सर्किट हाउस धर्मशाला में संगठनात्मक जिला कांगड़ा भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 4 दिसंबर को होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान सुक्खू सरकार को चारों तरफ से घेरने की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।

**तपोवन विधानसभा के बाहर भाजपा करेगी प्रदर्शन**

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि कांग्रेस सरकार के झूठे वादों, ठप स्वास्थ्य सेवाओं, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, झूठी गारंटियों, कर्मचारियों की वेतन-पेंशन समस्याओं तथा प्रशासनिक नाकामियों को लेकर भाजपा इस बार एक ऐतिहासिक और विशाल प्रदर्शन करने जा रही है। विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तीन साल में हिमाचल को बदहाली की राह पर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई हुई हैं, अस्पताल स्टाफ व संसाधनों के अभाव में जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार सिर्फ कागजों पर काम करके वाहवाही लूट रही है।

भाजपा ने दावा किया कि 4 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश का जनमानस कांग्रेस सरकार का पर्दा पाश करेगा। भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा कि अब जनता की आवाज दबाई नहीं जाएगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि 4 दिसंबर को धर्मशाला सरकार के विरुद्ध एक ऐतिहासिक जन-गर्जना का गवाह बनेगा।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस धर्मशाला में हुई संगठनात्मक जिला कांगड़ा भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक।

## बजरंग दल ने धर्मशाला में निकाली रैली, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

### संजौली में दर्ज एफआईआर के विरोध में आंदोलन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बिना पंजीकरण के प्रदेश में रह रहे लोगों की वेरिफिकेशन व अन्य मांगों को लेकर वीरवार को बजरंग दल की ओर से जिला मुख्यालय धर्मशाला में रैली निकाली गई। इस दौरान जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा गया।

इस अवसर पर बजरंग दल प्रदेश सह संयोजक रोहित चौहान सहित अन्य पदाधिकारी विश्व हिंदू परिषद के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। रोहित चौहान ने कहा कि पिछले कुछ समय से बाहरी राज्यों के लोग हिमाचल में बिना पंजीकरण के रह रहे हैं। उनके पास अधिकारिक पहचान पत्र भी नहीं होते। हाल ही में सुंदरनगर में एक नाबालिग बच्ची का पीछा करते हुए बाहरी युवक पाया गया, जो भी लोग बाहरी राज्यों से आने लोगों की सही ढंग से छानबीन की जाए कि यह लोग क्या करते हैं और किस राज्य से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया है, जिससे कि ऐसे लोगों की जांच पड़ताल की जा सके।

**बजरंग दल का आंदोलन खोल देगा सरकार की आंखें : रोहित**

रोहित चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन से यही आग्रह है कि हमारा ज्ञापन राज्यपाल के समक्ष पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि संजौली में हमारे लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है, उसके विरोध में शुक्रवार को संजौली में प्रदेशस्तरीय आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार कहती है कि वे 97 फीसदी हिंदूओं को हराकर सत्ता में आई है, शुक्रवार के आंदोलन से प्रदेश सरकार की आंखें भी खुल जाएंगी।

## साईं स्कूल स्लेट गोदाम के बच्चों ने निकाली रथयात्रा



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** सत्य साईं बाबा की जयंती पर साईं स्कूल स्लेट गोदाम के विद्यार्थियों ने भव्य रथयात्रा निकाली, जो नरवाना, योल से होती हुई रक्कड़ मार्ग से होती हुई आगे बढ़ी।

वापस स्कूल प्रांगण में ही समाप्त हुई। पूरे मार्ग में बच्चों ने प्रेम, शांति और मानवता के संदेश को देवलोक की तपस्वी परंपरा की तरह सरल शब्दों में, किंतु गहरी अनुभूति के साथ जन-जन तक पहुंचाया। यात्रा में शामिल बच्चों के चेहरों पर भक्ति और उल्लास एक साथ झलक रहे थे। कहीं भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंज रही थी, तो कहीं छात्र नन्हे कदमों से 'सर्व धर्म समभाव' का संदेश लोगों तक पहुंचा रहे थे। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह रथ यात्रा का स्वागत किया और मिठाई-प्रसाद वितरित कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। शिक्षकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ समाज और नैतिक मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है।

## धर्मगुरु के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर जामयांग की साइकिल यात्रा संपन्न

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के 90वें जन्मदिन के उपलक्ष्य पर देहरादून निवासी जामयांग तेन्जिन की बायलाकुप्पे से धर्मशाला तक सातवीं सोलो साइकिल रैली का वीरवार को मैक्लोडगंज में समापन हुआ। इससे पहले जामयांग तेन्जिन धर्मशाला से बोधगया की 3 हजार किलोमीटर, बायलाकुप्पे से डेक्यिंलिंग देहरादूर के लिए 3 हजार किलोमीटर, डेक्यिलिंग से दिल्ली 250 किलोमीटर,खारदुंग ला (लद्दाख) से धर्मशाला 800 किलोमीटर, तवांग (अरुणाचल प्रदेश) से दिल्ली 3900 किलोमीटर, शिमला, मनाली और धर्मशाला होते हुए डेक्यिलिंग से दिल्ली 1500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके हैं। रैली का उद्देश्य तिब्बत के प्रति जीवन भर के समर्पण और शांति, प्यार और दया के उनके ग्लोबल संदेश के लिए परम पावन महान 14वें दलाई लामा का गहरा आभार जताना,भारत की समृद्ध नालंदा परंपरा को बचाने और भारत-तिब्बत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने में परम पावन के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सात दशकों से ज्यादा समय तक परम पावन और तिब्बती निर्वासित समुदाय की मेज़बानी करने के लिए भारत सरकार और लोगों के अटूट समर्थन के लिए आभार जताना रहा। यात्रा के दौरान, तेन्जिन ने से-ड्रे-गासुम के तीन बड़े मठों समेत अन्य मठों और मंदिरों का दौरा कर धर्मगुरु की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। इस दौरान काफी संख्या में निर्वासित तिब्बती लोगों सहित विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे।

**यात्रा के दौरान जामयांग ने की धर्मगुरु की दीर्घायु की प्रार्थना**

## अस्थायी उत्तर कुंजियां वेबसाइट पर अपलोड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड की ओर से राज्य मुक्त विद्यालय की 8वीं, दसवीं व 12वीं की सितंबर/अक्तूबर 2025 में आयोजित की गई सभी विषयों की परीक्षाओं के बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) की अस्थाई उत्तर कुंजियां बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं से संबंधित उत्तर कुंजियों में दर्ज उत्तरों के संबंध में यदि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्तियां प्रमाणित तथ्यों सहित 25 नवंबर तक अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को ईमेल द्वारा भेज सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां हस्ती तौर पर भी कार्य दिवस में बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। 25 नवंबर के उपरांत उत्तर कुंजी से संबंधित किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से आपत्तियों को दर्ज करवाने वाले/भेजने वाले अभ्यर्थी 25 नवंबर सायं पांच बजे तक अपनी आपत्तियां बोर्ड कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रमाणिकृत तथ्यों से रहित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में अस्थाई उत्तर कुंजी को ही अंतिम उत्तर कुंजी माना जाएगा।

**25 तक दर्ज करवा सकेंगे आपत्तियां**

## अब कांगड़ा एयरपोर्ट पर 3 विमानों की होगी पार्किंग

### एप्रन एक्सटेंशन और नए टैक्सी-वे के निर्माण का हुआ भूमि पूजन



भूमि पूजन करते विमानपत्तन निदेशक अमित कुमार सकलानी।

**अनंत ज्ञान, गगल**

**कांगड़ा** हवाई अड्डे पर शुरू हो रहे एप्रन विस्तार और नए टैक्सी-वे के निर्माण कार्य को विमानपत्तन निदेशक अमित कुमार सकलानी द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। सहायक महाप्रबंधक (अभियांत्रिकी-सिविल) एवं इस कार्य के प्रभारी अभियंता शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में कांगड़ा हवाई अड्डे पर जहाजों के पार्किंग के लिए केवल 2 ही स्टैंड हैं तथा एक टैक्सी-वे है।

इस कार्य के पूर्ण होने के उपरांत यहां 3 पार्किंग स्टैंड के साथ 2 टैक्सीवे भी हो जाएंगे, जिससे आने वाले समय में कांगड़ा हवाई अड्डे पर अधिक जहाजों का संचालन सुगमता के साथ किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टर्मिनल बिल्डिंग की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। इस मौके पर कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधि लकी बिंदल, कांगड़ा हवाई अड्डे के सभी विभागाध्यक्ष, सभी एयरलाइंस के प्रतिनिधि, मौसम विभाग प्रभारी, हवाई अड्डा पुलिस एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## स्कूलों में बच्चों को योग, प्राणायाम व आध्यात्मिक ज्ञान से शिक्षित करने की आवश्यकता : श्रीश्री रविशंकर

**एजुकेटर मीट में 53 स्कूलों के चेयरमैन और प्रिंसिपल्स ने लिया भाग**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आर्ट ऑफ लिविंग के कैलाश आश्रम धर्मशाला में एजुकेटर मीट का आयोजन किया गया। इसमें ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, बिलासपुर और चंबा जिले के 53 स्कूलों के चेयरमैन और प्रिंसिपल्स ने भाग लिया। इन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या 42000 से ऊपर है। एजुकेटर मीट में उपस्थित सभी अध्यक्षों और प्रिंसिपल्स को गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर ने संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि आज स्कूलों में शिक्षा पा रहे बच्चों के लिए योग, ध्यान, प्राणायाम एवं आध्यात्मिक ज्ञान से शिक्षित करने की अति आवश्यकता है, क्योंकि आज स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों में गहन तनाव के कारण डिप्रेशन जैसे नकारात्मक भावनाएं बढ़ रही हैं। छात्रों को तनाव और एग्जाम एंजायटी से बचने के लिए योग प्राणायाम एवं आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा देकर हम सब अभिभावक अध्यापक मिलकर के उन्हें तमामुक्त होने का मार्ग बात कर ही उनके भविष्य को सवार जा सकते हैं तथा उन्हें मानसिक और शारीरिक दृष्टि से शक्तिशाली बनाया जा सकता है। इस दिशा में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था पूरे प्रदेश देश और विश्व में निरंतर प्रयास कर रही है।



कैलाश आश्रम धर्मशाला में एजुकेटर मीट का आयोजन किया गया।

# निजी बस ऑपरेटर्स रविवार को नहीं चलाते बसें, अब होंगे परमिट रद्द्

## जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में फिर उठा यह मामला, दिए आदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

- कृषि एवं पशुपालन मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक



धर्मशाला में जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कृषि मंत्री प्रो.चंद्र कुमार।

**कांगड़ा** जिले के कई क्षेत्रों में रविवार को निजी बस ऑपरेटर्स की ओर से रूटों पर बसों का संचालन न करने का मामला वीरवार को एक बार पुन: जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में उठा। इस पर समिति ने ऐसे आपरेटर्स के परमिट रद करने के आदेश हैं। समिति की बैठक हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

समिति की बैठक में उठे उक्त मामले पर आटीओ कांगड़ा ने कहा कि समिति के समक्ष पिछली बैठक में भी ऐसी शिकायतें आई थी, जिस पर चंगर क्षेत्र में निरीक्षण कर, रविवार को बसें न चलाने वाले आपरेटर्स को विभाग की ओर से नोटिस जारी किए गए थे। बस सेवाएं न देने पर आरटीए की बैठक में परमिट के नियमों की अवहेलना करने पर पेनाल्टी लगाने के आदेश समिति ने दिए हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति और जनजाति बहुल गांवों में बिजली, पेयजल और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि इन क्षेत्रों का संतुलित विकास हो सके। बैठक में समिति के गैर सरकारी सदस्यों ने संपर्क मार्गो के सुधार, स्कूलों में अध्यापकों के खाली पदों को भरने, विद्युत, स्वास्थ्य, पेयजल, सीवरेज से संबंधित करने के मुदद्दे उठाए तथा सभी मुद्दों का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध समाधान करने के लिए अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी।

**सहकारी सभाओं के चुनावों में विभाग लाए और निष्पक्षता:** पंचायतों में बनी सहकारी सभाओं के चुनावों को लेकर लोगों की शिकायतें आने के बाद समिति ने विभाग को निर्देश दिए की विभाग सहकारी सभाओं के चुनावों को लेकर और निष्पक्षता लाए। समिति ने विभाग को निर्देश दिए की आगामी होने वाले सहकारी सभाओं के चुनावों सभा के दो तिहाई सदस्य आने के बाद ही चुनाव करवाया जाए तथा चुनाव के दौरान विभाग का एक अधिकारी उक्त सभा के चुनाव में उपस्थित होना चाहिए। इसके साथ ही चुनाव में वीडियोग्राफी आदि का भी प्रावधान हो ताकि यदि कोई चुनाव में हेरा-फेरी का शिकायत दर्ज करवाए तो उसे वीडियोग्राफी दिखाई जा सके। समिति ने चुनावों को लेकर एक एसओपी बनाने के निर्देश भी विभाग को दिए है, ताकि भविष्य में भी उन्हें लागू किया जा सके।

## नींबू प्रजाति के फलों के विपणन को सुदृढ़ करने पर जोर

**कृषि** मंत्री ने नींबू प्रजाति के फलों के विपणन को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि उत्पादकों की आय बढ़ाने के लिए इनके पल्प और कन्संट्रेट तैयार कर विपणन की दिशा में ठोस पहल की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को इस दिशा में योजनाबद्ध प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फसलों को जानवरों से बचाने के लिए कांटेदार तार लगाने पर सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग समूह बनाकर इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। मंत्री ने सुझाव दिया कि किसान अदरक, धनिया और हल्दी की खेती भी बढ़ाएं, जिन्हें बंदर नुकसान नहीं पहुंचाते। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कूहलों की समयबद्ध मरम्मत कर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से भी लावारिस पशुओं की समस्या के समाधान में अपनी जिम्मेदारी समझने की अपील की।

## हैप्पी बर्थडे



बढलठोर के विकास कश्यप नामदेव को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## धारकंडी का विकास मेरी प्राथमिकता : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास एवं पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिए व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। यह बात शाहपुर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने पंचायत दरीणी में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जा रही हैं। पठानिया ने वीरवार को सराली का फेरा में 3.50 लाख से वर्षाशालिका का शिलान्यास किया।

इसके साथ ही उन्होंने टहल माता में 2 लाख रुपए निर्मित वर्षाशालिका का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया ने टहल माता में 3 लाख से बने महिला मंडल भवन का लोकार्पण किया और दरीणी में आम जनता से मिले तथा उनकी समस्याएं सुनीं। पठानिया ने टहल राजकीय प्राथमिक पाठशाला का औचक निरीक्षण कर बच्चों से मिले। इसके बाद उन्होंने भलेड़ चैक में वर्षा शालिका का लगभग 2 लाख उद्घाटन किया। उन्होंने दरीनी में 7 लाख की लागत से बने सीएचसी भवन का उद्घाटन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 'एक पौधा मां के नाम' के तहत रोपे पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के ईको क्लब ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया और एक पौधा मां के नाम के तहत छात्रों और शिक्षकों द्वारा 600 से अधिक सजावटी पौधे क्यारियों में रोपे गए। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बीना सी नायर ने कहा कि एक सामुदायिक पहल जिसमें प्रतिभागी हरित क्षेत्र को बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए पेड़ लगाते हैं। यह पारिस्थितिक तंत्र को बहाल करने में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और प्रकृति संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है, जिससे जैव विविधता और वायु गुणवत्ता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### धर्मशाला में राष्ट्रीय शोध कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में आयोजित पीएम ऊषा मेरु की ओर से वित्त पोषित शोध प्रविधि, मानविकी एवं वाणिज्यिक विषय पर आधारित साप्ताहिक कार्यशाला के चतुर्थ दिवस पर उच्च शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. प्रेम भारद्वाज ने अनुसंधान डिजाइन और अनुसंधान परियोजना तथा क्षेत्र अध्ययन विधियां विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाजशास्त्र को शोध आधारित वैज्ञानिक विधि द्वारा जानने पर बल दिया तत्पश्चात कार्यशाला के तृतीय सत्र में केंदीय विश्वविद्यालय धर्मशाला, राजनीति विज्ञान विभाग से प्रो. मृदुला शारदा ने सामाजिक विज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी में अनुसंधान विषय तथा चतुर्थ सत्र में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. कमल सिंह ने डेटा विश्लेषण एसटीएटीए, एसपीएसएस सहित विषय पर व्याख्यान दिया।

### देवेंद्र जग्गी ने स्कूल मंच बनाने को दिए 2 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकोह में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य रोमा सोयल ने की। पूर्व महापौर देवेंद्र सिंह जग्गी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य ने विद्यालय वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि ने स्कूल मंच बनवाने के लिए दो लाख, स्कूल में शौचालय के निर्माण के लिए दो लाख व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। मुख्यातिथि ने अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय की अन्य गतिविधियों में भाग लेने को प्रेरित करें व नशे जैसी बुराइयों से दूर रखें।

### कदरेटी पुल से 26 तक बंद रहेगा यातायात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि देहरा उपमंडल के तहत कदरेटी पुल से पीरबिन्दली सडक़ के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 26 नवंबर तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान वाहनों की आवाजाही के लिए वाया बस्सा-जरपाल बलदोआ-हारचकियां-लंज व सपेल-करलू-परगोर- हारचक्कियां-लंज मार्गों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### कनेड चौक रोड यातायात के लिए 26 से होगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अधिसूचना जारी की है कि विधानसभा भवन, तपोवन (धर्मशाला) में होने वाली शीतकालीन विधानसभा शीत सत्र के चलते 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक जोरावर स्टेडियम सिद्धबाडी से कनेड चौक मार्ग यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### स्वयंसेवियों ने किए कोटे वाली माता के दर्शन

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब।** पीएम श्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजा का तालाब में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कोटे वाली माता के दर्शन किए। सभी स्वयंसेवी 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मंदिर परिसर पहुंचे। प्रधानाचार्य डॉ. इंद्र सिंह ने बताया कि स्वयंसेवियों ने बड़े उत्साह के साथ माता का भजन कीर्तन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य के अलावा एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, मंजू अत्री, बंदना गुलेरिया, ऋषि कुमार, और केवल कुमार सहित कुल 50 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### एनसीसी-डे पर 62 यूनिट किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एनसीसी डे के अवसर पर 5 एचपी बटालियन एनसीसी धर्मशाला की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में पीजी कॉलेज धर्मशाला, डीएवी कॉलेज कांगड़ा, जीसी टिक्कर और एचआईईटी शाहपुर के कैडेट्स ने भाग लिया। 62 कैडेट्स ने 62 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम लेफ्टिनेंट कर्नल अमनदीप सिंह के मार्गदर्शन में संचालित हुआ।

## तपोवन में नहीं, कहीं और बनाएं कन्वेंशन सेंटर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

- पीएमओ ने कमेटी के पत्र पर प्रदेश सरकार को आदेश किए जारी
- वन सुधार कमेटी के पत्र पर सीएमओ से नहीं आया कोई जवाब

जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप तपोवन में नहीं, बल्कि कन्वेंशन सेंटर कहीं और बनाया जाए। इस संबंध में पीएमओ से सीएमओ को आदेश जारी किए गए हैं।

तपोवन के समीप रसां की वन सुधार कमेटी ने तपोवन में कन्वेंशन सेंटर न बनाने के संबंध में पत्र लिखा था, जिसका जवाब न आने पर कमेटी ने पीएमओ को पत्र लिखा, जिसका जवाब आ गया है। कमेटी के प्रधान श्रीचंद व मुख्य सचिव लाल चंद चौधरी ने जारी प्रेस बयान में कहा कि कमेटी ने प्रधानमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत करवाने के लिए पत्र लिखा था, जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार से संदेश आया है। प्रधानमंत्री भारत सरकार के कार्यालय से संदेश आया (नं.) पंजीकृत नं. पीएमओपीजी/डी 18025 7 0208535 इज अपडेटिड के अनुसार, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा कहा गया कि आप जनता को समस्या को ध्यान रखते ही उपरोक्त सेंटर को हिमाचल में कहीं और जगहा पर बनाना, तपोवन में मत बनाना, उपरोक्त, प्रधानमंत्री भारत सरकार के आदेश के अनुसार कहा गया है। प्रधानमंत्री आदेश संख्या नं. ई-समाधान स्टेटस आफ योर अप्लीकेशन विद सीएम कार्यालय नंबरपीएमओपीजी/डी/2025/0208535 इज अपडेटिड एज ट्रांसफर्ड विद इन हिमाचल प्रदेश फॉर मोर डिटेल विजिट है। उन्होंने बताया कि सूचना मिल रही है कि वन विभाग ने साढ़े चार हेक्टेयर भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित कर दी है, जबकि इस बारे में ग्रामीणों की सहमति नहीं ली गई है।

## कडोआ स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों को प्रदान किए पुरस्कार

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कडोआ में वीरवार वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्याम मुरारी ने की, जबकि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने शिरकत की। विद्यालय आगमन पर बच्चों ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का अभिनंदन किया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गिद्दा, पहाड़ी नृत्य, भोगा एवं अन्य लोक-नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर खूब वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि मनकोटिया ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों के छात्र किसी से कम नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि अवसर और मंच मिलते ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव साबित होते हैं। समारोह के अंत में विभिन्न शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

## पुलिस ने स्कूटी चोरी का आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एक स्कूटी चोरी का मामला सामने आया है, जिसके आरोपी को पुलिस ने धर लिया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात को एक व्यक्ति सिविल बाजार में सड़क किनारे खड़ी स्कूटी को चुरा कर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद होने की बात सामने आई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस थाना धर्मशाला की टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुट थी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस स्कूटी चोर की तलाश कर रही थी, जिसे पकड़ लिया गया है।

## 252 ग्राम चरस सहित नेपाली गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर 44 वर्षीय वीर बहादुर पुत्र तिल बहादुर बलेली निवासी चनाली जिला सुरखेत (नेपाल) के कब्जे से 252 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना भवारना में मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम, नियमित गश्त एवं नाका ड्यूटी पर थी, तो पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक नेपाली मूल का व्यक्ति, जो अपने पिट्ठू बैग में भारी मात्रा में चरस लिए हुए न्यूगल पुल के पास घूम रहा है, इसे बेचने की फिराक में है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई तथा पुलिस टीम ने मौके पर उपरोक्त आरोपी के पिट्ठू बैग से कुल 252 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि की है।

## आरएस बाली ने नगरोटा में किया शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

**नगरोटा** बगवां विधानसभा क्षेत्र में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य सुविधाओं में मील का पत्थर साबित होगा। यह बात हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने नगरोटा के वार्ड नंबर 6 में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन करते हुए कही।

इस मौके पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज, समस्त अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। इस आरोग्य मंदिर का उद्घाटन बाली ने स्थानीय बुजुर्गों के हाथों से करवाया। उन्होंने कहा नगरोटा के वार्ड नंबर 6 में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित होने से इस वार्ड सहित अन्य सभी वार्ड और साथ लगती पंचायत के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया इस आरोग्य मंदिर में हर तरह का इलाज निशुल्क किया जाएगा। उन्होंने बताया इस केंद्र में हर तरह की आधुनिक सुविधाओं को स्थापित किया गया है। उन्होंने स्थानीय लोगों को आरोग्य मंदिर के खुलने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि नगरोटा के सिविल हॉस्पिटल भवन का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया इस भवन पर कुल 11.54 करोड़ रुपए लगाए जाने थे। पूर्व सरकार के समय नाममात्र राशि इसके लिए उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि वह इस भवन के लिए अब तक 6 करोड़ रुपए जारी कर चुके हैं और भवन का कार्य अंतिम चरण है। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल को और अधिक विशेष अस्पताल बनाने के लिए उन्होंने जिला स्तर की एक टेस्ट लैब यहां स्थापित करने की घोषणा की है, जिस पर 1.94 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इससे पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य अतिथि को इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## हर बूथ पर 5 एसटी को जोड़ने का कार्य जल्द होगा : कमल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ने वन बूथ 5 एसटी की घोषणा की है। प्रदेश जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल शर्मा ने कहा कि जनजाति मोर्चा हर बूथ पर 5 एसटी को जोड़ने का कार्य शीघ्र करेगा, जिसके लिए हर जिले में प्रदेश से संयोजक, सह संयोजक लगाए हैं, जो जिलों में इस कार्य को गति देंगे। जिले से मंडल में भी पदाधिकारी लगाए जाएंगे।

## छात्रों में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं शिक्षक : किशोरी





विधायक किशोरी लाल ने दयोल और चौबीन स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में की शिरकत।


जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दयोल एवं चौबीन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विधायक ने दोनों शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक उपलब्धियों, छात्रों की प्रतिभा तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रणाली स्थापित करने के लिए सतत प्रयत्नशील है और स्कूलों में आधारभूत संरचनाओं के विस्तार, स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं तकनीकी शिक्षा को मजबूती प्रदान कर सुधारात्मक पहलों का लाभ विद्यार्थियों तक पहंपचाना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ छात्रों में अनुशासन, चरित्र-निर्माण एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का भविष्य नष्ट करता है, बल्कि परिवार और पूरे समाज पर भी इसका गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवा शक्ति से खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों और कौशल विकास जैसे सकारात्मक क्षेत्रों में आगे बढने का अनुरोध किया। उन्होंने मेधावी छात्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों एवं खेलों में सराहनीय उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया तथा दोनों विद्यालयों को 11-11 हजार रुपए प्रोत्साहन स्वरूप देने की घोषणा।

## कांग्रेस ने प्रदेश की भोली भाली जनता को ठगा, एक भी गारंटी नहीं हुई पूरी : घनश्याम

### अप्पर बैजनाथ भाजपा मंडल के संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन आयोजित



भाजपा अप्पर बैजनाथ मंडल के संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर की अध्यक्षता में हुआ।

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

**भारतीय** जनता पार्टी अप्पर बैजनाथ मंडल के संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन चामुंडा हाल बैजनाथ में मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और समस्त मोर्चा के अध्यक्षों व उनकी कार्यकारिणी का परिचय मुख्य अतिथि से करवाया। मुख्यातिथि ने बिहार विधानसभा के चुनावों में भारी विजय की सबको बधाई दी और कहा कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की भी यही हालत होने वाली है, क्योंकि कांग्रेस ने प्रदेश की भोली भाली जनता को ठग कर सरकार बनाई है उनकी 10 गारंटियों में एक भी गारंटी पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप राणा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अश्विनी चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुभाष दयोलिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष दुनीचंद, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय कुमार, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हरपाल, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा देवी, गोकुल ठाकुर व समस्त मोर्चों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सौगात** 43 लाख रुपए की लागत से 6 माह के भीतर बनकर तैयार होगा भवन : गोमा

## हलेड़ में जलशक्ति उपमंडल कार्यालय भवन का शिलान्यास

नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान





खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने हलेड़ में 20 लाख की लागत से खेल मैदान का निर्माण करने का आश्वासन दिया।

**जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने वीरवार को पंचायत हलेड़ में 43 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले जल शक्ति विभाग के उप मंडल कार्यालय हारसी स्थित हलेड़ के भवन का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर एपीएमसी चेयरमैन निशु मोंगरा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री ने हलेड़ और आसपास की पंचायतों को बधाई देते हुए कहा कि इस नए उपमंडल कार्यालय के खुलने से कुल 17 पंचायतें सीधे तौर पर लाभान्वित होंगी। स्थानीय निवासियों को पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए लंबागांव तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस भवन का निर्माण कार्य 6 माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लंबागांव में जलशक्ति विभाग का मंडल खुलवाने के बाद, उपमंडल कार्यालय खुलवाने के चलते जन कल्याण और विकास की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। सरकार ने स्थानीय लोगों की मांग को सुना है और इससे लोगों की जल शक्ति विभाग की सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह कहा कि सड़क के साथ नालों के निर्माण के लिए खंड विकास कार्यालय से 6 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करवा दी गई है, और स्थानीय मांग पर उन्होंने इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए विधायक निधि से 3 लाख रुपए अतिरिक्त देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने हलेड़ में 20 लाख रुपए की लागत से एक खेल मैदान के निर्माण का भी आश्वासन दिया। एपीएमसी चेयरमैन निशु मोंगरा ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में जयसिंहपुर की सब्जी मंडी के जीर्णोद्धार के लिए 23 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि पंचरुखी में प्रस्तावित सब्जी मंडी भवन का भी निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए आज ही भूमि का निरीक्षण किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ोह में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में जिला कांगड़ा के अन्य कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के 12वीं कक्षा के दो छात्रों रसम तथा आयुष का भी चयन हुआ। इस राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बच्चों को स्वयंसेवक समुदायों की समस्याओं की पहचान करना, सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना, नेतृत्व कौशल और नेतृत्व करने की क्षमता के बारे में सिखाया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों को संविधान को समझने में मदद करता है, समुदाय की जरूरत और समस्याओं की पहचान करने में सहायता करता है। वह अपने ज्ञान का उपयोग करके समुदाय की समस्याओं केव्यावहारिक समाधान को जीतना सीखते हैं।

स्वयंसेवक समुदाय की भागीदारी जताने में लाभ कौशल प्राप्त करते हैं। ऐसे शिविर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव की भावना को बढ़ावा देते हैं। स्कूल वापस आने पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह, अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने उन्हें बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं को सिखाए आपदाओं से बचाव के तरीके

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** आदेशक गृहरक्षा पांचवीं वाहिनी बिलासपुर के तत्वावधान में उपमंडल झंडूता की ग्राम पंचायत झंडूता में आयोजित पांच दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को तीसरा दिन था। यह प्रशिक्षण 17 नवंबर से शुरू हुआ है और 21 नवंबर तक चलेगा। इसमें आज उप अग्नीशमन अधिकारी झंडूता राजेश कुमार द्वारा युवाओं को आग की दुर्घटनाओं से निपटने की जानकारी दी गई। शिविर में झंडूता उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित लगभग 36 युवा सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को भूकंप, बाढ़, आगजनी, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं से निपटने की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव कार्य, आपदा प्रबंधन तथा प्रशासन को त्वरित सूचना पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त इन युवाओं का मुख्य दायित्व आपदा की स्थिति में सबसे पहले मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करना तथा जिला प्रशासन व संबंधित विभागों को तुरंत सूचित करना होगा। इस तरह ये युवा आपदा प्रबंधन में प्रशासन की पहली कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। गृहरक्षा वाहिनी के प्रशिक्षकों ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन की क्षमता में काफी वृद्धि होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो पाती है। प्रशिक्षण शिविर का समापन 21 नवंबर को होगा।

### बीबीएमबी पर लगाए गलत सीमांकन करने के आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति बिलासपुर ने बीबीएमबी अधिकारियों पर निजी भूमि पर बिना सूचना और गलत तरीके से सीमांकन करने का गंभीर आरोप लगाया है। समिति के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने डीसी बिलासपुर से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय की मांग की है। उन्होंने कहा है कि लगभग 6 महीने पहले बीबीएमबी के कुछ कर्मचारी मशीनरी समेत गांव में पहुंचे और किसानों की निजी भूमि पर मशीनों की मदद से पक्के सीमेंट के निशान लगा दिए। प्रभावित किसानों ने कई बार मौखिक व लिखित रूप से बीबीएमबी अधिकारियों को मौके पर बुलाकर स्थानीय राजस्व अधिकारियों और संबंधित भूमि मालिकों की उपस्थिति में सीमांकन करने की मांग की, लेकिन अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। उनका कहना है कि गलत सीमांकन से किसानों में मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है और अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे। उन्होंने डीसी बिलासपुर से आग्रह किया गया है कि वे तुरंत बीबीएमबी अधिकारियों और स्थानीय राजस्व अधिकारियों को मौके पर बुलाकर सही सीमांकन करवाएं ताकि किसानों की बहुहेक्टेयर निजी भूमि पर गलत दावे रोके जा सकें और भविष्य में भूमि विवाद जैसी स्थिति न बने।

### झंडूता विधानसभा क्षेत्र को सामान्य बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** बिलासपुर को जब से जिले के रूप में स्वीकृति मिली है, यहां चार विधानसभा क्षेत्र स्वीकृत हुए हैं। बिलासपुर, घुमारवीं, कोट कहलूर और गेहडवी विधानसभा। जिन में से गेहडवी विधानसभा को एससी आरक्षित कर दिया गया। तब से लेकर आज तक यह विधानसभा क्षेत्र आरक्षित चला हुआ है। जब 2007 में परिसीमन हुआ तो केवल इस विधानसभा का केवल नाम बदलकर झंडूता कर दिया गया। अब सर्व हितकारी मंच झंडूता जिला बिलासपुर ने जनता की मूल भावनाओं को ध्यान में रखकर इस मुद्दे को उजागर किया है कि यह विधानसभा जब से अस्तित्व में आई है तभी से आरक्षित विधानसभा है। इस संदर्भ में सर्वहितकारी मंच झंडूता ने 42 ग्राम पंचायतों में से 36 ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव इस पक्ष में पारित करवाए हैं कि विधानसभा को सामान्य बनाया जाए। क्षेत्र को सामान्य बनाने के लिए सर्वहितकारी मंच ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। अब इस याचिका पर सुनवाई चल रही है। यह जानकारी सर्वहितकारी मंच झंडूता के अध्यक्ष देशराज तिवारी व महासचिव प्रशांत शर्मा ने झंडूता में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी।

### मार्शल आर्ट में बिलासपुर ने जीते 42 स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के किसान भवन में द्वितीय हिमाचल प्रदेश बगतूर मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 6 जिलों बिलासपुर, कुल्लू, कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला और सोलन जिला के लगभग 152 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला बिलासपुर की टीम ने 42 स्वर्ण, 10 रजत तथा 8 कांस्य पदक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अपनी खेल से सभी दर्शको का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिला बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल (भापुसे) के हाथों से ट्रॉफी प्राप्त की। पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम क्रमशः लड़कियों में किमाया, परिणिका, मौर्या, श्रेया, समीक्षा, सेरेन सेन, साक्षी, वैष्णवी, शुभांगिनी, भव्य, वर्षा, शानवी, वंशिका, कोमल,दीपांशी व सारिका ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अहाना, अंशिका, सिया, अलीशा, शिवन्या, फलीशा, परी ने रजत पदक, ट्विंकल, मन्नत, ईशा, महक ठाकुर, उमंग शर्मा ने ब्रॉन्ज पदक प्राप्त किया। लड़कों में (4से 6वर्ष) वर्ग देवांश नेगी, रुद्राक्ष ने स्वर्ण पदक लविन ने रजत पदक प्राप्त किया। अनम्य, कार्तिक, दिवित, व आदित्य,देवांश बिष्ट, ध्रुव, अभय, अंशुमान, बलजीत, शौर्य डोगरा, शिव, अर्पित, अब्बास, युवराज, शौर्य सोनी, कपिल, मान सिंह, आशिक व आकाश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कार्तिक ठाकुर, तक्ष, यश वर्धन, प्रत्यूष, सूर्यांश, आरव ने रजत पदक प्राप्त किया।

### 16 पंचायतों के 32 प्रतिनिधि अध्ययन दौरे पर रवाना



**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा 16 पंचायतों के 32 प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल को एनटीपीसी दादरी के तीन दिवसीय अध्ययन दौरे के लिए रवाना किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को संसाधन प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय स्थिरता और सतत सामुदायिक विकास से जुड़ी उन सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं का अनुभव प्रदान करना है, जो एनटीपीसी की अन्य परियोजनाओं द्वारा लागू की जा रही हैं। प्रतिनिधिमंडल को एसएस राव, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एनटीपीसी कोलडैम द्वारा औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस अवसर का उपयोग अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में विकास पहलों को और प्रभावी बनाने के लिए करें। इस अवसर पर उमेश कुमार, अपर महाप्रबंधक के साथ-साथ एनटीपीसी कोलडैम की सीएसआर और मानव संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### ममता देवी व रूपा शर्मा को बनाया महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के श्री नयना देवी जी अप्पर मंडल की अध्यक्ष मीना ठाकुर ने मंडल कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा की। उन्होंने सोलधा से सुषमा शर्मा, जुखाला से अनीता ठाकुर, कोलथी छकोह से निशा देवी व कोठी दयोह से सुनीता देवी को उपाध्यक्ष बनाया है। मंडल अध्यक्षा ने धूनी पंजेल से ममता देवी व गसौड़ से रूपा शर्मा को महामंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि मलोखर से मंजू देवी, कोटला से पूनम शर्मा, छकोह से लता चंदेल, डोभा से रीता देवी व कल्लर से सुनीता देवी सचिव का दायित्व निभाएंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि रजपुरा से सुषमा चौधरी कोषाध्यक्ष व सैकली से कांता देवी कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी निभाएंगे तथा छडोल से किरण बाला मीडिया प्रभारी, कोठी हरड़ी छकोह से कृष्णा देवी प्रवक्ता, कोटला से अरुणा ज्योति आईटी संयोजक व रानीकोटला से शर्मिला देवी सोशल मीडिया प्रभारी रहेंगी। मंडलाध्यक्ष ने कहा कि बाग खुर्द से सपना देवी, ध्वानी नम्होल से निशा देवी, बोह दयोथ से रक्षा देवी, स्योहला से सावित्री देवी, जुखाला से बंदना, नलवाड़ से शकुंतला देवी, धनसुई से मीरा देवी, निहारखन से आशा देवी, भजून दयोथ से शकुंतला देवी, लुहारडा से रेणु, जामला से मीरा देवी, पंजेल खुर्द से निशा देवी, जनेड से अंजना देवी, डाबर रानीकोटला से अंजना देवी, साई ब्राह्मणा से कुसुम, ढाडस से सुलोचना देवी, संगराणा से कांता ठाकुर व कल्लर से बेसरी देवी कार्यकारिणी सदस्य के पद की जिम्मेदारी निभाएंगी।

### असफलता अंत नहीं, नए अवसरों की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर में 'उद्यमिता और इनक्यूबेशन' विषय पर एक प्रेरणादायक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने छात्रों को स्टार्टअप, नवाचार और व्यवसाय जगत की चुनौतियों से अवगत करवाया। मुख्य वक्ताओं में आरसीईडी चंडीगढ़ के वरिष्ठ सलाहकार सतविंदर सिंह, प्रसिद्ध ट्रेनर एवं सलाहकार डॉ. तरुण कुमार बेनर्जी, उद्योग विभाग के एक्सटेंशन ऑफिसर चेतन शर्मा और आरएएमपी योजना के वरिष्ठ सलाहकार अशुतोष शर्मा शामिल रहे। वक्ताओं ने सफल और असफल स्टार्टअप उदाहरणों के माध्यम से बताया कि असफलता अंत नहीं, बल्कि नए अवसरों की शुरुआत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को छोटे आइडिया को बड़े व्यवसाय में बदलने के लिए जुनून, नवाचार और निरंतरता बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से सार्थक संवाद किया। व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों में उद्यमिता को लेकर नया उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखा गया।

# राजेश धर्माणी आज करेंगे 'जल तरंग जोश महोत्सव' का शुभारंभ

## समारोह में 'अक्षाज द बैंड' लाइव प्रस्तुति से करेगा लोगों का मनोरंजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा 21 से 23 नवंबर तक गोबिंदसागर झील के तट पर आयोजित किए जा रहे 'जल तरंग जोश महोत्सव-2025' का शुभारंभ नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि सुबह 11 बजे लुहणू में मंत्री धर्माणी जल तरंग जोश महोत्सव-2025 का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इसके पश्चात वह मेला ग्राउंड में आयोजित रेडक्रॉस मेला तथा आजीविका मेला का भी शुभारंभ करेंगे। इसी क्रम में वह विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सरकारी प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन भी करेंगे तथा जिला के नागरिकों को संबोधित करेंगे। शुभारंभ समारोह को और आकर्षक बनाने के लिए विशेष सांस्कृतिक एवं रोमांचक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।



समारोह में 'अक्षाज द बैंड' अपनी लाइव प्रस्तुति से लोगों का मनोरंजन करेगा। इसके अतिरिक्त हिमाचल पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन की ओर से प्रशिक्षित पैराग्लाइडर्स आसमान से पुष्प वर्षा कर उद्घाटन कार्यक्रम को भव्य बनाएंगे। पैराग्लाइडर्स आकर्षक हवाई करतब भी प्रस्तुत करेंगे, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जल तरंग जोश महोत्सव-2025 का उद्देश्य बिलासपुर जिले की झील पर्यटन पहचान को मजबूत करना, युवाओं में साहसिक खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना तथा स्थानीय समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

### मुख्यमंत्री का दौरा रद्द होने से लोगों में मायूसी

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बिलासपुर दौरा अचानक रद्द होना, जिले के लिए बड़े झटके से कम नहीं है। बिलासपुर के लोगों को उम्मीद थी कि सीएम के आगमन से ठप पड़ी कई योजनाओं को हरी झंडी मिलेगी, लेकिन दौरा रद्द होते ही माहौल में मायूसी साफ़ देखी जा रही है। खासकर भाखड़ा बांध के विस्थापितों में भारी रोष है। दशकों से अपनी समस्याओं के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे विस्थापितों को भरोसा था कि मुख्यमंत्री सीधा संवाद कर कोई ठोस घोषणा करेंगे, परंतु वह भी अधूरी ही रह गई हैं। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर किस वजह से यह दौरा स्थगित किया गया? क्या बिलासपुर की समस्याएं और मांगें सरकार की प्राथमिकता में नहीं? जनता का कहना है कि ऐसे फैसले विकास की गति को रोकते हैं और जिले के साथ लगातार हो रहे उपेक्षापूर्ण रवैये को और उजागर करते हैं।

# सीएम बताएं-तीन वर्ष में बिलासपुर को क्या दिया : त्रिलोक जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बिलासपुर दौरा रद्द हो गया है। हालांकि सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने उनके सामने बड़े और गंभीर सवाल खड़े कर दिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री जब भी बिलासपुर आते हैं, उन्हें यह बताना चाहिए कि पिछली सरकार के समय खोले गए जिन संस्थानों को मौजूदा सरकार ने बंद कर दिया था, उन्हें दोबारा खोलने की क्या योजना है।



**केंद्र सरकार की ओर से जारी 25 करोड़ रुपए भी नहीं दिए**

उन्होंने कहा कि सदर के लोग बार-बार यह सवाल पूछ रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। विधायक ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में बिलासपुर को विकास कार्यों के लिए फूटी कौड़ी तक नहीं मिली। उन्होंने याद दिलाया कि दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सरकार ने बिलासपुर में ही जश्न मनाया था, लेकिन उस जश्न में न कोई शिलान्यास हुआ, न कोई उद्घाटन सिर्फ मंच और भाषण। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिलासपुर के लिए सड़कों हेतु 25 करोड़ रुपए की राशि जारी की, लेकिन वह धनराशि भी जिले तक कभी पहुंची ही नहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधे प्रश्न किया 'बिलासपुर को तीन वर्षों में आपने क्या दिया?' विधायक ने कहा कि जिले के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं और सरकार की उदासीनता से जनता में रोष बढ़ रहा है।

जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया कि भाखड़ा विस्थापितों की समस्याओं पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया जाए, क्योंकि दशकों से लंबित मुद्दों पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि गोबिंद सागर झील में 1400 करोड़ रुपए का पर्यटन प्रोजेक्ट प्रस्तावित था, जिसका जिक्र कई बार होता रहा, लेकिन आज तक इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

# हिमाचल के अधिकारों के लिए सभी दल एकजुट हों : प्रेम सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा चंडीगढ़ में हिमाचल को 7.19 प्रतिशत हिस्सा दिलाने तथा भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड से राज्य की 42 करोड़ रुपए की बकाया राशि जारी करवाने के संबंध में केंद्र सरकार से की गई पैरवी पर हर्ष व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के हित से जुड़े इन दोनों महत्वपूर्ण मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को एकजुटता दिखानी चाहिए, ताकि प्रदेश के विकास में आ रही बाधाओं को दूर किया जा सके। प्रेम सिंह ठाकुर ने बताया कि उन्होंने इसी विषय पर 2 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि हिमाचल प्रदेश को एकमुश्त आर्थिक पैकेज देकर कर्जमुक्त बनाया जाए, क्योंकि यह पहाड़ी राज्य सीमित आय स्रोतों के कारण अतिरिक्त आर्थिक सहायता का पात्र है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 5 अक्तूबर को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भी पत्र लिखकर यह अनुरोध किया था कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के हितों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि हिमाचल अपने आर्थिक अधिकारों को प्राप्त कर सके।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिमाचल प्रदेश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जिसका सीधा प्रभाव विकास कार्यों पर पड़ रहा है। पिछले दो वर्षों में आई भीषण बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं ने सैकड़ों परिवारों को बेघर और भूमिहीन कर दिया है। आज भी कई लोग कड़कड़ाती ठंड में तिरपालों के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं।

# बरमाणा पुलिस ने 9.70 चिट्टे साथ पकड़े तीन आरोपी

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** बरमाणा थाना पुलिस ने अलसु पुल के समीप नाकाबंदी के दौरान एक कार से 9.70 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार सवार तीन व्यक्तियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई शाम लगभग 5:30 बजे की गई। जानकारी के अनुसार मन, निकट प्रभारी थाना बरमाणा अपनी टीम के साथ नाकाबंदी पर मौजूद थे। इस दौरान सफेद रंग की स्विफ्ट कार को चेकिंग के लिए रोका गया। कार चालक की पहचान पवन कुमार (45) पुत्र कालू राम, निवासी गांव सचाण, डाकघर थलटूकोट, तहसील पधर, जिला मंडी के रूप में हुई। वाहन में चालक के अलावा दो व्यक्ति और सवार थे। धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजमल (29) तथा पवन कुमार पुत्र हलकु राम (29), दोनों निवासी सचाण, पधर मंडी। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार की तेल टंकी के ढक्कन के अंदर से 9.70 ग्राम चिट्टा बरामद किया। मौके पर मिले तीनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# अभी से चुनावी मोर्चा संभाल लें सभी भाजपा कार्यकर्ता: सिद्धार्थन

## भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अभी से कमर कसने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, और इस लक्ष्य को पूरा करने में हिमाचल में भाजपा की जीत अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह जीत तभी संभव होगी जब कार्यकर्ता 'मेरा बूथ—सबसे मजबूत' के मंत्र को अपनाकर बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा जल्द ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार की 'नाकामियों और झूठी गारंटियों' को बेनकाब करने के लिए जनजागरण अभियान शुरू करेगी। वीरवार को जिला भाजपा कार्यालय में सदर और बिलासपुर मंडल के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए सिद्धार्थन ने संगठन को मजबूत करने के कई सुझाव दिए।

**संगठन को मजबूत करने के लिए दिए कई सुझाव**

उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भाजपा पिछले साढ़े तीन दशक से सत्ता में है, जिसका श्रेय वहां के कार्यकर्ताओं की निष्ठा और निरंतर ग्राउंड वर्क को जाता है। हिमाचल के कार्यकर्ताओं को भी इसी समर्पण के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से 24 घंटे काम करने की अपेक्षा नहीं है, लेकिन उन्हें रोजाना 2-3 घंटे अपने बूथ के लिए अवश्य निकालने चाहिए। लोगों से नियमित मुलाकात, उनकी समस्याओं को समझना और समाधान के लिए प्रयास करना उनकी दैनिक कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए। ऐसा होने पर हर बूथ पर भगवा परचम लहराना तय है।

सिद्धार्थन ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसकी राजनीति 'झूठ पर आधारित' है और हिमाचल में दी गई 10 गारंटियों का सच अब जनता के सामने आ चुका है। बिहार में भी इन गारंटियों को जोर-शोर से प्रचारित किया गया, लेकिन वहां कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस शासन के दौरान अराजकता, माफिया राज, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है।

# सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान

## सहकार भारती बिलासपुर ने भराड़ी में मनाया सहकारिता सप्ताह

**अनंत ज्ञान, भराड़ी**

सहकार भारती जिला बिलासपुर ने सहकारिता सप्ताह भराड़ी में मनाया। सहकार भारती के जिला अध्यक्ष देव दत्त शर्मा, प्रांत कोषाध्यक्ष राजेंद्र जगोता, प्रान्त बैंक प्रकोष्ठ प्रमुख नंद लाल शर्मा, महिला प्रमुख शीतल भारद्वाज, जिला पदाधिकारी दूनी चंद तथा सहकार भारती, तहसील घुमारवीं के कार्यकारी अध्यक्ष श्याम लाल सहित स्थानीय व्यापारी वर्ग व सहकार बंधु उपस्थित रहे। तहसील कार्यकारी अध्यक्ष श्याम लाल ने सहकार भारती तथा सहकारी सभाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा सभी से आह्वान किया कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए अपना अपना योगदान दें। जिला अध्यक्ष देव दत्त शर्मा ने सहकार भारती के उद्देश्यों, लक्ष्यों, इसके गठन की पृष्ठभूमि व आवश्यकता तथा केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा सहकारिता के निमित किए गए कार्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक सहकारी सभाओं, स्वयं सहायता समूहों से संपर्क करके उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए तथा साथ में ही नई सहकारी सभाओं व स्वयं सहायता समूहों के गठन को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से सहकारी सभाओं को जिनके शेयर धारक हिमाचली कृषक ही हो, को हिमाचल टेनेंसी एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118 से छूट देनी की मांग की, ताकि ऐसी सहकारी सभाओं को भूमि खरीदने में आसानी हो।

**सहकारी सभाओं के लिए भूमि सुधार एक्ट में छूट देने की वकालत**

# 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' को मिलेगा स्वयंसेवी संस्थाओं का साथ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं की समाज सेवी संस्था 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब चिट्टा के खिलाफ समाज के प्रबुद्धजनों, स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर इस जनअभियान को आगे बढ़ाएगी। प्रेस को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि अब इस अभियान को संस्था जिला बिलासपुर के गांव-गांव में जागरूकता कमेटियां बनाकर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन चिट्टा से पीड़ित व सप्लायर के बीच अंतर करे। समाज की जागरूकता व पुलिस द्वारा चिट्टा माफिया पर सख्त करवाई से ही समाज की युवा पीढ़ी को इस नशे से बचाया जा सकता है।

# छोटे-छोटे प्रयास ही रखते हैं सफलता की नींव : रत्न सिंह



**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**

**स्वारघाट।** छोटे-छोटे प्रयास ही महान सफलताओं की नींव रखते हैं। निरंतर सीखते रहें, अपने कौशल को निखारें और हर अवसर का सदुपयोग करें, इन्हीं कदमों से उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होता है। यह बात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में मॉडल गतिविधि प्रदर्शनी एवं क्राफ्टिंग डे के भव्य आयोजन पर बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए पंजाब विद्युत निगम से सेवानिवृत्त अभियंता एवं तकनीकी सेवा संगठन के राज्य प्रधान सरदार रत्न सिंह ने कही। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वर्षभर के पाठ्यक्रम को सरल और व्यवहारिक तरीके से समझने तथा आम लोगों तक उसकी उपयोगिता को पहुँचाने के उद्देश्य से अपने मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान, गणित, भाषा, संस्कृति और खेल विषयों पर बने नवाचारपूर्ण मॉडल विद्यार्थियों ने अध्यापकों के मार्गदर्शन में तैयार किए। लगभग 90 प्रतिशत अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अपने बच्चों की प्रस्तुति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

**मजारी स्कूल में मनाया एनुअल मॉडल एक्टिविटी एग्जिबिशन-क्राफ्टिंग डे**

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की महत्ता पर कहा कि प्रायोगिक ज्ञान ही विद्यार्थियों को कौशलयुक्त बनाकर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होगा। उन्होंने सरकार द्वारा स्किल डेवलपमेंट, व्यावसायिक शिक्षा, शिक्षा ऋण व मुद्रा योजना जैसे कार्यक्रमों को युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने विद्यालय को 11000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की। प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अभिभावकों, समाज के बुद्धिजीवियों और शिक्षकों से सहयोग की अपील की।

# श्रमिकों को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत : आरएस ठाकुर

## कहा- अब क्लीयर होंगे 24.5.2025 के पहले के क्लेम, अधिकारियों पर लगाया गुमराह करने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रम कल्याण बोर्ड के इंटक अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष धर्म सिंह सहगल, महासचिव जगतार सिंह बैंस ने संयुक्त बयान मे कहा है कि श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत कामगारों को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने बहुत बड़ी राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि अब 24.5.2025 के पहले के क्लेमों में कोई अड़ंगा नहीं पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रम कल्याण बोर्ड में ऐसे लोगों को भर्ती किया गया है, जिन्हें कानून की जानकारी ही नहीं है। यही कारण है कि श्रमिकों के हकों के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा 24 मई 2025 को अधीसूचना जारी की है कि श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत कामगारों को अब विभिन्न सुविधाओं के क्लेम प्रस्तुत करने हेतु समय अवधि आवेदन के घटित होने, समापन होने से 6 माह होगी। इस अधिसूचना का श्रम कल्याण अधिकारी गलत मतलब निकाल रहे थे।

उपरोक्त अधीसूचना के अनुसार श्रम कल्याण अधिकारी 24 मई 2025 से पहले के विभिन्न सुविधाओं के क्लेमों को नहीं ले रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम कल्याण अधिकारी कामगारों को गुमराह कर रहे थे, इसलिए कामगारों को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रम कल्याण बोर्ड में कार्यरत श्रम कल्याण अधिकारियों से श्रम अधिकारियों के अंतर्गत काम लिया जाए, क्योंकि श्रम कल्याण अधिकारियों को कानूनी जानकारी नहीं होती है, जबकि श्रम अधिकारी कानूनी तौर पर ही कार्य करते हैं।

# अध्यापकों को दिया जा रहा परीक्षा पेपर बनाने का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत भारत में शिक्षा सशक्तिकरण और कैंबरीज यूनिवर्सिटी के सहयोग से आधुनिक कक्षा मूल्यांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप है और इसका उद्देश्य 33,000 से अधिक सरकारी अध्यापकों को ब्लूम्स टैक्सोनॉमी नॉलेज, अंडरस्टैंडिग एप्लीकेशन आधारित प्रश्नपत्र निर्माण, अवधारणात्मक मूल्यांकन तथा सुधारात्मक अधिगम तकनीकों में दक्ष बनाना है। यह प्रशिक्षण दो दिवसीय कार्यशाला के रूप में आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तर की कार्यशालाओं में मास्टर ट्रेनर अध्यापकों को प्रश्नपत्र निर्माण, अधिगम परिणामों के अनुरूप प्रश्न चयन, विषयवार ब्लूप्रिंट निर्माण तथा उत्तर पुस्तिकाओं के विश्लेषण जैसे कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

**विरोधाभास** बिजली विभाग का बिलिंग व्यवस्था में 'क्रांति' का दावा, दूसरी ओर शिकायतों की गूंज भी तेज

# स्मार्ट मीटरों ने बढ़ाई बिजली उपभोक्ताओं की टेंशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश में बिजली विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर इन दिनों जनता के बीच गर्म चर्चा का विषय बने हुए हैं। विभाग इसे बिजली वितरण प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बता रहा है। दावा किया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर लगते ही उपभोक्ता रियल टाइम खपत जान सकेंगे, बिलिंग में पारदर्शिता आएगी और बिजली चोरी पर लगभग पूरी तरह अंकुश लगेगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटरों से न सिर्फ प्रदेश की बिजली व्यवस्था 'समय के साथ चलती' दिखाई देगी, बल्कि भविष्य में हर उपभोक्ता की शिकायतें भी तेजी से निपट सकेंगी, लेकिन दूसरी तरफ ज़मीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। कई इलाकों से उपभोक्ताओं के बिल अचानक बढ़ने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि जहां पहले बिल दो-तीन हजार आता था, वहीं स्मार्ट मीटर लगते ही यह सीधे दोगुना हो गया। कई उपभोक्ता इस आशंका में भी हैं कि स्मार्ट मीटर प्री-पेड मोड में जाने का रास्ता खोलेंगे, जिससे रिचार्ज करवाने की बाध्यता उनके मासिक खर्च पर अतिरिक्त बोझ डालेगी। कुछ जगह



मीटरों के अचानक ट्रिप होने, नेटवर्क न पकड़ने और ऐप में खपत न दिखने जैसी तकनीकी दिक्कतें भी लोगों का पारा चढ़ा रही हैं। बिजली विभाग इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए कह रहा है कि शुरुआती दिनों में तकनीकी अड़चनें आना स्वाभाविक है। विभागीय प्रवक्ता का कहना है कि 'स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के खिलाफ नहीं, बल्कि उपभोक्ता के हित में लगाए जा रहे हैं। जहां शिकायतें आई हैं, वहां टीम भेजकर पूरी जांच की जा रही है। बिल बढ़ने का कारण भी हर जगह स्मार्ट मीटर नहीं, कई मामलों में लोड और खपत अधिक होना पाया गया है।'

फिलहाल इतना तय है कि स्मार्ट मीटरों ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था में हलचल जरूर मचा दी है। अब यह हलचल बदलाव में बदलती है या नाराजगी में, यह आने वाले दिनों में साफ होगा।

### बिना जागरूकता अभियान चलाए मीटर बदलने से लोगों के मन में विभाग के खिलाफ अविश्वास

**आम** जनता का कहना है कि विभाग को पहले मीटरों की पूरी टेस्टिंग करनी चाहिए थी। बिना जागरूकता अभियान चलाए ही मीटर बदलने से लोगों के मन में अविश्वास पैदा हो गया है। सोशल मीडिया पर भी स्मार्ट मीटरों को लेकर कई तरह की चर्चाएं तेज हैं। कुछ लोग इसे आधुनिक सुविधा बता रहे हैं, तो कई इसे 'जेब काटने की नई तकनीक' कहकर आलोचना कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने साफ किया है कि बिजली व्यवस्था को हाईटेक बनाने के लिए स्मार्ट मीटर जरूरी हैं और आने वाले महीनों में पूरे प्रदेश में इन्हें 100 प्रतिशत लागू करने की तैयारी है, लेकिन सरकार और विभाग दोनों जानते हैं कि जनता का भरोसा जीतना सबसे बड़ी चुनौती है। स्मार्ट मीटरों के लाभ और नुकसान के बीच अब असली कसौटी यही होगी कि विभाग कितनी तेजी और पारदर्शिता के साथ उपभोक्ताओं की शिकायतें दूर करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा-तीसा में मारपीट गाली-गलौज के मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वीरवार को दो मामले दर्ज किए हैं। पहले मामले में महिला थाना चंबा में दर्ज एफआईआर 44/25 के अनुसार, 18 नवंबर को शाम 5 बजे, राकेश कुमार (पंजोह) ने मंजू शर्मा (ओबड़ी) की राह रोककर मारपीट की, असभ्य हरकतें की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरे मामले में तीसा थाना में दर्ज एफआईआर 110/25 के अनुसार, 17 नवंबर को पैसों के विवाद को लेकर हरि चंद (देहग्रां) और उसके परिवार ने केवल कृष्ण (सनवाल) को फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। बाद में मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता का वाहन एचपी 73ए-6873 क्षतिग्रस्त कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने नियमानुसार जांच और आगे की कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### अंसवाई में निगम के परिचालक पर हमला

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना धर्मपुर में दर्ज प्रकरण के अनुसार कर्म सिंह पुत्र झाणू राम, परिचालक हिमाचल पथ परिवहन निगम, निवासी तहसील धर्मपुर ने बताया कि 19 नवम्बर 2025 की सांय लगभग 6:30 बजे जब वह अंसवाई बस अड्डे पर वाहन खड़ा कर रहे थे, तभी दीपक गुलेरिया पुत्र सोहन सिंह निवासी अनस्वाई ने उन्हें गाली-गलौच की, गले से पकड़कर रोका और घूंसों से प्रहार किया, जिससे उनकी छाती और पेट में चोटें आईं। शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है तथा अन्वेषण जारी है।

### बदायुं पुल के पास युवक से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना जोगिंद्रनगर के अंतर्गत पुलिस दल द्वारा मछयाल से नौहली की ओर गश्त एवं यातायात जांच के दौरान बदायुं पुल के समीप अक्षय कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी तहसील जोगिन्दर नगर से ऊना नंबर-1' शराब की 12 बोतलें (एक बोतल 750 मिलीलीटर, कुल 9000 मिलीलीटर) बरामद की गईं। युवक इनके लिए कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही आरंभ कर दी है।

### मंडी पुलिस ने काटे 552 चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा आज जारी विवरण के अनुसार मोटर वाहन प्रावधानों के अंतर्गत 508 चालान तथा सिगरेट एवं तंबाकू निषेध प्रावधानों के अंतर्गत 44 चालान किए गए, जिनमें कुल 4400 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा एवं सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू निषेध नियमों को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से चलाया गया।

### चंबा में स्कूल कांप्लेक्स प्रणाली पर जिला स्तरीय सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में वीरवार को स्कूल कांप्लेक्स प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सचिव मुख्यमंत्री, शिक्षा, ऊर्जा, सूचना एवं जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति राकेश कंवर ने की। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल सहित उच्च शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों ने भी इसमें भाग लिया। राकेश कंवर ने कहा कि स्कूल कॉम्प्लेक्स प्रणाली का उद्देश्य विद्यालयों के मध्य समन्वय बढ़ाना, संसाधनों का साझा उपयोग सुनिश्चित करना और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्री-प्राइमरी से 12वीं तक की एकीकृत शिक्षा संरचना को प्रभावी ढंग से लागू करने में यह मॉडल अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा सचिव ने यह भी कहा कि स्कूलों में घटते नामांकनों को ध्यान में रखते हुए स्कूल कांप्लेक्स प्रणाली के क्रियान्वयन से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। सम्मेलन में राकेश कंवर ने कांप्लेक्स स्तर पर शैक्षणिक गतिविधियों की रूपरेखा, सहयोग तंत्र, अवसंरचना का उपयोग, संसाधनों का साझा प्रबंधन और शिक्षकों के क्षमता-विकास पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों से सहयोगात्मक और डेटा-आधारित रणनीतियों को अपनाने, तथा विद्यालयों की उत्कृष्ट गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने पर भी बल दिया। सम्मेलन में प्रतिभागी शिक्षकों के सुझावों, अनुभवों और प्रश्नों पर गंभीर चर्चा हुई। विद्या समीक्षा केन्द्र और यूडीआईएसई प्लस विषयों पर यादविंद्र शर्मा और तान्या सिंह ने जानकारी साझा की।

# मंडोलू में 3 मंजिला मकान जलकर राख

## दमकल विभाग ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत कीड़ी के गांव मंडोलू में बुधवार शाम भीषण अग्निकांड ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। शाम 5:22 बजे गांव के निवासी मुकेश कुमार महाजन ने फायर ब्रिगेड को फोन पर सूचना दी। चम्बा सदर बाजार से 26 किलोमीटर दूर बसे इस गांव तक पहुंचने में दमकल कर्मियों को 52 मिनट का समय लगा।

घर के मालिक अरविंद कुमार के घर मौके पर पहुंचकर पाया कि तीन मंजिला मकान धधक रहा था और स्थानीय ग्रामीण रेत डालकर आग रोकने का प्रयास कर रहे थे। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया।

फायर ब्रिगेड की पहली गाड़ी के बाद दूसरी गाड़ी 6:16 बजे पहुंची। 22 हौज पानी की निरंतर सप्लाई के साथ करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात 11:30 बजे आग पर काबू पाया गया। विभाग की दोनों गाड़ियों और आठ कर्मियों ने लगातार मोर्चा संभाले रखा और रात 12:36 बजे मुख्यालय लौटे। इस अग्निकांड में मकान के पांच कमरे और भीतर रखा सारा सामान राख हो गया। नुकसान लगभग 5 लाख रुपए आंका जा रहा है। राहत की बात यह है कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।


आग प्रभावित परिवार को जरूरत का सामान देते जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार।

घटना की जानकारी मिलते ही सदर चंबा विधायक नीरज नैय्यर और एसडीएम चंबा रात में ही घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवार से बात की और कहा कि सरकार की ओर से पूरी सहायता सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने परिवार को भरोसा दिलाया कि वे इस कठिन घड़ी में अकेले नहीं हैं और हर मदद उपलब्ध करवाई जाएगी।

अगली सुबह करियां वार्ड के जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार (मनु) प्रभावित परिवार से मिले। उन्होंने परिवार की व्यथा सुनी और मौके पर ही अत्यावश्यक राहत सामग्री वितरित की। इसमें गद्दे, रजाई, सिरहाने, बेडशीटें, चावल, आटा, दालें, मसाले, तेल आदि दैनिक उपयोग की लगभग सभी वस्तुएं शामिल थीं। मनोज मनु ने कहा कि यह केवल सामान का नुकसान नहीं बल्कि वर्षों की मेहनत और परिवार की यादों का टूटना है। उन्होंने कहा कि सरकारी सहायता की प्रक्रिया जारी रहेगी, परंतु वर्तमान संकट में परिवार को तत्काल राहत मिलना ज़रूरी था, जिसे प्राथमिकता दी गई।

वहीं, आग की घटना की सूचना मिलते ही चंबा-कांगड़ा के लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवार से मुलाकात कर मौके की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। सांसद ने परिवार को ढांढस बंधाया और सरकार व प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

सदर चंबा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने भी हादसे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवार को पूरी मदद का आश्वासन दिया और प्रशासन से त्वरित राहत उपलब्ध करवाने की मांग की।

## चूड़ी-बकल सड़क कार्य पर हो रही कटिंग बनी जी का जंजाल



**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान**

**धरवाला।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे चूड़ी बकल सड़क कार्य की कटिंग जिसकी मिट्टी डंपिंग साइड पर ना फेंक कर सीधा रावी नदी में फैंकी जा रही है। जिससे गांव गंधर, पधर, कुढन, गवाड, सहित आधा दर्जन गांवों में लोगों के घरों में मिट्टी की एक मोटी परत जम चुकी है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोग कई बार पहले भी कर चुके हैं बावजूद उसके भी लगातार मिट्टी रावी नदी में फैंकी जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते मिट्टी फेंकने की घटनाएं न रुकी तो मजबूरन धरना-प्रदर्शन या कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। मनीष ठाकुर का कहना है कि पिछले कई दिनों से लगातार मिट्टी रावी नदी में फैंकी जा रही है जिसका गुब्बार सीधा लोगों के घरों में पहुंच रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को घरों के खिड़की दरवाजे खोलने भी मुश्किल हो गया है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। वहीं, जब इस बारे में लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारी से बात करना चाही तो उन्होंने धमकी भरे लहजे में बात करते हुए फोन काट दिया, यदि जल्द समस्या का समाधान ना हुआ तो मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

## डलहौजी पुलिस ने वाहन से पकड़ीं 10 पेटियां देसी शराब, चालक गिरफ्तार



**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** डलहौजी में थाना चुवाड़ी के तहत पुलिस चौकी बकलोह के एएसआई सुनील कुमार ने रूटीन गश्त के दौरान एक वाहन से 10 पेटियां देसी शराब बरामद की। वाहन चालक अनुज कुमार (गांव लुथ्नु, तहसील डलहौजी) नैनीखाड़ की ओर जा रहा था और उसके पास शराब ले जाने का कोई वैध परमिट नहीं था।

पुलिस ने वाहन की तलाशी के दौरान देशी शराब 'मार्का ऊना नं. वन' की 10 पेटियां जब्त कीं। आरोपी के खिलाफ रुक्का तैयार कर थाना चुवाड़ी भेजा गया और हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## लैंटल गिरने से एक मजदूर की मौत तीन घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्षेत्र स्थित इंडोर स्टेडियम पुलिस ग्राउंड बारगाह में निर्माणाधीन भवन पर लैंटल का काम करते समय 20 नवंबर दोपहर 3:30 बजे बड़ा हादसा हुआ। अचानक शटरिंग टूट जाने से फर्स्ट फ्लोर से 5-6 मजदूर नीचे गिर गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और घायल मजदूरों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। तारकेश्वर (34 वर्ष), बिहार निवासी को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। तीन अन्य मजदूर वालकेश्वर, दीनबंधु और लालू कुमार गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज अस्पताल में जारी है। प्राथमिक जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आने की संभावना है। हादसे के बाद कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना ने निर्माण कार्यों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है।

## मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान में आयोजित 20वीं राजकुमार ब्रिजिंद्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक नीरज नैय्यर विशेष अतिथि रहे। समारोह में पूर्व मंत्री आशा कुमारी ने मंत्री को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

मंत्री ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी प्रभावी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष से प्रतियोगिता में महिला क्रिकेट टीमों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने हाल ही की आपदा के दौरान चंबा के लोगों द्वारा प्रदर्शित एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि चंबा का दिल सचमुच बहुत बड़ा है। मंत्री ने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। इसी दौरान उन्होंने स्थानीय कलाकार कर्ण कुमार के लोकगीत का विमोचन किया।

विधायक नीरज नैय्यर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत लगभग 82 करोड़ रुपए से बनने वाली 14 सड़कों की स्वीकृति पर मंत्री का आभार जताया। पूर्व मंत्री आशा कुमारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता पिछले 20 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है।

## सीआईआरएफ से हिमाचल की आपदा प्रभावित सड़कों को मिली 225 करोड़ की राहत : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की तीन प्रमुख सड़कों के लिए केंद्र सरकार द्वारा सीआईआरएफ के तहत 225 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे आपदा ग्रस्त क्षेत्रों को बहुत राहत मिलेगी।



उन्होंने कहा इस स्वीकृति के लिए मैंने निजी तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इन सड़कों के स्वीकृति का निवेदन किया था। प्राथमिकता के आधार पर हिमाचल प्रदेश की सड़कों के पुनर्निर्माण और स्तरोन्नयन के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस बार की आपदा में मंडी-गाग्गल-चैल चौक-जंजैहली सड़क को बहुत नुकसान पहुंचा था। पूरी सड़क तहस-नहस हो गई थी। बड़ा क्षेत्र सड़क मार्ग से कट गया था। इसके दुरुस्तीकरण के लिए मैंने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से बात भी की थी जिस पर उन्होंने इस सड़क के बहुत नुकसान होने की बात कही थी। अत: इसका सीआईआरएफ के तहत ही पुनर्निर्माण बेहतर तरीके से हो सकता था, इसलिए इस सड़क को सीआईआरएफ के तहत प्राथमिकता देने का निवेदन मैंने सरकार से किया था।

सरकार ने इसे प्राथमिकता दी। इसके बाद में स्वयं हिमाचल के सभी सांसदों के साथ हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में साथ मैंने नितिन गडकरी से मिलकर अपनी बात रखी। इसके बाद जब प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई तो उनसे भी इसके लिए निवेदन किया। जिस पर प्रधानमंत्री ने हमें हिमाचल प्रदेश की हर संभव सहायता का भरोसा भी दिलाया। मोदी का कहा पत्थर की लकीर है और उन्होंने जल्दी ही इन सड़कों की स्वीकृति दिलाई जिससे अब आपदा प्रभावितों को राहत मिलेगी। मंडी-गग्गल-चैल चौक-जंजैहली सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 137.40 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा ऊना जिले के तहत जेजों मोड़ से टाहलीवाल के लिए लिंक रोड के स्तरोन्नय के लिए 48.69 करोड रुपए स्वीकृत हुए हैं। जिससे बल्क ड्रग पार्क से लगते क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बहुत बेहतर हो जाएगी। बल्क ड्रग पार्क आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश की तस्वीर बदलने का एक बड़ा जरिया साबित होगा। इसके अलावा कुल्लू में ब्यास नदी पर मौहल में पिरडी से तलोगी के लिए 110 मीटर स्पैन के डबल लेन मोटरेबल ब्रिज के लिए 38.5 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। जो इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक सुधार करेगी।

## लक्ष्मीबाई जयंती पर किहार छात्रावास में छात्राओं ने दिखाया साहस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** किहार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में रानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत भावपूर्ण पंक्तियों से हुई 'शौर्य और वीरता झलकती है लक्ष्मीबाई के नाम में, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की डोरी थी जिसके हाथ में।' छात्राओं ने भाषण, कविता, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रश्नोत्तरी प्रथम कशिश, रचना, हिमानी; द्वितीय मोहिनी, काजल, पूनम और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रिया, द्वितीय सजना, कविता में प्रथम ललिता, द्वितीय कशिश, स्लोगन में प्रथम शिल्पा, द्वितीय जिया, तृतीय बिंदु, चित्रकला में प्रथम नेहा, द्वितीय गुलनाज, तृतीय आरती और सोनाक्षी। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई की अमर गाथा को महसूस किया और अपनी सृजनशीलता से उसे जीवंत किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को बधाई दी।

## कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक में डीसी ने दिए सख्त निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला मुख्यालय चंबा में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं बारे एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में कल्याण विभाग से संबंधित समीतियों के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया।

इस बैठक में प्रधानमंत्री के न्यू 15 सूत्री कार्यक्रम के अलावा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून 1989 से संबंधित जिला स्तरीय निगरानी समिति, नेशनल ट्रस्ट तथा दिवयांगो से संबंधित जिला स्तरीय समीति के कार्यों की प्रगति बारे विस्तृत चर्चा व समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूलों में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जारी स्कॉलरशिप योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधी शिक्षण संस्थानों के प्रमुख इस कार्य में स्वयं रुचि लें। उन्होंने कल्याण विभाग के अधिकारियों सुख आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों को योजना का लाभ प्रदान करने बारे भी निर्देश दिए। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत पीड़ित व्यक्ति को संशोधित मुआवजे की राशि 85000 से 825000 तक स्वीकृत दी जाती है, जिसमें से कुछ प्रतिशत एफआईआर दर्ज होने पर व कुछ प्रतिशत न्यायालय में चालान पेश होने पर तथा शेष राशि न्यायालय के निर्णय के उपरांत जारी की जाती है।

इस अधिनियम के तहत जिला चंबा में वित्त वर्ष 2025-26 में 175000 की राहत राशि का भुगतान अनुसूचित जाति/जनजाति के 4 पीड़ितों को किया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान, नगर परिषद की वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल के अलावा कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## चंबा में 60वां राज्य स्तरीय अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 60वां राज्य स्तरीय स्थापना दिवस आज चम्बा में उत्साह, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 500 कर्मचारी इस आयोजन में शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और संगठन की मजबूती का संदेश साफ तौर पर देखने को मिला। प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने सभी कर्मचारियों व पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महासंघ की 60 वर्षों की संघर्षपूर्ण और अनुशासित यात्रा को याद करते हुए कहा कि संगठन ने हमेशा कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखा और उनकी आवाज़ को सशक्त रूप से उठाया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि और राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संबोधनों में लंबित वित्तीय देनदारियों के समाधान, सेवा शर्तों, प्रोमोशन, वरिष्ठता, पारदर्शी ट्रांसफर नीति और समय पर वेतन-भत्तों के भुगतान को प्राथमिकता देने की रूपरेखा साझा की गई। इसके साथ ही युवा कर्मचारियों को नेतृत्व में शामिल करना, सदस्यता अभियान चलाना और ई-ऑफिस, ई-फाइलिंग जैसी आधुनिक तकनीकों पर प्रशिक्षण आयोजित करना भी घोषणाओं में शामिल था। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी वर्ग प्रदेश की विकास यात्रा की रीढ़ है और उनके हितों की सुरक्षा महासंघ का सर्वोच्च उद्देश्य है। कार्यक्रम में संगठन की शक्ति, एकजुटता और सहयोग पर विशेष जोर दिया गया। समापन अवसर पर पदाधिकारियों ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

**बीज महोत्सव** पहाड़ की धरोहर को सहेजने के लिए 25 गांवों के किसान एक मंच पर

# चंबा में गूंजा पारंपरिक बीजों का स्वर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला चंबा में वीरवार को भूरी सिंह संग्रहालय के सम्मेलन कक्ष में पहाड़ ट्रस्ट द्वारा एम 3 एम फाउंडेशन तथा डॉक (एसपी जेमर) के सहयोग से एक दिवसीय पारंपरिक बीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 25 गांवों से लगभग 150 महिला तथा पुरुष किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्वतीय कृषि-परंपरा को नई ऊर्जा प्रदान की। इस आयोजन में नॉट ऑन मैप (एच2ओ), हिमर्रा नेटवर्क, होलिस्टिक हिमालय तथा हिमालय बचाओ समिति का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत किसानों द्वारा लगाए गए पारंपरिक बीजों की प्रदर्शनी से हुई, जहां किसानों ने विविध स्वदेशी बीजों का आदान-प्रदान भी किया। पहाड़ ट्रस्ट के निदेशक अनूप कुमार ने स्वागत संबोधन देते हुए मुख्यातिथि उपायुक्त चंबा का पहाड़ ऑर्गेनिक्स के उत्पादों से बने विशेष उपहार हैम्पर द्वारा सम्मान किया। इसके साथ ही वरिष्ठ अतिथियों कुलभूषण उपमन्यु (अध्यक्ष, हिमालय बचाओ समिति), पद्मश्री नेक राम, डॉक्टर एससी शर्मा (तकनीकी सलाहकार पहाड़ ट्रस्ट एवं पूर्व निदेशक कृषि विश्वविद्यालय), ललित कालिया (प्रगतिशील किसान, हिमर्रा नेटवर्क), उपनिदेशक कृषि, उपनिदेशक बागवानी, नाबार्ड अधिकारी तथा के वी के चंबा के वैज्ञानिकों को चंबा टोपी और चंबा थाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

अनूप कुमार ने पहाड़ ट्रस्ट के उद्देश्य, कार्यक्षेत्र और पारंपरिक पहाड़ी बीजों के संरक्षण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तृत परिचय दिया। मुख्यातिथि उपायुक्त चंबा ने बीज प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इसे स्थानीय कृषि-संस्कृति, जैव विविधता और किसान-कौशल को सशक्त बनाने वाली अनुपम पहल बताया। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस महत्वपूर्ण कार्य को हर संभव प्रशासनिक और वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिन गांवों में पारंपरिक बीज संरक्षित हैं, उन्हें क्लस्टर विकास तथा सीड विलेज के रूप में विकसित किया जाए।

कार्यक्रम में कुलभूषण उपमन्यु ने पर्वतीय बीजों पर बढ़ते खतरों, जलवायु परिवर्तन और पहाड़ी पारिस्थितिकी में बीजों की महत्ता पर प्रकाश डाला। पद्मश्री नेक राम ने पारंपरिक बीजों की विविधता और अपने व्यवहारिक अनुभव साझा किए। डॉक्टर एससी शर्मा ने पारंपरिक बीजों के वैज्ञानिक प्रबंधन, सामुदायिक बीज प्रणालियों तथा जलवायु-अनुकूल खेती तकनीकों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन दिया। डॉक्टर रियाज़ ने स्थानीय बीज प्रणाली को मजबूत करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप, संस्थागत समर्थन तथा किसान-आधारित बीज प्रबंधन संरचनाओं को सशक्त बनाने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए।

किसानों और विशेषज्ञों के बीच हुए खुले संवाद में बीज पहचान, खेतों को बीज उत्पादन क्षेत्र के रूप में विकसित करना, प्रशिक्षण, भ्रमण, नमी मापक यंत्र की आवश्यकता, वायुरुद्ध भंडारण इकाइयां, किसान हाट की स्थापना, मौसमी खेती की वैज्ञानिक दृष्टि, जैविक खेती प्रशिक्षण और जैविक उत्पादों की विपणन रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## गृह रक्षा विभाग का 63वां स्थापना दिवस 6 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गृह रक्षा विभाग अपना 63वां स्थापना दिवस 6 दिसंबर को शिमला स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान सरंघीण में मनाएगा। आदेशक गृह रक्षा आठवीं वाहिनी चंबा कुशल चंद ने बताया कि यह आयोजन विभाग के सभी स्वयंसेवकों की निष्ठा, अनुशासन और देश-प्रदेश सेवा के प्रति समर्पण को समर्पित है। कमांडेंट जरनल सतवंत अटवाल त्रिवेदी ने सभी वाहिनियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जाकर विभाग की उपलब्धियों और योगदान के बारे में जनता में जागरूकता फैलाएं।

कुशल चंद ने बताया कि गृह रक्षा विभाग कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, पौधारोपण, नशा निवारण और स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान दे रहा है। इस वर्ष चंबा जिले में 70 स्वच्छता अभियान, 99 जन जागरूकता कार्यक्रम और 184 आपदा प्रबंधन ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें 21,553 लोगों को आपदा एवं अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गई। विभाग ने अग्नि सुरक्षा में करोड़ों रुपए की संपत्ति बचाई, 34 लोगों और 22 पशुधन को जानमाल से सुरक्षित रखा।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं अशोक कुमार** 49 साल पुत्र श्री भोंका राम वासी गांव व डाकघर पन्याली, तहसील गलोड़, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री आकांक्षा शर्मा मेरे कहने से बाहर है। अत: मैं अपनी पुत्री आकांक्षा शर्मा को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**Office of the Commissioner, Municipal Corporation Palampur Distt. Kangra (HP)**
No. MCP/DB-NOC/2025-8838 Dated: 18/11/2025

**E-Procurement Notice**

Online bids are hereby invited on behalf of Municipal Corporation Palampur in electronic tendering system in 2 cover system for the under mentioned works from approved and eligible contractors/firms registered in appropriate class.

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | EMD (Rs.) | Time period | Cost of Tender Form (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o hall near ravi dass Mandir Panterhar in Ward no 13 Tanda MC Palampur | 1233000.00 | 25000.00 | 6 Months | 500+18%GST |

For any other information visiton website https://hptenders.gov.in.

Commissioner
Municipal Corporation
Palampur (HP)

**धमकी** देने वाला सदा कायर होता है। शक्तिवान पुरुष कभी धमकी नहीं देता, वह तो जो चाहता है वह करके दिखा देता है।

-बर्नार्ड शॉ

## संपादकीय

# गन कल्चर से अशांत देवभूमि

शांत देवभूमि हिमाचल अब अशांत होने लगी है। ऊना में सरेआम हुए गोलीकांड में कांग्रेस के एक नेता की जान जाना और उसके बाद महज 24 घंटे के भीतर सोलन में फिर से हुई फायरिंग की घटना इस बात का संकेत है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पर कहीं न कहीं गंभीर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। यह उस बदलती मानसिकता का आईना है जिसमें बाहर से आए गुटीय संघर्ष, बढ़ते दबदबे, और हथियारों का आसान दुरुपयोग हिमाचल की शांति को निगलने लगे हैं। हिमाचल की आबोहवा में अपराध की दुर्गंध का बहना इस पहाड़ी प्रदेश के सामाजिक ढांचे के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है। बीते दो दशकों में गन कल्चर यहां पैठ बनाने लगा है। भारत में निजी तौर पर हथियारों का लाइसेंस पाना आसान नहीं है, लेकिन कानूनी प्रावधानों के आधार पर स्व-रक्षा, जीवन या संपत्ति पर खतरा, शूटिंग स्पोर्ट्स, अपनी खेती-बाड़ी की सुरक्षा, पारिवारिक विरासत के रूप में हथियार का हस्तांतरण जैसी परिस्थितियों में लाइसेंस जारी किया जाता है। आर्म्स एक्ट, 1959 में हथियार देने की प्रक्रिया, पृष्ठभूमि जांच, पुलिस वेरीफिकेशन, लाइसेंस की समय-सीमा और बंदूकों की अधिकतम संख्या को लेकर साफ-साफ नियम बने हुए हैं। बावजूद इसके, कुछ वर्षों में हथियारों का दुरुपयोग देशभर में बढ़ रहा है और इसका असर अब हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है।

सोलन में शूलिनी विश्वविद्यालय के पास बिहार के एक छात्र द्वारा खुलेआम कई राउंड फायरिंग करना सिर्फ कानून व्यवस्था को चुनौती देना ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक मर्यादा और सुरक्षित माहौल पर सीधा हमला है। छात्र राजनीति या गुटीय तनाव में बहसबाजी, बहस या मामूली झगड़े होना नया नहीं है, लेकिन किसी छात्र द्वारा पिस्तौल निकालकर हवा में गोलियां दागना हिमाचली परिवेश के लिए अप्रत्याशित, अस्वीकार्य और चिंताजनक है। हिमाचल प्रदेश में सदियों से हिंसा के बजाय संवाद और साहचर्य की परंपरा रही है, जहां शांति लोगों के व्यवहार में रची-बसी है। लेकिन सोलन की घटना ने इस विरासत पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

सबसे गंभीर पहलू यह है कि यह घटना दो राज्यों-हरियाणा और बिहार के छात्रों के बीच हुई। हरियाणा के छात्र के पिता, जिन्हें यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बुलाया था, के पास लाइसेंसी हथियार था। यह हथियार कानूनन वैध था, लेकिन जब बिहार के छात्र ने किसी भी कारण से-चाहे आत्मरक्षा में ही क्यों न हो उस हथियार को छीनकर फायरिंग कर दी, तो यह सीधी-सीधी कानूनी उल्लंघन की स्थिति है। लाइसेंसी हथियार का नियंत्रण, उसकी सुरक्षा और उसका सीमित उपयोग कानून का मूल आधार है। ऐसे में किसी और के हाथों में उसकी पहुंच होना गंभीर सुरक्षा चूक है। इससे न केवल गन लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं, बल्कि यह विश्वविद्यालय प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न खड़ा करता है कि आखिर एक छात्र द्वारा किसी के लाइसेंसी हथियार तक पहुंच कैसे संभव हो गई।

सोलन की घटना से पहले ऊना में हुई हत्या ने भी प्रदेश को झकझोर दिया था। एक जन्मदिन पार्टी में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन दोनों घटनाओं का संदेश डराने वाला है- हिमाचल में अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं और हथियारों का उपयोग सामान्य झगड़ों में होने लगा है। यह स्थिति उस हिमाचल की नहीं है जिसे लोग शांति, संस्कार, भाईचारे और सहजता के लिए जानते हैं। अगर ऐसी घटनाएं बार-बार होती रहीं तो हिमाचल का सामाजिक ढांचा प्रभावित होना तय है।

दूसरे राज्यों से आने वाले युवाओं और समूहों का व्यवहार स्थानीय संस्कृति से मेल नहीं खाता तो तनाव पैदा होना स्वाभाविक है। यह सही है कि हिमाचल एक शिक्षण हब बन चुका है और बाहर से लोग यहां पढ़ने, काम करने आते हैं, लेकिन इसके साथ सुरक्षा तंत्र में सुधार और सख्ती भी उतनी ही आवश्यक है। प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार के लिए यह बड़ा चेतावनी संकेत है। पुलिस प्रशासन को सिर्फ घटनाओं के बाद कार्रवाई करने तक सीमित रहने के बजाय, रोकथाम की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। यह जरूरी है कि विश्वविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाहरी राज्यों से आने वाले छात्रों और कर्मचारियों की बेहतर निगरानी हो, उनकी पृष्ठभूमि का रिकॉर्ड रखा जाए और सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। हथियारों के लाइसेंस की जांच-पड़ताल और भी कठोर होनी चाहिए और लाइसेंसी हथियारों को सार्वजनिक स्थलों पर लेकर आने पर सख्त प्रतिबंध होना चाहिए। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा की सदाबहार नृत्यांगना

**हेलन** (जन्म 21 नवंबर 1938, म्यांमार) हिंदी फिल्म जगत की वह अद्वितीय कलाकार हैं, जिन्होंने 70 और 80 के दशक में अपने विशिष्ट नृत्य-शैली से दर्शकों के बीच अमिट पहचान बनाई। हेलन का वास्तविक नाम हेलन रिचर्डसन खान है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वे अपने परिवार के साथ मुंबई आ गईं। पिता एंग्लो-इंडियन थे जिनका युद्ध में निधन हो गया, जबकि उनकी मां बर्मीज थीं और नर्स के रूप में काम करती थीं। आर्थिक कठिनाइयों के कारण हेलन ने स्कूल छोड़ दिया और परिवार का सहारा बनते हुए मणिपुरी, कथक तथा भरतनाट्यम जैसी नृत्य विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



हेलन
जन्म : 21 नवंबर,1938

हेलन ने 1951 में फिल्म 'शबिस्तां' और 'आवारा' में कोरस डांसर के रूप में अपना फिल्मी सफर शुरू किया। उन्हें फिल्मों में लाने का श्रेय मशहूर नर्तकी कुक्कू को जाता है। 1958 की फिल्म 'हावड़ा ब्रिज' उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई, जिसमें फिल्माया गया गीत 'मेरा नाम चिन-चिन चू' ने उन्हें रातोंरात लोकप्रियता दिलाई। आगे चलकर हेलन को बॉलीवुड की पहली 'आइटम गर्ल' के रूप में ख्याति मिली।

आशा भोसले की आवाज हेलन की नृत्य शैली की पहचान बन गई। 'ओ हसीना जुल्फों वाली,' 'पिया तू अब तो आजा', 'ये मेरा दिल', 'मूंगडा' और 'महबूबा महबूबा' जैसे गीत आज भी सिनेप्रेमियों को रोमांचित करते हैं। अपने पांच दशक लंबे करियर में उन्होंने लगभग 500 फिल्मों में अभिनय किया। 1976 में फिल्म 'लहू के दो रंग' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। 2006 में जैरी पिंटो द्वारा लिखी पुस्तक ' The Life and Times of an H-Bomb' ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। वर्ष 2009 में भारत सरकार ने हेलन को 'पद्मश्री' से सम्मानित किया। ■



कविता

## 'काटो नशे का जाल'

मुकेश विग, ठोडो ग्राउंड मोड़
जिम के पास, सोलन

**चिट्टा** हो या कोई नशा जीवन कर दे बर्बाद
जिसे लगे लत इसकी वह होता नहीं आबाद।
नशा, है धीमा जहर मत फंसो इस जाल में
तभी मुक्ति को ठाना है हिमाचल ने हर हाल में।
जन आंदोलन में सभी का जरूरी है सहयोग
जुड़े इसकी काट कर मिटेगा नशे का रोग।
नौजवां देखो कितने इसी नरो ने खा लिए
ख्याल जब भी आए नशे का इसको टालिए।
परिवार देश समाज अपना युवाओं से ही है चलता
जो न निकले इस गर्त से है हाथ अंत में मलता।
अपने प्रदेश-देश को गर रखना है खुशहाल
हर हालत में हमको काटना है नशे का जाल।
आओ सभी मिलकर इस संकल्प को दोहराएं
नशा विरोधी मुहिम में विग फर्ज अपना निभाएं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आतंकी गतिविधियों का माध्यम बनते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र लेखक



सहज संवाद और एक-दूसरे को जोड़ने का प्रमुख माध्यम सोशल मीडिया आज आतंकी गतिविधियों का भी सुरक्षित एवं गोपनीय माध्यम बनता जा रहा है। हालिया दिल्ली बम धमाके में संलिप्त व्हाइट कॉलर आतंकवादियों के परस्पर संवाद का माध्यम टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पाया गया है।

सोशल मीडिया के दुरुपयोग की यह अति अवस्था है। न्यूयार्क टाइम्स ने एक अध्ययन में 3.2 मिलियन संवादों का विश्लेषण किया है। जानकारों के अनुसार टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ही 1500 से अधिक नस्लवादी चैनल सक्रिय है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इतनी अधिक संख्या में असामाजिक गतिविधियों में लिप्त चैनलों का सक्रिय होना गंभीर चिंता का विषय है।

मानवता के लिए सबसे सम्माननीय डॉक्टरी का पेशा दिल्ली ब्लास्ट और इसके बाद दिन प्रतिदिन खुलती परतों से बेनकाब होता जा रहा है। डॉक्टर जिसका जीवन बचाने का दायित्व है वही लोगों की मौत का सौदागर बनता है तो यह मानवता के लिए शर्मनाक स्थिति है। चिंता की बात यह है कि शिक्षा का केंद्र विश्वविद्यालय इसका केंद्र पाया गया। हालांकि, फरीदाबाद के अल-फलाह विश्वविद्यालय ने अपने को आतंकवादी गतिविधियों से दूर और साफ-सुथरा होने का दावा किया है पर यह लीपापोती से अधिक कुछ नहीं लगती। अब जबकि डॉक्टर बेनकाब हो रहे हैं और इन पर कार्रवाई की बात हो रही है तो कुछ राजनीतिक दल और संगठन इनके पक्ष में दूसरी तरह की भाषा बोलने लगे हैं। समझ से परे है कि ऐसे संगठनों का उन बेगुनाह लोगों और परिवारों के प्रति क्या दायित्व नहीं होता जो इन आतंकी गतिविधियों में अकारण मौत के आगोश में चले जाते हैं या घायल होते हैं। इन प्रभावित लोगों व इनके परिवारों के प्रति भी उनकी जवाबदेही होनी चाहिए। अच्छा तो यह हो कि दूसरे तरह की भाषा बोलने वाले प्रभावित लोगों के पक्ष में आगे आएं। आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों के साझा संवाद का माध्यम टेलीग्राम प्लेटफार्म पाया गया है।

सोशल मीडिया की जहां तक बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म लोगों की पसंद, सूचनाओं को साझा करने और एक-दूसरे तक अपनी भावनाएं पहुंचाने का माध्यम बन गए हैं। सवाल इनके दुरुपयोग और इन पर आवश्यक अंकुश की आवश्यकता को लेकर है। लाख दावे करें पर यह प्लेटफार्म असामाजिक गतिविधियों व भ्रामक समाचारों पर तत्काल कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। सोशल मीडिया संदेशों की प्रतिक्रिया में लोगों का जुट जाना और भीड़ का आक्रोशित हो जाना आज आम है। यही कारण है कि कानून व्यवस्था के जिम्मेदार सबसे पहले उस क्षेत्र में इंटरनेट सेवाओं को स्थगित करना श्रेयस्कर समझते हैं। यह भी सही है कि अधिकांश सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का संचालन विदेशी धरती से हो रहा है। यह दुर्भाग्य है कि लाख प्रयासों के बावजूद देश में बने सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी पहचान बनाने व अधिकांश देशवासियों के चहेते बनने में सफल नहीं हो पाए। आज फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंकड्विन, यूट्यूब, व्हाट्सऐप या ट्विटर, टिकटॉक, स्नैपचेट, पिंटरेस्ट, वीचैट, रेडिट, टेलीग्राम आदि आदि प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्म संचालन की डोर विदेशियों के हाथ है। हमारे देश में यूट्यूब, वाट्सऐप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन आदि सोशल प्लेटफार्म अधिक चलन में हैं तो वाट्सऐप और इंस्टा की पहुंच आम लोगों तक है। दुनियाभर में 5 अरब 41 लाख से अधिक लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर रहे हैं।

जहां तक टेलीग्राम प्लेटफार्म का सवाल है तो यह सर्वविदित है कि आतंकवादी गतिविधियों का यह केंद्र रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में जेलेंस्की द्वारा इस प्लेटफार्म का उपयोग किया गया है तो हांगकांग-बेलारूस द्वारा भी इसका उपयोग इसी तरह से किया जाता रहा है। दरअसल, टेलीग्राम को आजादी की आवाज कहा जाता है। रुस के दो भाइयों पॉवेल ड्यूरोव और निकोलोई ड्यूरोव द्वारा तैयार और संचालित इस प्लेटफार्म का दावा है कि वह डाटा शेयर नहीं करता। इस पर प्रसारित संदेशों को कोई तीसरा नहीं देख या पढ़ नहीं सकता। यही कारण है कि सुरक्षित व गोपनीयता के दावे के चलते इस तरह की गतिविधियों को संचालित करने वाले ग्रुप इस प्लेटफार्म पर सक्रिय हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सदस्य बनाने, हिंसा फैलाने, पैसा जुटाने, नशीली दवा, हथियार जुटाने, नफरत के संदेश फैलाने आदि असाामाजिक गतिविधियों में प्लेटफार्म का उपयोग किया जाता है। जहां तक टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म की बात है तो बेहद सीमित कर्मचारियों द्वारा संचालित इस प्लेटफार्म पर ऐसी गतिविधियों की निगरानी, आपत्तिजनक सामग्री हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की उम्मीद करना बेमानी है।

ऐसे में जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म आज लोगों की जरूरत बन चुका है तो इन प्लेटफार्मों के संचालकों के लिए एक आदर्श एसओपी जारी करने के साथ इन पर असामाजिक, समाज विरोधी, आतंकवादी, भ्रम फैलाने वाली या इसी तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की आवश्यकता हो गई है। सवाल देश की सुरक्षा और आंतरिक शांति और सद्भावना का है तो फिर सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का समझना होगा।

सरकार की तरफ से इस तरह की गतिविधियों में लिप्त प्लेटफार्मों पर रोक या सख्त कार्रवाई करने में किसी तरह की देरी व संकोच नहीं किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी मूल भूमिका संवाद, साझा जानकारी, स्वस्थ्य मनोरंजन और एक-दूसरे को जोड़ने जैसे मूल्यों को लेकर आगे आना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सिद्धांतों का क्षय और अवसरवाद का उदय : राजनीति की नई चुनौती



हितेन्द्र शर्मा
लेखक एवं साहित्यकार
कुमारसैन, शिमला, (हि.प्र)



भारतीय लोकतंत्र अपने विस्तार में जितना व्यापक है, उतना ही जटिल भी। यहां राजनीति केवल शासन का साधन नहीं, बल्कि समाज के मनोविज्ञान, मूल्य बोध और महत्वाकांक्षाओं का जीवंत मंच है। इसका हर मौसम नया संदेश लेकर आता है और चुनावी मौसम तो विशेष रूप से ऐसा समय है जब राजनीति का रंगमंच अचानक नए पात्रों और नए दावों से भर उठता है। वे चेहरे, जो कल तक किसी भी विचारधारा से दूरी बनाए रखते थे, अचानक उसके सबसे मुखर प्रवक्ता बनकर सामने आते हैं।

यह दृश्य भले बहस को रोचक बनाए पर यह लोकतंत्र की नैतिकता पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है। सत्ता-परिवर्तन की संभावनाएं जिस तरह लोगों को अपने रुख और स्वर बदलने के लिए प्रेरित करती हैं, वह राजनीति के चरित्र पर गहराई से विचार करने को विवश करता है। भारतीय राजनीति में विचारधारा कभी दिशा देने वाली शक्ति मानी जाती थी। पर अब विचारधारा एक ऐसे परिधान की तरह दिखने लगी है जिसे समय, अवसर और हित के अनुसार बदला जा सकता है।

हवा जिस ओर बहती हो, झंडा उसी ओर थाम लेने की प्रवृत्ति तेज हुई है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं बल्कि व्यापक राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बनती जा रही है। धर्म, संस्कृति और राष्ट्रवाद जैसे मूल तत्व अब कई लोगों के लिए जीवन मूल्य नहीं बल्कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का साधन बनते दिखाई देते हैं। परिणामस्वरूप, मूल्यों का यह बाजारीकरण लोकतंत्र के लिए एक मौन लेकिन गंभीर चुनौती तैयार कर रहा है।

विवाद किसी भी समाज के नैतिक कद की परीक्षा होते हैं। ऐसे समय में नेतृत्व की स्पष्टता और जिम्मेदारी सामने आनी चाहिए। लेकिन आज की राजनीति में एक अलग ही परिघटना देखने को मिल रही है विवाद के क्षणों में मौन ओढ़ लेना और अवसर के क्षणों में मुखर हो जाना। कई चेहरे ऐसे हैं जो समाज के संवेदनशील मुद्दों पर लंबे समय तक चुप रहते हैं और जैसे ही चुनावी वातावरण गर्म होता है, वही चेहरे अचानक सक्रिय हो जाते हैं। यह मौन ईमानदारी नहीं, बल्कि राजनीतिक सुविधा का ऐसा आवरण है जो किसी भी सिद्धांत को क्षणिक बना देता है। राजनीति में यह मौसमी सर्ि यता लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण का संकेत है।

राजनीतिक दलों के लिए भी यह समय एक गंभीर परीक्षा का है। अवसरवादी चेहरों का अचानक उदय और दलों में उनकी तेजी से होती एंट्री संगठन की संस्कृति पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। वर्षों से कार्यरत जमीनी कार्यकर्ता, जिन्होंने समाज में संवाद बनाए रखा और संगठन को मजबूती दी, अक्सर किनारे कर दिए जाते हैं। गणित निष्ठा पर भारी पड़ जाता है और उम्मीदवार चयन में सिद्धांतों की जगह जोड़-घटाव का प्रभाव बढ़ जाता है। यह समस्या सभी राजनीतिक दलों की साझा चुनौती बन चुकी है। लोकतंत्र की असली ताकत जनता में निहित है। वही सत्ता देती है और वही उसे बदलने का अधिकार रखती है। प्रश्न यह है कि क्या समाज केवल भाषणों के आधार पर अपनी राय बनाएगा? क्या वह उन चेहरों को स्वीकार करेगा जो कठिन समय में चुप रहते हैं और सुविधाजनक समय में ही सक्रिय होते हैं? यदि जनता सवाल पूछने की संस्कृति को अपनाती है, तो राजनीति में अवसरवाद की प्रवृत्ति कमजोर होगी, लेकिन यदि जनता मौन रहती है, तो ऐसे तत्व और मजबूत होते जाएंगे और लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर पड़ती जाएगी।

राजनीति का भविष्य न नारों से तय होगा और न त्वरित लोकप्रियता से। इसका निर्धारण निष्ठा, कार्य और सार्वजनिक जीवन की जिम्मेदारी से होगा। राष्ट्रवाद, धर्म और संस्कृति तब तक सार्थक नहीं बन सकते जब तक वे आचरण में न उतरें, केवल मंचों पर उनके उद्घोष करने से उनका अर्थ खोखला पड़ जाता है। राजनीति को आज सबसे अधिक नुकसान उन्हीं चेहरों से हो रहा है जो परिस्थिति के अनुसार अपनी विचारधारा बदल लेते हैं और सत्ता की संभावना देखते ही अपना रुख परिवर्तित कर लेते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पर्यावरण संकट के दौर में घराट का महत्व : कम लागत, अधिक लाभ



रवि कुमार
गांव मैहरी, तहसील घुमारवीं
जिला बिलासपुर, (हि.प्र)



घराट शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के घरट्ट से हुई मानी जाती है जिसका अर्थ है घर्घर की आवाज करते हुए अन्न पीसना।

पहाड़ी क्षेत्रों में नदियां और खड्डें-नाले अपने पूरे वेग से बहते हुए अपना अस्तित्व स्थापित करते हैं और यहां-वहां ऊंचाइयों से गिरकर अक्षय ऊर्जा के स्रोत बन जाते हैं ।

ऊर्जा के इन्ही स्रोतों का लाभ वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले हमारे पुरखे सदियों से अन्न पीसने में पनचक्की ( घराट ) के रूप में करते आ रहे हैं । घराट एक ग्रामीण चक्की है जो भौतिक विज्ञान के सिद्धांत के अनुसार झरने या नदी के पानी की स्थितिज ऊर्जा को सैंकड़ों मीटर की ऊंचाई से गिराकर गतिज ऊर्जा में परिवर्तित करने के फलस्वरूप अन्न पीसने के कार्य में काम आती है।

घराट के लिए ऊपर नीचे दो मंजिलें कच्चे/ पक्के कमरे तैयार किए जाते हैं। फर्श के नीचे का भाग जलमग्न होता है तथा फर्श पर चक्की स्थिर होती है। चक्की के दोनों पाटों के बीच गोल सुराख में शाफ्ट से लकड़ी का एक पंखा लगाया जाता है जो पानी के ढलानदार तेज बहाव के कारण तेजी से घूमता है । इसी के परिणामस्वरूप चक्की का ऊपर वाला पाट ( वाट्ट ) घूमता है तथा चक्की के ऊपर लकड़ी की शंकुवाकार (कीपदार ) ओडली (कंटेनर ) से अनाज का दाना दाना सतत क्रम से पाटों के बीच बारीक - बारीक ( महीन ) पिसा जा सकता है। घराट लगाने व चलाने का कार्य तकनीकी जानकारी वाला उद्यमी ही कर सकता है। घराट लगाने के लिए सर्वप्रथम सदाबहार नदी नाले का चुनाव किया जाता है। फिर नदी/नाले के पानी को घराट की क्षमता के अनुसार एक कूहल द्वारा पानी की आवाजाही इस प्रकार व्यवस्थित की जाती है ताकि पाटों से लगे साफ्टों वाले पंखे को पूरे वेग से घुमाएं।

वैसे तो पनचक्की (घराट) बारहमासा लघु उद्योग है, लेकिन बरसात/बारिश के मौसम में इसे अक्सर बाढ़ या मिट्टी की गाद जमा होने के भय से बंद कर दिया जाता है। एक ही जलधारा से प्रत्येक घराट की उचित ढलान बनाने पर अनेकों घराट चलाए जा सकते हैं। आज पूरा विश्व पर्यावरण प्रदूषण की विकट समस्या से प्रभावित हो रहा है । अनवीकरणीय स्रोतों के अंधाधुंध प्रयोग से मानव का भविष्य अक्षय ऊर्जा के अधिकाधिक प्रयोग की पहल में ही सुरक्षित जान पड़ता है। घराट चलाने में न बिजली की मोटर की जरूरत है न अधिक खर्च की। पहाड़ों में तो घराट को गरीब का कारखाना भी कहा जाता है। घराट का पिसा आटा मीठा, स्वादिष्ट व पौष्टिक होता है। इस आटे से बनाई गई रोटियां, बिजली की मोटर चलित आटा चक्की से पिसे आटे की बनी रोटियों की अपेक्षा अधिक समय तक मुलायम तो रहती ही हैं साथ ही साथ अधिक पौष्टिक व सुपाच्य भी होती है। घराट के आटा पिसाई दर भी आटा चक्कियों की पिसाई दर से आधे से भी कम है। अच्छी गुणवत्ता वाला घराट मक्की का आटा पंद्रह किलो/घंटा की गति से बारीक (महीन) पीसता है। घराट लगातार चार-पांच दिन चलाने के बाद इसे करीब तीन-चार घंटे का विश्राम दिया जाता है। लगातार एक सप्ताह तक अन्न पीसने के फलस्वरूप घराट के पाट व तोई के कुछ घिस जाने पर थोड़ू (हथौड़े) व छैनी के साथ इसे खुरदरा ( राहणा )किया जाता है। इस राहणे की प्रक्रिया के बाद के प्रथम एक घंटे तक के अन्न को पीसने के बाद इसे फेंक दिया जाता है ताकि उसमें घराट के पाटों के पत्थर के बारीक कण शेष न रह जाएं। तत्पश्चात घराट आटा पीसने के कार्य में पूर्ण रूप से तैयार हो जाता है। पुराने समय में बिलासपुर जनपद के सीर, शुक्र, सरयाली, गंभर, गंभरोला, अली खड्डों आदि के घराट काफी प्रसिद्ध रहे थे।

सरकार व पुरातत्व विभाग को पुरातन संस्कृति संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पनचक्की ( घराट ) के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए समुचित प्रयास करने चाहिए। घराटों के सरंक्षण के कार्य में लगे व्यक्तियों को वित्तीय प्रोत्साहन के लिए भी योजनाएं बनाकर व उन्हें अमलीजामा पहनाकर पर्यावरण व पुरातन समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में प्रयास समय की पुरजोर मांग है ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व टेलीविजन दिवस : स्क्रीन से समाज तक बदलते दौर का प्रतिबिंब



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं




दुनियाभर में हर वर्ष 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मनोरंजन से लेकर शिक्षा, सूचना से लेकर जनजागरूकता तक, टेलीविजन आज भी हमारे सामाजिक ढांचे का एक अहम हिस्सा है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उस प्रभाव का सम्मान है, जिसे सामूहिक रूप से 'टीवी' ने विश्व समाज पर छोड़ा है।

बीसवीं सदी में जब टेलीविजन का आविष्कार हुआ, शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक साधारण स्क्रीन के जरिए पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ जाएगा।

चाहे खेल हो या राजनीति, आपदाएं हों या उपलब्धियां, मनोरंजन हो या शोध, टेलीविजन ने इन सब घटनाओं को लोगों की आंखों के सामने जीवंत कर दिया है। किसी भी आपदा के समय आज टीवी नहीं, टीवी में दिखती एकता बोलती है। यह बात कोविड-19 महामारी और विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बार-बार साबित हुई है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों और मोबाइल ऐप की तेजी के बावजूद टेलीविजन आज भी बड़ी आबादी का प्राथमिक और विश्वसनीय सूचना माध्यम है।

खासकर भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में जहां ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीविजन ही मनोरंजन का प्रमुख साधन है। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर वरिष्ठ नागरिकों के बीच संचार के विभिन्न साधनों के बीच भी टेलीविजन अपनी गहरी पकड़ बनाए हुए है।

गांव के आम लोगों में टीवी की जगह आज भी कोई और माध्यम नहीं ले पाया है। वर्तमान टीआरपी की दुनिया ने टीवी को सिर्फ एक उपकरण नहीं, बल्कि भावनाओं की प्रयोगशाला बना दिया है। आज धारावाहिकों में दिखने वाली पारिवारिक कहानियां, रियलिटी शो की चमक और खेल प्रसारण में उमड़ता हुआ उत्साह,इ न सबने टीवी को हर घर का सदस्य बना दिया। कई सामाजिक मुद्दे जैसे बेटी बचाओ, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण आदि को जन-जन तक पहुंचाने में टीवी ने क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आज टेलीविजन सिर्फ समाचार या मनोरंजन नहीं दिखाता, बल्कि समाज की सोच और समस्याओं को भी सामने लाता है। टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले भ्रष्टाचार पर आधारित कार्यगिम, स्वास्थ्य जागरूकता श्रृंखलाएं, शिक्षा पर आधारित डॉक्यूमेंट्रीज तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान, इन सबने लोगों की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाने में बड़ा योगदान दिया है। आज ओटीटी प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और मोबाइल वीडियो सामग्री ने टीवी के सामने चुनौती जरूर खड़ी की है, लेकिन इसकी विश्वसनीयता और व्यापक पहुंच इसकी ताकत है। टीवी का भविष्य अब 'हाइब्रिड' रूप में दिख रहा है। वर्तमान समय में इंटरनेट से जुड़े स्मार्ट टीवी, ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग तथा इंटरेक्टिव कंटेंट, इन सबने टेलीविजन को और भी आधुनिक और उपयोगी बना दिया है। इस प्रकार विश्व टेलीविजन दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि कैसे इस माध्यम ने न सिर्फ हमारे जीवन को प्रभावित किया है, बल्कि यह समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार भी बना है। जहां फर्जी खबरों और अव्यवस्थित डिजिटल सूचनाओं का दौर है, वहां टेलीविजन जैसे नियमनयुक्त और जिम्मेदार माध्यम की जरूरत पहले से ज्यादा है। अत: टेलीविजन सिर्फ मनोरंजन का ही साधन नहीं, बल्कि यह समाज का आईना, लोकतंत्र का प्रहरी और सूचना का भरोसेमंद केंद्र भी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नर्तवम एनजीओ ने बच्चों को बांटी कॉपी-पेंसिल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बाल अधिकार दिवस के अवसर पर नर्तवम एनजीओ ने सरकाघाट क्षेत्र में स्कूली बच्चों को कॉपी, पेंसिल और आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान और खेलने जैसे मूल अधिकारों की जानकारी दी गई। हर्ष ठाकुर, पंकज नेगी और साहिल ठाकुर ने बच्चों को अधिकारों का महत्व सरल भाषा में समझाया। एनजीओ ने समाज से बच्चों के समग्र विकास में सहयोग का आह्वान किया। बच्चे उत्साहित रहे और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

### स्वास्थ्य और सफाई पर जागरूकता व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंदरनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में महिला सेल, एनएसएस और रेड रिबन क्लब ने पीएचसी चंदेश के सहयोग से स्वास्थ्य एवं सफाई पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित किया। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल की अध्यक्षता में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीर विक्रम सिंह, पल्लवी देवी और किराना देवी ने मधुमेह, यकृत रोग, एचआईवी, कैंसर, जलजनित बीमारियों और खाद्य मिलावट पर जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रेखा ने किया। एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब और कई छात्रों ने भाग लिया।

### पाइलिंग मशीन ब्यास में गिरी, एक लापता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बिंद्रावणी पुल बाइपास पर बुधवार देर रात ब्यास नदी में पाइलिंग कार्य के दौरान शाइनी एसआर 285 मशीन अचानक पलट गई। मशीन का 21 वर्षीय संचालक तनवीर आलम, निवासी सतूर गंज मोहनियां, बिहार, लापता हो गया। यह मशीन गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा पुल निर्माण के लिए बालाजी इंटरप्राइजेज से किराए पर ली गई थी। पुलिस, प्रशासन और कंपनी प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ द्वारा नदी और आसपास क्षेत्रों में खोज अभियान चलाया जा रहा है। भाखड़ा-ब्यास बोर्ड ने जलस्तर कम करने में सहयोग दिया।

### वर्धमान वस्त्र उद्योग 26 को करेगा भर्ती

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आईटीआई जोगिंद्रनगर में 26 नवंबर को वर्धमान वस्त्र उद्योग बद्दी की ओर से बुनाई मिल के लिए भर्ती अभियान आयोजित कर रहा है। भर्ती में 50 प्रशिक्षित युवाओं का चयन किया जाएगा। दसवीं, बारहवीं या आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी, आयु 18-25 वर्ष और न्यूनतम वजन पुरुष 50 किलोग्राम, महिला 45 किलोग्राम होना आवश्यक है। उम्मीदवार मूल प्रमाण पत्र, आधार, पैन कार्ड और पासपोर्ट आकार का फोटो साथ लेकर आएं। प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने सुरक्षित कार्य वातावरण और रोजगार अवसरों की जानकारी दी।

### डैहर स्कूल में होनहार किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डैहर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हिमाचल के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या मीना गुप्ता ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने हिमाचल की शिक्षा प्रगति की जानकारी दी और छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# धनोटू-महादेव मार्ग का चौड़ीकरण कार्य लटका

## सभी दावे खोखले साबित: गंदगी से भरी नालियां; वातावरण हो रहा प्रदूषित, जनता बेहाल

- सड़क मरम्मत के लिए भी तरस रही
- लंबित पड़ी है फुटपाथ और वर्षाशालिका बनाने की मांग

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान


चौड़ीकरण का लटका काम।
बहती गंदगी।

अनंत ज्ञान मुद्दा

**महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 से जुड़ने वाले धनोटू-महादेव मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर लंबे समय से बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी यह कार्य धरातल पर नहीं उतर पाया है।

इस भीड़भाड़ वाले मार्ग के किनारों पर फुटपाथ एवं वर्षाशालिका बनाने की मांग भी पिछले कई बरसों से की जा रही है, लेकिन लोगों को अब तक निराशा ही हाथ लगी है। नाचन विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद कुमार ने यहां विकास करने को लेकर कई सब्जबाग दिखाए थे, जिसमें गांव धनोटू से लेकर महादेव के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की बात भी शामिल थी। विकास कितना हुआ जनता सब जानती है। यह सड़क मरम्मत के लिए भी तरस रही है। सड़क मार्ग किनारे गहरी खाइयों में तब्दील हो गया है यानी यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि किनारों का एक बड़ा भाग अतिक्रमण के चलते कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है और गंदा नाला बनकर भी रह गया है। इससे प्रदूषण की स्थिति बनी हुई है तथा पदयात्रियों सहित कई क्षेत्रों में जुड़े लोग सियासतदानों की कारगुजारी की दोहरी मार झेलने को मजबूर हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग की नाक तले धनोटू-महादेव के इस बदहाल मार्ग की नालियों से उठती दुर्गंध किसी मल मूत्र की गंदगी से कम नहीं है, जो रोजाना हवा में जहर घोल रही है और इस दिशा में व्यापक सुधार करने में संबंधित विभाग अपनी असमर्थता जगजाहिर कर रहा है, जो बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। धनोटू की घनी आबादी के बीच जहां बीडीओ कार्यालय है, उसके ठीक सामने लोक निर्माण विभाग का कार्यालय स्वयं गंदी नाली से अटा पड़ा है, जहां इस गंदी नाली के एक बड़े भाग में खासकर शाम के समय मल मूत्र का बहाव छोड़ दिया जाता है, जिससे वातावरण अत्यंत दूषित हो जाता है और यह क्षेत्र रहने योग्य नहीं रह जाता, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग गंभीर नहीं दिखते। स्थानीय लोगों ने पंचायत सहित प्रशासन, लोक निर्माण विभाग से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही नालियों की समुचित सफाई व्यवस्था अपनाते हुए धनोटू-महादेव संपर्क मार्ग के किनारों से फालतू की सामग्री हटाकर तमाम तरह का कायाकल्प किया जाए।

### 23 तक चलेगा श्री सत्य साईं बाबा का जन्मोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्री सत्य साईं बाबा के 100वें जन्म महोत्सव के अंतर्गत साईं चरण कमल मंदिर में सप्ताह भर से आयोजित कार्यक्रम 23 नवंबर तक चलेगा। बाल विकास के तहत बच्चों की प्रस्तुतियां, नागचला स्थित विशेष बच्चों के साथ साईं भक्तों द्वारा सर्वधर्म भजन तथा केक काटना, भंगरोटू के वृद्ध आश्रम में केक काटना और भजन प्रस्तुत कर प्रसाद वितरण, महिलाओं द्वारा शक्ति स्वरुपपीनी दिवस में नेता सुभाष चंद्र बोस क्षेत्रीय अस्पताल में डॉक्टर दिनेश ठाकुर चिकित्सा अधीक्षक के माध्यम से नवजात शिशुओं को बेबी कीट व प्रसाद प्रदान करना, महिला सशक्तिकरण के विषय को लेकर साई समिति की महिलाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा की उपस्थिति में संगोष्ठी करना आदि प्रमुख कार्यक्रम रहे। समिति संयोजक योगेंद्र पाल सरोच ने बताया कि 21 नवंबर को पालकी उत्सव होगा तथा 23 नवंबर को 100वां जन्मदिन साईं चरण कमल में मनाया जाएगा।

# भारत ज्ञान परंपरा के आधार पर पुन: विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर: राज्यपाल शुक्ल

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में उत्कृष्ट होनहार किए सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी


विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय मंडी के अमृत महोत्सव सभागार में आज 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद एवं नशामुक्त भारत अभियान' पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसके मुख्य अतिथि महामहिम शिव प्रताप शुक्ल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य (डॉ.) ललित कुमार अवस्थी ने की।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रांगण में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के साथ आरंभ कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण आचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि दो माह पूर्व प्रारंभ विशेष युवा अभियान के अंतर्गत वाद-विवाद, निबंध, पोस्टर, स्लोगन लेखन, युवा संवाद और जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, लघुनाटक और नशामुक्ति विषयक प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, जो युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का सशक्त उदाहरण रहीं। कुलपति आचार्य (डॉ.) अवस्थी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, अनुसंधान प्रयासों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि भारत तीव्र गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और 2047 तक सशक्त भारत के निर्माण की आधारशिला युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ज्ञान परंपरा के बल पर पुन: विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और संकल्प ही सिद्धि का मार्ग है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने डॉ. राकेश कुमार शर्मा की पुस्तक 'लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल नेतृत्व एवं एकता—छायाचित्रों में एक प्रेरणादायक यात्रा' का विमोचन किया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हिमाचली नाटी ने समारोह को लोक-संस्कृति के रंगों से सराबोर किया।

वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों चंदन जसवाल, पूनम ठाकुर, प्रोमिला, उर्मिला ठाकुर, सुनाक्षी, प्रियंका ठाकुर, ध्रुव, आशा देवी, मीनाक्षी, पूजा शर्मा, सौरभ एवं ओजस्वी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, महापौर वीरेंद्र भट्ट, एसडीएम डॉ. मदन कुमार, एसपी साक्षी वर्मा, उपमंडलाधिकारी रूपेंदर कौर सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष और अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन कुलसचिव शशिपाल नेगी के धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# कर्मचारियों के एरियर के लिए सरकार ने बनाया अलग हेड, पर पेमेंट रुकी

आदर्श, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान खास खबर

**नेरचौक।** न्यायालय के आदेशों पर मिलने वाले कर्मचारियों के एरियर के लिए सरकार ने अलग हेड स्थापित किया है। प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को राहत प्रदान करने यानी कर्मचारी की न्यायालय के आदेशों पर मिलने वाली पेमेंट का शीघ्र भुगतान करने के लिए यह हेड बनाया है, लेकिन राहत मिलने के बजाय इस हेड के कारण कर्मचारियों की लाखों रुपए की पेमेंट रुक गई है। प्रदेश सरकार के वित्त विभाग की ओर से 17 मई, 2025 को इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर सभी प्रशासनिक सचिवों व विभागों के मुखियों को यह निर्देश जारी किए गए हैं कि न्यायालय के फैसले पर कर्मचारियों के पैसे का भुगतान करने के लिए सभी विभाग वित्त विभाग से स्वीकृति प्रदान करेंगे। तत्पश्चात ही कर्मचारियों की पेंडिंग पेमेंट का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा

### ट्रेजरी से नहीं हो रहा है बिलों का भुगतान

**वित्त** विभाग की ओर से अधिसूचना जारी होने के उपरांत ट्रेजरी से वर्तमान में कर्मचारियों के बिलों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ट्रेजरी से बिलों पर ऑब्जेक्शन (आपत्ति) लगने के उपरांत संबंधित विभाग कर्मचारियों के एरिया के बिलों को वित्त विभाग को भेज रहा है। वित्त विभाग की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद ही अब कर्मचारियों को एरियर का भुगतान हो पाएगा। इस अधिसूचना के उपरांत प्रदेश में कर्मचारियों के एरियर व पेमेंट का भुगतान शीघ्र होने के बजाय इसकी प्रक्रिया लंबी हो गई है और पिछले कई दिनों से कर्मचारियों के बिल न्यायालय के आदेशों के बावजूद फाइलों में ही घूम रहे हैं। पूर्व की व्यवस्था के मुताबिक, न्यायालय के आदेशों पर एक लाख से ज्यादा की पेमेंट का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा कर्मचारियों को पांच किस्तों में किया जाता था, लेकिन अब ऐसे मामलों पर भी अस्थाई तौर पर रोक लग गई है। अधिसूचना जारी होने से पहले के ऐसे मामलों में भी अब वित्त विभाग की स्वीकृति मिलने पर ही पेंडिंग किस्तों का भुगतान संभव हो पाएगा।

### कई मामले फाइलों में लटक कर रह गए

**अदालत** ने अधिकांश मामलों में कर्मचारियों की देनदारियां चार सप्ताह में क्लीयर करने के सरकार को आदेश जारी किए हैं। मगर वित्त विभाग की ओर से 17 मई, 2025 की अधिसूचना के चलते कर्मचारियों के ऐसे प्रदेश में कई मामले हैं, जो फाइलों में लटक कर रह गए हैं।

> **कर्मचारियों** के न्यायालय के माध्यम से हल हुए मामलों में कर्मचारियों को समय पर पेमेंट का भुगतान करने के लिए सरकार ने नई व्यवस्था की है, ताकि ऐसे मामलों में पारदर्शिता रहे। कर्मचारियों को उनका हक समय पर मिले तथा न्यायालय के आदेशों की भी अनुपालना हो। इन सभी पहलुओं के मध्यनजर नई व्यवस्था की गई है। इसे पटरी पर लाने के लिए थोड़ा सा समय अवश्य लग रहा है, लेकिन शीघ्र ही इस व्यवस्था के तहत कार्य सुचारु रूप से शुरू हो जाएगा, जिससे इस व्यवस्था से कर्मचारियों के हक में अच्छे परिणाम आना शुरू होगे।
>
> **- दिवेश कुमार, प्रधान सचिव, वित्त विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार।**

# लावारिस पशुओं से फसलों को नुकसान ग्रामीणों ने मिलकर किया समाधान

अनंत ज्ञान, मंडी

**बालहड़ी** पंचायत के तड़ाई गांव में पिछले कई दिनों से तीन बेसहारा बछड़ों द्वारा फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा था। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से चंदा एकत्रित कर इन बछड़ों को बांके बिहारी गौ सदन में सुरक्षित रूप से छोड़ने का निर्णय लिया।

इस दौरान एक हृदयविदारक घटना भी सामने आई, जिसमें एक छोटे बछड़े को जंगल क्षेत्र में पागल कुत्ते ने काटकर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। स्वयंसेवी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि गांव में बेसहारा पशुओं को छोड़ने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे किसानों को आर्थिक हानि के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पशु छोड़ने वालों पर प्रशासन को कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और आवश्यक होने पर कठोर कार्रवाई भी की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। दीनानाथ शर्मा ने अपील की कि समाज को मिलकर गौ-धन की सुरक्षा और प्रबंधन में सहयोग करना चाहिए, जिससे न किसानों को हानि हो और न ही जानवरों को संकट का सामना करना पड़े।

# जयराम ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान


बालीचौकी में बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते जयराम ठाकुर।

**बालीचौकी।** नेता प्रतिपक्ष एवं स्थानीय विधायक जयराम ठाकुर ने वीरवार को बालीचौकी में 88 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर दरंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

जयराम ने कहा कि बालीचौकी क्षेत्र अब विकास के मामले में काफी आगे निकल गया है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब यहां मात्र एक सब तहसील हुआ करती थी, लेकिन उन्होंने जब से सराज का प्रतिनिधित्व किया, तब से बालीचौकी ने विकास के नए आयाम छुए हैं। उन्होंने कहा कि सब तहसील के सफर से चल कर बालीचौकी इस समय एसडीएम कार्यालय के रूप में एक महत्वपूर्ण संस्थान के रूप में परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने कहा कि अपने मुख्यमंत्री काल में उन्होंने बालीचौकी में जल रक्षा विभाग का मंडल कार्यालय, खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सिविल अस्पतालों, पुलिस थाना जैसे महत्वपूर्ण संस्थान खोले थे, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली सुक्खू सरकार ने न केवल यह संस्थान बंद किए, बल्कि अब भी बचे खुचे संस्थानों को ट्रांसफर करवा कर घटिया मानसिकता का परिचय दे रही है। जयराम ने कहा कि इस क्षेत्र में 3 साल बीत जाने के बावजूद सरकार एक भी विकासात्मक योजना का पत्थर नहीं लगा पाई है और आज उन्होंने 3 साल में पहली बार किसी योजना का शिलान्यास किया है। इस अवसर पर दरंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने भी 7 मास बाद किसी राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मंच से अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को खूब लताड़ लगाई। इस अवसर पर पंचायत समिति बालीचौकी के अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं कई अधिकारी एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। वहीं, बालीचौकी में 88 लाख रुपये की लागत से बन रहा पंचायत सामुदायिक केंद्र अनूठा होगा। स्थानीय निवासी यशवंत ठाकुर ने 11 बिस्वा भूमि (50 लाख मूल्य) दान की। पंचायत समिति के 19 सदस्यों ने 25 लाख, साथ ही सराज और मंडी सदर से 35 लाख रुपये जुटाए। अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर के प्रयास की लोगों ने सराहना की।

# गुम्मा में सड़क हादसे में शिक्षक की मौत, शव परिजनों को सौंपा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**उपमंडल** जोगिंद्रनगर के गुम्मा क्षेत्र में बुधवार रात हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार (55) पुत्र शिव राम, निवासी गांव डोहग की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

अनिल एक सेवानिवृत्ति समारोह से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान गुम्मा में हनुमान मंदिर के पास उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अनिल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा में टीजीटी के पद पर कार्यरत थे। वहीं, सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू होने पर चिकित्सकों ने शव को नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर करने की बात कही। इस पर अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजनों और गांव के लोगों ने आपत्ति जताई। परिजनों का कहना था कि पोस्टमार्टम जोगिंद्रनगर अस्पताल में ही किया जाए। बेटे ने भी इस संबंध में लिखित अनुरोध दिया। स्थिति को संभालने के लिए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर तैनात रही। लोगों को शांत करने के बाद चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी की और बाद में शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### सीनियर फुटबाल ट्रायल में 22 खिलाड़ियों का चयन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सीनियर फुटबाल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल पडुल मैदान में हुआ। इसमें जिलेभर से आए हुए 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फुटबाल संघ के अध्यक्ष लीला विलास ने बताया कि ये खिलाड़ी राज्यस्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

वहीं, 22 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनका कोचिंग कैंप मंडी के पड्डल मैदान में लगाया जाएगा। इस अवसर पर फुटबाल संघ के सभी पदाधिकारी प्रवीण शर्मा, जगदीश राजा, वीरेंद्र सेन,मितू कमल किशोर, पंकज शर्मा मौजूद थे।

# सर्व देवता सेवा समिति की पुरानी कार्यकारिणी बरकरार


सर्व देवता सेवा समिति की आमसभा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

सर्व देवता सेवा समिति की आमसभा देव सदन/संस्कृति सदन मंडी में शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

चुनाव प्रक्रिया पर विचार के दौरान घनश्याम कारदार देव छण्डैल सरोआ ने पुरानी कार्यकारिणी को यथावत रखने का प्रस्ताव रखा, जिस पर भीमचंद सरोच और खीमे राम ने सहमति दी। सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से कार्यकारिणी को आगामी तीन वर्षों के लिए पुन: चुना और अध्यक्ष को अन्य सदस्यों के चयन का अधिकार प्रदान किया। भूमि मामलों में छह मामलों को उपायुक्त ने स्वीकृत किया है और तीन अन्य शीघ्र स्वीकृत होंगे। शिवरात्रि के दौरान देवताओं के लिए अस्थायी पैगोडा तंबू लगाने का सुझाव साझा किया गया, जिस पर सहमति बनी।

कारदारों ने सरकार से आग्रह किया कि देवस्थलों को पर्यटन का स्वरूप न दिया जाए और सड़कें देवस्थलों से दो-तीन किलोमीटर दूर से बनें, ताकि उनकी गरिमा सुरक्षित रहे। सदस्यों ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि पंजीकृत देवी-देवताओं के बैठने और ठहरने की उचित व्यवस्था तक किसी नए देवता का पंजीकरण न किया जाए।

**श्रद्धा** सैकड़ों भक्तों ने किए देव दर्शन, देव संस्कृति और प्राचीन लोक पद्धतियों का अनूठा संगम

# ममलेश्वर महादेव की बूढ़ी दिवाली संपन्न

पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान



**करसोग।** हिमाचल प्रदेश की देव संस्कृति और प्राचीन लोक पद्धतियों का अनूठा संगम करसोग उपमंडल के ममेल में आयोजित बूढ़ी दिवाली में दिखा। मार्गशीर्ष अमावस्या की रात्रि को आयोजित यह पारंपरिक उत्सव, जो कार्तिक की दिवाली के एक माह बाद मनाया जाता है, स्थानीय आस्थाओं, लोक कथाओं और देव मान्यताओं का अद्भुत परिचय है।

ममलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देव दर्शन किए और पूरी रात चलने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। मंदिर के पुजारी अरविंद और नीतु भारद्वाज ने बताया कि बूढ़ी दिवाली का आयोजन 19 नवंबर की रात को संपन्न हुआ। परंपरा के अनुसार बूढ़ी दिवाली का पहला निमंत्रण देव 'अलैड़ी/ड़ैढी' को दिया जाता है। मुख्य अनुष्ठान देव-खुंबलियों के आगमन से प्रारंभ हुआ। हलयाड/अलैड से आई पहली खुंबली के साथ कारदार और वाद्य-कलाकार मशालें लिए नृत्य करते हुए मंदिर पहुंचे, जबकि दूसरी खुंबली काणी मंदलाह से पहुंची। प्राचीन मान्यता है कि बिजली न होने के समय लोग जोगठी की मशालों से मंदिर तक पहुंचते थे और यही परंपरा आज भी निभाई जा रही है। देव 'अलैड़ी/ड़ैढी' और नाग कजौणी का मिलन मंदिर के पीछे सड़क पर संपन्न हुआ, जिसके बाद मंदिर परिसर में विशाल अलाव प्रज्वलित किया गया।

धूने के लिए लकड़ी अदनेश्वर, अन्नपूर्णा माता और लयाड मंदिर से लाई गई। सुकेत संस्कृति साहित्य मंच के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली 'हिम' ने बूढ़ी दिवाली को समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा बताया। इस दौरान देवगुरुओं ने जलते अंगारों पर नृत्यकर दिव्य शक्तियों की उपस्थिति का आभास कराया। देव नगाड़ों की थाप, पारंपरिक गीतों और सामूहिक लोकगाथाओं ने पूरी रात वातावरण को पवित्रता और उमंग से भर दिया। अंतत: ममेल की बूढ़ी दिवाली ने हिमाचल की लोक आस्था, देवपरंपरा और सामुदायिक एकता की समृद्ध छवि को पुन: उजागर किया।

# न्यू दिशा पब्लिक स्कूल चौंतडा में होनहार नवाजे



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**न्यू** दिशा पब्लिक स्कूल चौंतड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें लोकनृत्य, समूहगान, नाट्य मंचन और रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में उनकी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण स्पष्ट दिखाई दिया।

मुख्य अतिथि विधायक राणा ने कहा कि हमारे क्षेत्र के नौनिहालों की ऊर्जा और उपलब्धियां भविष्य को सुनहरा बनाने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक राणा ने अभिभावकों, अध्यापकों और विद्यालय प्रबंधन की मेहनत और योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार और विद्यालय की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नई पहलों और भावी योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं, मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## ऊना में कानून व्यवस्था पर जिला प्रशासन का कड़ा रुख, उपायुक्त जतिन लाल ने दिए सख्त निर्देश

# बख्शे नहीं जाएंगे कानून से खिलवाड़ करने वाले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए उपायुक्त जतिन लाल ने सभी संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि हुड़दंगियों और सीमांत क्षेत्रों से आने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें और किसी भी उल्लंघन पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करें।

वे वीरवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव सहित प्रशासन तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जतिन लाल ने बैठक में दोहराया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आम जनता को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। कानून और शांति व्यवस्था के उल्लंघन पर प्रशासन बिल्कुल भी नरमी नहीं बरतेगा। उपायुक्त ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था की प्रभावी निगरानी के लिए 7-8 सदस्यीय क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित की जाएगी। यह टीम दिन-रात हाईवे और संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग करेगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। जतिन लाल ने कहा कि जिले में अब तक जारी सभी हथियार लाइसेंसों की समीक्षा की जाएगी। प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जिन मामलों में भूमि विवाद या अन्य शिकायतों से जुड़े व्यक्तियों के पास हथियार लाइसेंस पाए जाएंगे, उनके लाइसेंस तुरंत निलंबित कर हथियार जब्त किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन या सार्वजनिक रूप से हथियार लहराने वालों पर भी सख्त दंडात्मक कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि सीमा क्षेत्रों से आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग की जाए। विभिन्न स्थानों पर रैंडम छापेमारी अभियान चलाएं। पुलिस सड़क पर सक्रिय उपस्थिति बनाए और एरिया डॉमिनेंस सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शराब ठेकों के साथ जुड़े सभी अहातों की अनुमति संबंधी जांच करें। इसके लिए पुलिस और आबकारी विभाग संयुक्त रूप से निरीक्षण करें और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। जतिन लाल ने जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर और कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टिप्परों की आवाजाही के मार्गों पर चेकपोस्ट स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिले में लगभग 6-8 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सीसीटीवी प्रणाली स्थापित की जा रही है, जिससे पूरी निगरानी व्यवस्था प्रभावी होगी। वहीं, बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देशों के पूर्ण पालन पर जोर दिया और कहा कि उल्लंघन करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, सभी डीएसपी, खनन और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


उपायुक्त जतिन लाल अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक करते हुए।

# कितने और लोग गंवाएंगे अपनी जान : सत्ती

## आखिर ऊना की जनता कब तक सहती रहेगी गोलियों की गूंज?

**अनंत ज्ञान, ऊना**

### कांग्रेस सरकार की नाकामी चरम पर

**सत्ती** ने कहा कि लगातार गोलीकांड यह दर्शाते हैं कि कांग्रेस सरकार की नाकामी चरम पर है। अपराधी बेखौफ हैं क्योंकि उनके पीछे राजनीतिक संरक्षण है। उन्होंने रायजादा होटल में हुए अपराध को राजनीतिक साजिश बताया और चेताया कि ऊना को माफियाओं के हवाले नहीं होने दिया जाएगा, चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े।

ऊना विधानसभा सदर क्षेत्र में बढ़ते गोलीकांड, अवैध खनन, गुंडाराज, फिरौती और शराब माफिया को लेकर भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने जिला में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गहरा दुख व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता में सत्ती ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार है, पूरे प्रदेश में माफिया राज फैल चुका है और इन्हें पूर्ण राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जबकि सरकारी तंत्र निष्क्रिय बैठा है।

सत्ती ने बताया कि ऊना क्षेत्र माफियाओं का गढ़ बन गया है, जहां स्थानीय कांग्रेसी नेता के संरक्षण में अवैध गतिविधियाँ चल रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 तक भी रेत और चिट्टा माफिया सक्रिय थे, लेकिन वर्तमान सरकार के तीन वर्षों में फिरौती और शराब माफिया ने पूरी तरह अपने पांव पसारे हैं, और सरेआम गैंगवार भी सक्रिय हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि 1 जुलाई से 15 सितंबर 2025 तक सभी नदियों में खनन पर रोक होने के बावजूद स्वां नदी में स्थानीय नेता के संरक्षण में जेसीबी व पोकलेन मशीनों से अवैध खनन हो रहा है और माफियाओं से महीना वसूला जा रहा है।

फतेहपुर-नंगड़ा में पकड़ी गई मशीनें कांग्रेस समर्थकों की थी और उन्हें बचाने के लिए प्रशासन पर दबाव डाला गया। सत्ती ने रायजादा होटल में हुए गोलीकांड में संतोषगढ़ के युवक की हत्या को 'सोची-समझी साजिश' बताते हुए कहा कि यह होटल माफिया, नशे और हथियारबंद गुंडों का अड्डा बन चुका है। उन्होंने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से होटल को तुरंत सील करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध गतिविधियां नहीं रुकीं, तो भाजपा जनता के सहयोग से बड़ा आंदोलन करेगी। सत्ती ने कहा कि ऊना में कानून नहीं बल्कि माफिया राज है। कांग्रेस नेता के संरक्षण में क्षेत्र अवैध खनन, शराब और फिरौती माफिया, ड्रग पैडलरों और गैंगस्टरों का गढ़ बन गया है। गोलियों की आवाज़ अब ऊना की पहचान बनती जा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अधिकारी ड्यूटी के समय कुर्सी पर नहीं दिखते, विकास कार्य ठप हैं और जनता परेशान है।

# टाहलीवाल-संतोषगढ़ मार्ग पर भीषण सड़क हादसा : 3 की मौत

**घायल हुए दो लोगों का उपचार जारी, कानूनी कार्रवाई प्रगति पर**

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

बुधवार रात्रि को मैहतपुर से टाहलीवाल की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार एचपी 72बी-3737) और ट्रक एचपी 72डी-5355 के बीच जियो पेट्रोल पंप, टाहलीवाल के समीप एक गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई। कार में पांच व्यक्ति सवार थे, जिनमें रास्ते में लिफ्ट लेकर बैठी महिला भी शामिल थी, जैसे ही वाहन जियो पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा, उसी समय पेट्रोल पंप के भीतर से बाहर निकल थे कि ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क से नीचे जा गिरी। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया। जहां पर तरनजीत सिंह, मयंक व किरन देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। अन्य दो घायलों अमन तथा अभिमन्यु का उपचार अस्पताल में जारी है। प्राप्त बयानों और पुलिस जांच से पाया गया कि दुर्घटना का प्रमुख कारण ट्रक चालक जतिंदर सिंह द्वारा तेज गति में लापरवाही से वाहन को गलत दिशा से मुख्य सड़क पर लाना रहा। घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है । मेडिकल रिपोर्टों एवं दर्ज बयान के आधार पर मामला धारा 281, 125(ए), 106 बीएनएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जा रहा है। पुलिस द्वारा आगे की जांच निरंतर प्रगति पर है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे में मयंक पुत्र गुलशन कुमार मैहतपुर, तरनजीत सिंह पुत्र अवतार सिंह गांव पूना जिला ऊना और किरन देवी पत्नी प्रमोद निवासी लुधियाना की मौके पर मौत हो गई। हादसे में अमन पुत्र जोगिंद्र पाल गांव व डाकघर अजौली और अभिमन्यू कौशल पुत्र नरेश कुमार गांव देहलां घायल हुए हैं। इसमें ट्रक चालक जतिंदर सिंह भी घायल हुआ है।

# मारपीट मामले में तीन आरोपी पंजाब से काबू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** थाना चिंतपूर्णी के अंतर्गत भरवाईं स्थित शिव मंदिर के पास वीरवार सुबह मारपीट का मामला सामने आया। शिकायतकर्ता संजय कुमार (53) निवासी कोटली, जो मंदिर के पास प्रसाद की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि सुबह पौने छह बजे के करीब तीन युवक मोटरसाइकिल पर आए और चाय मांगी। उन्होंने कहा कि यह प्रसाद की दुकान है न कि चाय की इस बात पर युवक बहसबाजी पर उतर आए और गाली-गलौज करने लगे। शिकायत के अनुसार, तीनों युवकों ने सड़क पर रोककर संजय कुमार के साथ मारपीट की। एक युवक ने कड़े से उनके सिर पर वार किया, जबकि बाकी दो ने संजय व उनकी पत्नी सेम लता के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। इससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों का सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी में मेडिकल करवाया। आरोपियों की पहचान मनजिंद्र सिंह (24), गगनदीप (25) और प्रदीप सिंह (26), सभी निवासी लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है।

# बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर सामाजिक संगठनों की चिंता

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अंब में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से उपमंडलाधिकारी को ज्ञान सौंपा जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हाल के दिनों में सामने आई आपराधिक घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की है।

लोगों का कहना है कि प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ने के साथ नशा तस्करी, अवैध गतिविधियों और सामुदायिक तनाव से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। इसको लेकर संगठन ने प्रदेश सरकार व प्रशासन से तत्काल और कड़े कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय समूहों का आरोप है कि प्रदेश के कई क्षेत्रों इनमें चंबा, रोहड़ू, नालागढ़, ऊना, बिलासपुर, कुल्लू, सुंदरनगर और पालमपुर शामिल हैं हाल ही के महीनों में नशा तस्करी, गौ-संबंधित अपराधों और युवतियों को बहला-फुसलाने से जुड़े कुछ मामले सामने आए हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। चंबा जिले के सुराड़ा मोहल्ले में हुई हालिया घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी युवक बिना नंबर वाली गाड़ियों में घूमते हुए हथियारों का प्रदर्शन कर रहे थे और इस दौरान उन्होंने आपत्तिजनक व्यवहार किया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है और कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा, चंबा के मनोहर हत्याकांड का भी लोगों ने उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाती हैं।

सुंदरनगर में एक नाबालिग लड़की के कथित अपहरण प्रयास को लेकर भी हाल में विवाद बढ़ा। परिवार का कहना है कि विरोध करने पर कुछ लोगों ने पुलिस थाने में भी दबाव बनाने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में भी जांच जारी होने की पुष्टि की है। स्थानीय संगठनों ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में नशे का प्रसार तेज़ी से बढ़ रहा है, जिसकी मार स्थानीय युवाओं और परिवारों पर पड़ रही है। उन्होंने सरकार से नशा तस्करों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने और विशेष अभियान चलाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने कहा है कि: नशा तस्करी और अवैध गतिविधियों पर राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जाए। चंबा सहित अन्य क्षेत्रों में हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बाहरी राज्यों से आने वाले व्यक्तियों की उचित सत्यापन प्रक्रिया को मजबूत किया जाए। प्रदेश की सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जाए। सरकार और प्रशासन की ओर से इस ज्ञापन पर अभी तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन पुलिस ने कहा है कि किसी भी तरह की आपराधिक या साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करने वाली गतिविधि पर सख्ती से निपटा जाएगा।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपने जाते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ता।

# 30 नवंबर तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब में सामाजिक न्याय एवं सहकारिता अधिकारी ने जानकारी देते ही कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए अपनी ई-केवाईसी समय पर करवाने की अपील की है। विभाग के अनुसार तहसील कल्याण अधिकारी अंब के अंतर्गत आने वाले विकास खंड अंब और गगरेट में लगभग 5000 पेंशनधारकों की अब भी लंबित पड़ी हुई है। विभाग द्वारा जारी जानकारी में बताया गया है कि पेंशनधारकों की प्रक्रिया आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से की जा रही है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने अभी तक अनिवार्य नहीं करवाई है, जिसके चलते विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन पेंशनधारकों ने अब तक अपनी नहीं करवाई है, वे इसे 30 नवंबर 2025 तक अवश्य पूरा कर लें। निर्धारित तिथि तक न करवाने पर संबंधित पेंशनधारकों की पेंशन 30 नवंबर के बाद बंद कर दी जाएगी। विभाग ने सभी लाभार्थियों से समय पर करवाने की अपील की है।

# मुबारिकपुर स्कूल में मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर**

पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में गगरेट विस क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने मुख्यातिथि को शाल, पगड़ी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मां सरस्वती की वंदना करने के बाद समारोह का आगाज किया। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करके स्कूल की पढ़ाई खेल व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि मुबारिकपुर स्कूल में गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर बल दिया जा रहा है। इस अवसर पर जहां होनहार विद्यार्थियों पर पुरस्कार बरसे। वहीं, विद्यार्थियो ने रंगारंग कार्यक्रम में भांगड़ा, गिद्दा, फेस्टिवल डांस सेव अर्थ, झांसी की रानी, मॉडलिंग, पंजाबी भंगडा तथा गिद्दा जैसी प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का भविष्य बताया और मन लगाकर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने का परामर्श दिया। इस अवसर पर विधायक राकेश कालिया ने नए बने लाइब्रेरी भवन तथा एग्रीकल्चरल लैब का भी उद्घाटन किया तथा स्कूल की मैगजीन स्वस्तिका का भी विमोचन किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चो को 10000 रुपए तथा शेष बचे हुए स्टेज के निर्माण के लिए 150000 रुपए प्रदान करने की घोषणा की। विद्यालय का नाम पढाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में नाम रोशन करने पर जीवेश, राधिका, प्रिंस शर्मा, संचित कोंडल, उत्कर्षनवीं, अंशिका, अच्युत शर्मा, महक ठाकुर विवेक कुमार, हिना ठाकुर, अभी कालिया, कुणाल कुमार,ज्येष्ठा चौधरी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता, विभिन्न स्कूलों से आए हुए प्रधानाचार्य, पंचायत प्रधान, एसएमसी प्रधान, उप प्रधानाचार्य सतनाम कौर, पूनम, रेनू, विमल कुमार, मनोज कुमार, तरुण कुमार, शुभ लठ्ठ, बंदना शर्मा, अलका, पिंटू धीमान, निखलेश हीरा, जय भारती, राकेश कुमार, राज कुमार तथा स्कूल के सभी अध्यापक तथा कई गणमान्य उपस्थित रहे।


रंगारंग प्रस्तुति पेश करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती हुई छात्राएं।

# वीर दीन हिमाचल अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के निदेशक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के गांव संघनेई के वीर दीन को प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड का निर्देशक बनाए जाने पर युवा कल्याण बोर्ड के निदेशक देवीलाल द्वारा उनकी नियुक्ति की खुशी पर वीर दीन का मुंह मीठा करवाया।

देवीलाल ने बताया कि इस नियुक्ति के बारे में प्रदेश सरकार द्वारा पिछले दिनों अधिसूचना जारी कर दी थी। और वीर दीन की नियुक्ति पर सभी गगरेट वासियों में खुशी की लहर है उन्होंने कहा कि दिल की गहराइयों से हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और विधायक राकेश कालिया का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता को मान सम्मान दिया। वीरदीन गगरेट विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गांव संघनेई के रहने वाले हैं और इस गांव में पूरे प्रदेश में मात्र एक वक्त बोर्ड द्वारा संचालित स्कूल है और इसी गांव के वक्त बोर्ड के सदस्यों ने पिछले दिनों हिमाचल पंजाब और जम्मू कश्मीर में आई आपदा के दौरान पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता और राशन उपलब्ध करवाया गांव में स्थित वक्त बोर्ड के मदरसे( स्कूल)जिसमें गगरेट विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ पूरे देश और प्रदेश के बच्चे तालीम लेने आते हैं यह गांव संघनेई पूरे प्रदेश में हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल है और यहां के मुस्लिम परिवार हिंदुओं के शादियों त्योहारों में अपनी उपस्थिति दिल से करवाते हैं छोटा भाई वीर दिन लंबे समय से अपने समुदाय और गरीब और मजबूर लोगों के हितों के लिए कार्य कर रहे हैं। वीर दीन को हिमाचल अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड का निर्देशक की नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और स्थानीय विधायक का आभार व्यक्त करता हूं।

# अगर मेरा दोष होगा तो पुलिस कार्रवाई करे: रायजादा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रायजादा रिजॉर्ट के मालिक सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा कि हत्याकांड मामले में अगर वे दोषी निकलते हैं, तो बेशक उनपर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि इस मामले की जानकारी होने के बाद उन्होंने खुद पुलिस को फोन किया था। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। इस मामले में सभी आरोपी गिरफ्तार भी हो चुके हैं। पत्रकारों से बातचीत में रायजादा ने कहा कि अगर उन्हें सरकार का संरक्षण होता तो वे किसी बोर्ड या निगम के चेयरमैन होते। कोई भी माफिया हो या अन्य पुलिस व प्रशासन सीधे कार्रवाई करे। ऊना गोलीकांड के बाद भाजपा के आरोपों पर वे अपना पक्ष दे रहे थे।



# व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालयों की मरम्मत और निर्माण पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला विकास कार्यालय ऊना के बैठक हाल में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आयोजित हमारा शौचालय, हमारा भविष्य अभियान की समीक्षा एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी ऊना रामनवीर चौहान ने की। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित कॉम्यूनिटी सेनेटरी कांप्लेक्स की मरम्मत, सुधार और पूर्ण कार्यक्षमता को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। जिला विकास अधिकारी ने वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए और निर्माण कार्य में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परिवारों के पास व्यक्तिगत शौचालय नहीं हैं, उन्हें शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही जिन शौचालयों में मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी समय पर मरम्मत, सफाई एवं रखरखाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं। अभियान अवधि के दौरान स्वच्छता गतिविधियों, सौंदर्यीकरण, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक मजबूत करने पर भी बल दिया गया।



**स्वागत** सहकारी सभाओं के माध्यम से 1800 करोड़ रुपए की खाद किसानों को वितरित की गई

# ग्रामीण विकास में सहकारी सभाओं की प्रमुख भूमिका

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के खुरवाई के आयोजित जिला स्तरीय कॉपरेटिव सोसायटी के विशेष कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में पहुंचने पर विवेक शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। बही झंडा फहराकर कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने खूब धमाल मचाई। बही मंच से मुख्यातिथि विवेक शर्मा को सम्मानित भी किया। विधायक विवेक शर्मा ने सहकारिता आंदोलन के इतिहास, वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि कॉपरेटिव सोसाइटी की अवधारणा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस 14 नवम्बर 1892 के दिन प्रारंभ हुई थी, जब जिला ऊना से संबंध रखने वाले मियां हीरा सिंह ने सहकारिता संगठन की नींव रखी थी। विधायक ने इसे जिला ऊना की गौरवशाली विरासत बताते हुए कहा कि यह परंपरा आज तक मजबूती के साथ समाज को जोड़ने का कार्य कर रही है। विवेक शर्मा ने जिला ऊना की सहकारिता व्यवस्था पर विस्तृत आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में जिले में 389 सहकारी सभाएं कार्यरत हैं। इन सभाओं से लगभग 2 लाख 76 हजार सदस्य जुड़े हुए हैं, जो यह दर्शाता है कि सहकारिता का दायरा जिला स्तर पर कितना व्यापक है। उन्होंने कहा कि जिला ऊना की करीब 80 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहकारी सभाओं से जुड़ी हुई है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि ऊना की सहकारी सभाओं में 3200 करोड़ रुपये की पूंजी है, जिस में 2400 करोड़ जनता के पास कर्ज के रूप में और 800 करोड़ सहकारी सभाओं के जमा पूंजी है। कुछ सहकारी सभाएं 50 से 60 करोड़ सलाना पार कर चुकी हैं। जो किसानों, व्यापारियों, महिलाओं और आम जनता के आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं के माध्यम से काम आ रही है। इसके साथ ही जिले में 219 उचित मूल्य की दुकानें सहकारी तंत्र के माध्यम से संचालित हो रही हैं, जो आम लोगों को आवश्यक वस्तुएं उचित दरों पर उपलब्ध करवा रही हैं। किसानों के संदर्भ में उन्होंने बताया कि सहकारी सभाओं के माध्यम से 1800 करोड़ रुपए की खाद किसानों को वितरित की गई, जिससे कृषि उत्पादन और खेती-किसानी की निरंतरता को मजबूती मिली है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कॉपरेटिव सोसाइटी केवल वित्तीय संस्था नहीं होती, बल्कि यह समाज के सर्वांगीण विकास का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में गांवों में सहकारी सभाओं का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि ये न केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम हैं बल्कि सामाजिक एकता व पारस्परिक समर्थन का भी आधार हैं।

सहकारी मॉडल गांवों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवा, महिला समूह, किसान और छोटे उद्यमियों के लिए रोजगार और अवसर भी पैदा करता है। विधायक विवेक शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद सभी सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों और सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह जिला ऊना में सहकारिता मजबूत हो रही है, यह आने वाले समय में और भी बड़े बदलाव और विकास की नींव रखेगी। उन्होंने कॉपरेटिव सोसाइटी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाते हैं और युवाओं को सहकारिता से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी आंदोलन केवल आर्थिक सुधार का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण का शक्तिशाली स्तंभ है, और जिला ऊना ने इस क्षेत्र में जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर सचिव विजय शर्मा प्रवीण शर्मा मदन राणा कैप्टन प्रीतम डडवाल जितेंद्र कुमार विपिन शर्मा के अलावा विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं सचिव मौजूद रहे।


सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों के साथ कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

# गोलीकांड व बढ़ता अपराध सरकार की नाकामी का परिणाम : गौरव कुमार

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हिमाचल प्रदेश का जिला ऊना आज कानून-व्यवस्था के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। जिला लगातार गोलीकांडों, गैंगवार और आपराधिक घटनाओं से दहल रहा है, और सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

ऊना में अपराधियों और खनन माफिया के गठजोड़ ने जिले को 'जंगलराज' में तब्दील कर दिया है। कल रात का ताज़ा गोलीकांड इस बात का गम्भीर संकेत है कि अपराधियों को न तो कानून का डर है और न ही सरकार या प्रशासन की कोई परवाह। खनन माफिया खुलेआम हथियारों के दम पर दहशत फैला रहा है, और प्रशासन सिर्फ मूकदर्शक बना हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट चिंतपूर्णी के अध्यक्ष गौरव कुमार ने आरोप लगाया कि ऊना प्रशासन आज अपनी मूल जिम्मेदारियों से पूरी तरह दूर भाग रहा है। अधिकारी जनता की सुरक्षा देखने के बजाय मंत्रियों के आगे-पीछे घूमने, सरकारी कार्यक्रमों में नाच-गाने, और सेल्फी संस्कृति में व्यस्त हैं। ऐसा लगता है मानो प्रशासन का काम आम जनता नहीं, बल्कि सत्ताधारियों की चापलूसी रह गया है। गौरव कुमार ने सीधे सवाल उठाए क्या ऊना में बढ़ते गोलीकांड सरकारी संरक्षण के बिना संभव हैं? क्या खनन माफिया इतना शक्तिशाली इसलिए हुआ है, क्योंकि उसे सत्ता का आशीर्वाद प्राप्त है? क्या अपराधियों को पकड़ने के बजाय सरकार उनकी सुरक्षा ढाल बन चुकी है? जिले के हालात साफ बताते हैं कि सरकार का नियंत्रण कमजोर हो चुका है और अपराध के सामने प्रशासन घुटने टेक चुका है। ऊना को जंगलराज से निकालने के लिए सख्त कार्रवाई जरूरी,यदि सरकार ने खनन माफिया की पैठ तोड़ने, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने और प्रशासन को जवाबदेह बनाने में तुरंत कदम नहीं उठाए, तो ऊना जिला अराजकता के दलदल में और गहराई तक धंस जाएगा। यदि हालात ऐसे ही रहे तो ऊना आने वाले समय में अपराध का गढ़ बन जाएगा।

# आपदाओं के दौरान सही निकासी के महत्व पर दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में आपदा प्रबंधन क्लब द्वारा आपदा की स्थिति में त्वरित निकासी ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विद्यार्थियों को आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था। अभ्यास के दौरान निर्धारित संकेत मिलते ही सभी विद्यार्थियों ने पूर्व निर्धारित निकासी मार्गों का पालन करते हुए भवन से बाहर सुरक्षित रूप से निकलकर मैदान में एकत्र होना सुनिश्चित किया। मैदान पहुंचने पर विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई तथा नकली रूप से घायल विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया, जिससे वास्तविक आपात स्थितियों में तत्परता एवं व्यवस्था बनाए रखने का कौशल विद्यार्थियों में विकसित हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कविता कौशल ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की उपयोगिता विशेषकर भूकंप, आग जैसी आपदाओं के दौरान शांत मन से सही निकासी के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

# पूर्व सरकार में प्रदेश में चलता था ट्रांसफर उद्योग का कारोबार : सुंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व की जयराम सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में ट्रांसफर उद्योग का कारोबार चलता था और कर्मचारियों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती थी। यह बात कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू में आयोजित अराजपत्रित कर्मचारी संघ के समारोह में कही। कुल्लू के देवसदन में वीरवार को हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 60वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।

इस समारोह की अध्यक्षता जहां संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर द्वारा की गई। वहीं, समारोह में कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ प्रदेश मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा संघ के पूर्व अध्यक्ष एसएस जोगटा सहित संघ के जिला व प्रदेशभर के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि सुंदर सिंह ठाकुर ने संघ के सभी पदाधिकारियों को स्थापना


अराजपत्रित कर्मचारी संघ के स्थापना दिवस पर मुख्यातिथि कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के साथ पदाधिकारी।

दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा कर्मचारियों के हित में खड़ी है और कर्मचारियों के मुद्दों व मांगों का समाधान करने के लिए प्रयासरत है। वहीं, उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में आपदा के कारण भारी नुकसान हुआ है। इसके चलते सरकार अतिरिक्त बोझ पड़ गया है, लेकिन फिर भी सभी कर्मचारियों को आश्वासन देते हैं कि जल्द ही उनके एरियर व अन्य महंगाई सहित अन्य भत्तों को जारी किया जाएगा। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि किसी कर्मचारी को ट्रांसफर करवाने के लिए पूर्व की भांति अब दिक्कत नहीं झेलनी पड़ती, क्योंकि पूर्व सरकार के कार्यकाल में अब खासकर कुल्लू के कर्मचारियों को कुछ देने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार में किसी कर्मचारी को ट्रांसफर करने के लिए क्या-क्या दिक्कतें होती थी, उन्हें सब पता है, लेकिन अब जब से कांग्रेस सरकार आई है कई लोगों की ट्रांसफर की दुकानदारी बंद हो गई। उन्होंने कहा कि अब पुरानी व्यवस्थाएं नहीं रहीं हैं, पहले प्रदेश सहित कुल्लू जिले में ट्रांसफर उद्योग का कारोबार चलता था, जिस पर अब ब्रेक लग गई है।

इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कर्मचारी हितैषी नेता हैं। वहीं, उन्होंने सरकार से अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के साथ जल्द जेसीसी की बैठक बुलाने का आग्रह किया। साथ ही सरकार से कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का भी आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि महासंघ की मुख्यधारा में जुड़कर ही कर्मचारी हित सुरक्षित रह सकते हैं। इस मौके पर संघ के पूर्व अध्यक्ष एसएस जोगटा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कर्मचारियों को ओपीएस की सौगात दी है। इसके लिए सभी कर्मचारी सरकार के आभारी हैं। साथ ही उन्होंने सरकार से ओपीएस को लेकर बिल पास करने की भी मांग रखी। उन्होंने संघ के सभी कर्मचारियों से प्रदेश में मिशन रिपीट करने का भी आह्वान किया। इस मौके पर सभी मांगपत्रों को संकलित कर एक सामूहिक ज्ञापन मुख्यातिथि के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया, ताकि कर्मचारियों की आवाज मजबूती से सरकार तक पहुंच सके।

### ये रहे मौजूद

**इसमें** कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, महामंत्री भरत शर्मा,मुख्य सलाहकार राजेंद्र ठाकुर सहित सभी जिलों के प्रधान और महामंत्री व उनके सदस्यों ने भाग लिया। जिला कुल्लू के प्रधान अमर ठाकुर ने सभी का स्वागत किया। जिला कुल्लू के महामंत्री तुले राम, जिला कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष सेस राम ठाकुर, चालक परिचालक महासंघ के राज्य महामंत्री बलदेव ठाकुर, जिला कुल्लू के सभी खंडों के प्रधान महासचिव व सभी सभी कर्मचारी सदस्य मौजूद रहे।

# ग्रामीण आर्थिकी के सुदृढ़ीकरण में सहकारी सभाओं की अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण आर्थिक के सुदृढ़ीकरण में सहकारी सभाओं की अहम भूमिका है।

यह बात विधायक ने वीरवार को कुल्लू के रथ मैदान में आयोजित अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के 72 वें जिला स्तरीय सहकारी समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है,' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष भी है तथा प्रदेश सहित कुल्लू जिला के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने मे सहकारी सभाओं का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में सहकारिता का आंदोलन बहुत सशक्त है। जिले में सहकारिता आंदोलन को ओर बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इस आंदोलन से जोड़ कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया जा सके। जिला सहकार संघ के अध्यक्ष अनिल सूद ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य का स्वागत किया। उन्होंने जिले में सहकारी सभाओं की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं कुल्लू सहकारिता से जुड़े दिनेश सेन, ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान दौलत ठाकुर, अध्यक्ष जिला परिषद पंकज परमार, सदस्य आशा ठाकुर तथा हिमको फेड के गणमान्य लोगभी उपस्थित थे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सुक्खू के दुग्ध के दाम बढ़ाकर किसानों दुग्ध उत्पादकों के लिए बहुत बड़ा काम किया है इसके गाय पालन तथा प्राकृतिक कृषि दोनों को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने सहकारी विभाग के अधिकारियों को सहकारी सभाओं के लिए एक रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिया। उन्होंने सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों को उनकी समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया तथा कहा कि कुल्लू में जिला सहकार भवन के निर्माण के लिए धन का प्रावधान किया जाएगा। इस अवसर पर मिल्क फेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू के लिए प्रोसेसिंग प्लांट बनाने के भूमि को चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है। सरकार हर गांव को इस कार्य से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने में जुटीं प्रियंता शर्मा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू की सहप्रभारी एवं भाजपा प्रदेश सचिव प्रियंता शर्मा इन दिनों मनाली विधानसभा क्षेत्र के एक सप्ताह के संगठनात्मक प्रवास पर हैं।

अपने प्रवास के दौरान वे बूथ एवं ग्राम केंद्रों का लगातार दौरा कर रही हैं तथा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रही हैं। वीरवार को प्रियंता शर्मा ने पनगाँ, बड़ाग्रां और बरान ग्राम केंद्रों में बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता, जनसंपर्क कार्यक्रमों की गति और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाना ही आगामी राजनीतिक परिदृश्य का मूल आधार है।



प्रियंता शर्मा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झूठी गारंटियों की आड़ में जनता को गुमराह करने वाली सरकार आज हर मोर्चे पर विफल है। महिलाओं, युवाओं, किसानों, कर्मचारियों और आमजन के साथ लगातार धोखा हो रहा है और जनता अब इस छलावे को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का भविष्य केवल भाजपा के सुशासन और विकास मॉडल में सुरक्षित है। बैठकों में मौजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, और सभी ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया।

# एबीवीपी ने छात्रहितों को लेकर छेड़ा हस्ताक्षर अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू की कुल्लू, हरिपुर, गाड़ा गुसैन, पनारसा और बंजार इकाइयों ने मिलकर प्रदेश के छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान में बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं ने भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग उठाई। एबीवीपी ने कहा कि प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगातार अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, जिस पर सरकार का ध्यान आवश्यक है। छात्र संघ चुनाव तुरंत बहाल किए जाएं। सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाया जाए। कृषि विश्वविद्यालय की 112 हेक्टेयर भूमि पर कब्जे का प्रयास बंद किया जाए। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और नौणी विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपतियों की शीघ्र नियुक्ति की जाए।

# अभी 30 नवंबर तक बर्फ से ढके रोहतांग का दीदार कर सकेंगे पर्यटक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

आने वाले दिनों में मनाली आ रहे देश भर के पर्यटकों के लिए खुशखबरी है।

जिला प्रशासन कुल्लू ने पर्यटकों के लिए रोहतांग दर्रा 30 नवंबर तक खुला रखने का निर्णय लिया है। पर्यटक 30 नवंबर तक बर्फ से ढके रोहतांग के दीदार कर सकते हैं। हालांकि, बीआरओ के कार्य के चलते 25 व 26 नवंबर को रोहतांग दर्रा अभी वाहनों के लिए बंद रहेगा। गौर हो कि प्रशासन ने 17 नवंबर को रोहतांग दर्रे के दौरे के दौरान हालात सामान्य पाए थे। आज उपायुक्त कुल्लू ने अधिसूचना जारी कर रोहतांग दर्रा 30 नवंबर तक खुला रखने की बात कही है। गत दिनों रोहतांग दर्रे में हुए हिमपात के कारण अभी भी दर्रे में एक फीट से अधिक बर्फ जमा है। पर्यटक गाड़ी से उतरते ही सीधा बर्फ के दीदार कर सकते है और बर्फ की खेलों का आनंद ले सकते है। रोहतांग जाने के लिए प्रशासन ने ओन लाइन परमिट लेने की सुविधा दे रखी है। ऑनलाइन परमिट लो ओर रोहतांग के दीदार करो। दूसरी ओर रोहतांग दर्रा 30 नवंबर तक खुला रहने से स्थानीय कारोबारी खुश है। दर्रा खुला रहने से उनका कारोबार चलेगा। इन दिनों दर्रे में बर्फ की खेलों की धूम मची हुई है। दर्रे के खुला रहने से पर्यटन से जुड़े सैकड़ों लोगों को लाभ होगा।

> **रोहतांग** दर्रा 30 नवंबर तक खुला रहेगा। बीच में दो दिन 25 व 26 नवंबर को बीआरओ के कार्य के चलते रोहतांग सभी वाहनों के लिए बंद रहेगा। **रमण कुमार शर्मा,एसडीएम मनाली।**

**बीआरओ के कार्य के चलते 25 और 26 को रहेगा बंद**

# स्वच्छता शिविर में दिखाई सामाजिक सरोकार की भावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

राजकीय महाविद्यालय कुकुमसेरी में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में एकदिवसीय स्वच्छता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और आगामी सर्दियों की तैयारी के लिए एक व्यापक अभियान के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सालिक राम ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को छह विभिन्न टीमों में बांटकर कार्यों का सुचारु रूप से निष्पादन किया गया। इन टीमों ने निम्नलिखित कार्य किए। सर्दियों की तैयारी: सिमरन, ऋषिका, श्रुतिका, आरुषि, शिवानी और समीक्षा की टीम ने आर्ट्स और कॉमर्स ब्लॉक के प्रथम तल पर, जबकि कार्तिक, चुलबा, कार्तिक, आकाश, साहिल, दिलीप, सुजल, दिव्यांश और मानव की टीम ने द्वितीय तल पर सर्दियों के लिए लकड़ी पहुंचाने का कार्य किया। हंसराज, सुशांत, अभिषेक, नविंदर, नरेश, प्रवीण और कृष की टीम ने प्रशासनिक ब्लॉक में लकड़ी का बंदोबस्त किया। अंजना और शालिनी की टीम ने कॉलेज की सभी कक्षाओं व परिसर से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करके इसे प्लास्टिक मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोमल और संजना की टीम ने पुस्तकालय की सफाई करके ज्ञान के इस केंद्र को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाया। गरिमा, कृष्णा, कशिश, लक्ष्मी और करण की टीम ने सभी स्वयंसेवियों और शिक्षकों के लिए दोपहर के भोजन का प्रबंधन किया। सभी मुख्य कार्यों के पश्चात, स्वयंसेवियों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में नालियों की सफाई का कार्य भी किया। सफाई कार्यों के बाद सभी ने सामूहिक रूप से दोपहर का भोजन किया। भोजन के उपरांत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां स्वयंसेवकों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से स्वच्छता और सामुदायिक एकता का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कुमारी ने सभी स्वयंसेवकों के परिश्रम और जज्बे की सराहना की।



# हैंडबॉल में सुंदरनगर, हॉकी में मंडी कॉलेज चैंपियन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर मैदान में आयोजित एसपीयू इंटर कॉलेज चैंपियनशिप का वीरवार को समापन हुआ।

चैंपियनशिप में हैंडबॉल में सुंदरनगर और हॉकी में मंडी कॉलेज चैंपियन रहा। बैडमिंटन महिला वर्ग का खिताब भी मंडी कॉलेज के नाम रहा। सरकाघाट कॉलेज ने बैडमिंटन पुरुष वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। मेजबान कुल्लू कॉलेज को हैंडबॉल पुरुष वर्ग में दूसरा, बेडमिंटन महिला वर्ग, हॉकी महिला व पुरूष वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सैंज कालेज की प्राचार्या डॉ. सुजाता ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मंडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने बताया कि एसपीयू इंटर कॉलेज चैंपियनशिप का वीरवार को समापन हो गया। तीन दिनों तक चले हैंडबॉल, हॉकी व बैडमिंटन प्रतियोगिता में 16 कॉलेजों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हैंडबॉल महिला वर्ग में एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर ने पहला, जीडीसी कुल्लू ने दूसरा और वीजीसी मंडी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हैंडबॉल पुरुष वर्ग में एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर को पहला, जीडीसी सरकाघाट का दूसरा व जीडीसी कुल्लू को तीसरा स्थान मिला। प्राचार्य न बताया कि हॉकी महिला व पुरुष वर्ग में वीजीसी मंडी को प्रथम, एमएलएसएम सुंदरनगर को द्वितीय व जीडीसी कुल्लू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बैडमिंटन महिला वर्ग में वीजीसी मंडी को पहला, एमएलएसएम सुंदरनगर को दूसरा व जीडीसी कुल्लू को तीसरा, बैडमिंटन पुरुष वर्ग में जीडीसी सरकाघाट को पहला, जीडीसी जोगिंदरनगर को दूसरा व वीजीसी मंडी को तीसरा पुरस्कार मिला। मुख्यातिथि डॉ. सुजाता ने विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कभी हारता नहीं है, बल्कि अपने अनुभवों से सीखता है और सफलता पाने के लिए नई रणनीति के साथ मैदान में उतरता है। इस दौरान इवेंट को-आर्डिनेटर सोम नेगी, संयोजक सचिव डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. रामनाथ, डॉ. रोमेश चंद्र, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. राजेश, डॉ. स्नेह, डॉ. हरी सिंह ठाकुर, डॉ. शीतल ठाकुर आदि मौजूद रहे।



एसपीयू इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

# जिला स्तरीय सहकारी सप्ताह समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की ग्राम पंचायत गोंधला के सेमिनार हॉल में वीरवार को 72वां जिला स्तरीय सहकारिता समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक पंजीयक, सहकारी सभाएं लाहौल-स्पीति अखिल सिंह ठाकुर ने की। इस एक कार्यक्रम में जिले की विभिन्न सहकारी सभाओं के पदाधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सहकार बंधुओं ने जिले में सहकारिता आंदोलन की प्रगति, चुनौतियों और सुधार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही दुग्ध, औषधि तथा स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने के लिए भविष्य की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नई सहकारी सभाओं के गठन तथा पूर्व में गठित सभाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने का निर्णय भी लिया गया। हिमकोफैड शिमला से सहकारी शिक्षा अधिकारी शशि शर्मा ने सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना कायम कर रही सफलता की मिसाल: गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लगातार सफलता की नई मिसाल कायम कर रही है।

यह बात पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कहीं। उन्होंने कहा कि आज देश के अन्नदाताओं को इस योजना की 21वीं किस्त जारी की गई। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वर्ष 2019 से इस योजना के तहत बिना किसी देरी के नियमित रूप से किसानों को उनकी राशि प्रदान की जा रही है। हिमाचल प्रदेश के 8 लाख से अधिक किसानों को अब तक 3616 करोड़ रुपए प्राप्त हो चुके हैं। वहीं, देशभर के 12 करोड़ से अधिक किसानों को कुल 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपए किसान सम्मान निधि के रूप में वितरित किए जा चुके हैं। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह योजना विस्तृत, प्रभावी और पारदर्शी है।

यह न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक है, बल्कि कृषि क्षेत्र की प्रगति और देश की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भाजपा के पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना कुल्लू जिले के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को केंद्रीय सड़क अधोसंरचना निधि के तहत स्वीकृति दी गई है, जो केंद्रीय सरकार की हिमाचल प्रदेश के विकास के प्रति प्रतिबद्धता और विशेष ध्यान को दर्शाती है।पूर्व मंत्री ने केंद्रीय नेतृत्व, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का हिमाचल प्रदेश के विकास और जनता की भलाई के लिए निरंतर प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हिमाचल प्रदेश के प्रति स्नेह और लगाव लगातार देखने को मिलता है।

### मोटरेबल ब्रिज के निर्माण के लिए स्वीकृति

**हिमाचल** प्रदेश के कुल्लू जिले में ब्यास नदी पर मौहल में पिरडी से तलोगी तक 110 मीटर स्पैन का डबल लेन मोटरेबल ब्रिज 28.35 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। यह परियोजना जिले के लोगों और पर्यटकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा और राहत सुनिश्चित करेगी।

# बैली ब्रिज कार्य के चलते बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली गांव में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के यांत्रिक विंग द्वारा 120 फीट लंबे बैली ब्रिज को लांच करने का कार्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में विभाग ने क्लब हाउस से पलचान मार्ग पर यातायात को अस्थायी रूप से बंद करने का अनुरोध प्रशासन के समक्ष रखा था। मनाली प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी विभाग को कार्य करने की अनुमति दे दी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि 21 नवंबर से 25 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक उक्त मार्ग पर सभी प्रकार का यातायात बंद रहेगा। यह निर्णय बेली ब्रिज के सुचारू एवं सुरक्षित लॉन्चिंग कार्य को ध्यान में रखते हुए लिया जा रहा है। इस अवधि के दौरान यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए प्रशासन ने वैकल्पिक रूट भी तय किए हैं। यातायात को ओल्ड मनाली-मनु मंदिर-गोशाल मार्ग एवं नेहरू कुंड पुल के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा।

**सफर**

## बुनकर सुखदयाल चरखे और खड्डी पर धागों से बुन रहे लाहौली ऊन का ताना-बाना

# चरखे संग लगी लग्न 61 साल बाद भी कायम

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**केलांग/कुल्लू ।** बर्फ के कारावास में रात-दिन लाहौली ऊन के धागों का ताना-बाना बुन रहे जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के प्रसिद्ध बुनकर का नाम आज किसी पहचान का मोहताज नहीं है।

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और संघर्ष से जूझते हुए आज सुखदयाल इस मकाम तक पहुंचे हैं कि आज उनकी इस हस्तकला का हर कोई दीवाना है। जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति में बुनकर के क्षेत्र में मिसाल कायम करने वाले सुखदयाल की काफी साल पहले लगी चरखे के प्रति लग्न आज भी कम नहीं हुई है। सुख दयाल अपनी उम्र के 75वें पड़ाव पर हैं और उनके चरखे को घूमाते हुए 61 साल हो गए हैं। चरखे की गति भले ही अब तेज नहीं रही लेकिन सुख दयाल का बुनकर के क्षेत्र में रूझान आज भी कम नहीं हुआ है। सुखदयाल को स्थानीय पटटी, चादर, दोहड़ू, मफलर और गाची बनाने का हुनर है। उन्होंने उस चरखे को आज भी जिंदा रखा है जो उनकी उम्र के 12-13 वर्ष में ही उनका सहारा बन गया था। लाहौल के ठोलंग गांव से संबंध रखने वाले सुख दयाल के चरखे ने उनके संघर्ष पूर्ण जीवन में साथ दिया। विपदा की घड़ी में सुख दयाल ने बुनकर बनकर अपने घर की स्थिति को संभाला। लाहुल-स्पीति व कुल्लू में पिछले करीब छह दशकों से सहकारिता की लौ जलाने वाले सुखदयाल ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने 1964 में पांच रुपए में चरखा खरीदकर बुनकर का सफर शुरू किया जो आज पांच दशकों बाद भी जारी है।

उन्होंने बताया कि उनका जीवन बेहद गरीबी में गुजरा है। 12-13 वर्ष की आयु में उन्होंने खड्डी बुनने का कार्य सीखना शुरू किया और अनपढ़ होने पर भी 1980 में उनकी बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में नौकरी लगी लेकिन उसके बाद भी उन्होंने चरखे और खड्डी से नाता नहीं तोड़ा। आज इस उम्र में भी वे अपने चरखे और खड्डी से खूब काम लेते हैं। बुनकर सुखदयाल का जन्म 1950 में अत्यंत गरीब परिवार में हुआ। अपने तीन भाईयों में सबसे छोटे हैं सुखदयाल और पिता का निधन भी महज 8 वर्ष की आयु में ही हो गया और उस दौर में मां भी बच्चों को अकेले छोड़कर कर कहीं चली गई।

सुखदयाल का लालन-पोषण अपने बड़े भाईयों और दादी के हाथों हुआ। घर की स्थिति नाजुक थी और उससे उभरने के लिए दादी की सहयता के लिए सुखदयाल ने महज 10-12 वर्ष की आयु में भेड़ चराने के साथ उनके काम में हाथ बंटाना भी शुरू कर दिया। उसके पश्चात 12-13 वर्ष की आयु में सुखदयाल कुल्लू आए और अपने परिवार को पालने के लिए खड्डी बुनने का काम सीखना शुरू किया और यह सफर तब से लेकर अब तक जारी है।


लाहौल-स्पीति के ठोलंग गांव के बुनकर सुखदयाल खड्डी पर काम करते हुए।

**पांच रुपए का चरखा खरीदकर शुरू किया था बुनकर का सफर**

**युवा बुनकरों के लिए आदर्श बने हैं लाहौल घाटी के बुनकर**

### मिल चुके हैं कई अवार्ड

**बुनकर** के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए सुखदयाल को कई अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। साथ ही दो बार लाहुल स्पीति प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जा चुका है जबकि हिमाचल केसरी अवार्ड और भुट्टिको की ओर से राष्ट्रीय सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### परिवार के सदस्य भी दे रहे साथ

**सुखदयाल** के अनुसार उनकी पत्नी देवदासी व बड़ी बहु प्रेम प्यारी जहां लाहुली जुराबें बुनाई का कार्य करती हैं। वहीं, उनके दोनों बेटे नील चंद और शाम चंद भी समय-समय पर उनका खड्डी में हाथ बंटाते हैं और अब तो पोते सचिन और सुरेंद्र भी इस कार्य में माहिर हो गए हैं।

# प्रदेश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व मॉडर्न टूल के लिए अधिक सहायता की आवश्यकता : नेगी

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** मनाली में भारत में भू प्रशासन में आधुनिक प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ राजस्व, बागवानी, आदिवासी विकास एवं लोक शिकायत मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया। इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों के 72 वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हिमाचल प्रदेश के 72 वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

सम्मेलन का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक सहयोगात्मक मंच तैयार करना है, जहाँ प्रौद्योगिकी-आधारित भूमि शासन के लिए साझा रोडमैप तैयार किया जाएगा। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार इस तरह का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जिसका लाभ प्रदेश में लैंड रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन में मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व अदालतों के नियमित आयोजन से म्यूटेशन प्रक्रियाओं में तेजी आई है और आम जनता को लाभ पहुंच रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए आधुनिक उपकरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए केंद्र से अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से राजस्व विभाग की नई ऑनलाइन सेवाओं जैसे डिजिटली साइंड जमाबन्दी, ऑनलाइन म्युटेशन मॉड्यूल, भू नक्शा-5, माई डीड रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल और नक्शा सॉफ्टवेयर सुविधा का शुभारंभ भी किया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी ने भू-अभिलेखों से संबंधित अवसर और चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों और व्यवस्थागत सुधारों से नागरिकों को स्पष्ट स्वामित्व रिकॉर्ड और भूमि शासन में विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सम्मेलन में अतरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) कमलेश कुमार पंत, मनाली विधायक भुनेश्वर गौड़, संयुक्त निदेशक भूमि संसाधन विभाग कुनाल सत्यार्थी, निदेशक भू अभिलेख विभाग अभिषेक वर्मा, उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस. रवीश, एसपी मदन लाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन से राज्यों के बीच अनुभव साझा करने और भूमि प्रशासन को और अधिक पारदर्शी व नागरिक-मित्र बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।


राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य गणमान्य लोग सम्मेलन के शुभारंभ मौके पर।

## न्यूज ब्रीफ

### रबौण स्कूल में 70 स्पेशल बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डाइट सोलन के सौजन्य से बुधवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोज आंजी के अंतर्गत प्राथमिक स्कूल रबौण में सीडब्ल्यूएसएन (स्पेशल बच्चों) जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें सोलन और धर्मपुर शिक्षा खंड के 70 विशेष बच्चों ने भाग लिया। डाइट सोलन की कार्यक्रम समन्वयक जूली रिचर्ड के अनुसार एएलआईएमसीओ मोहाली से आए विशेषज्ञ जॉ. मधुर, सोनिया सिंह तथा तकनीकी स्टाफ अमित और लक्ष्य ने बच्चों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की। बीईईओ-1 हरिराम चंद्र, स्पेशल एजुकेटर और स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना था।

### तीन युवक 2.42 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना कुनिहार की एक टीम थाना क्षेत्र में गश्त व नाकाबंदी पर मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गांव बढलग की तरफ से एक कार बैगनार आ रही है। इसमें 3 युवक सवार हैं तथा उपरोक्त तीनों युवक उपरोक्त गाड़ी में चिट्टा/हेरोइन लेकर आए हैं। इसे वे लोग कुनिहार क्षेत्र में युवाओं को बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी करके उपरोक्त गाड़ी को रोक कर चेक किया गया। गाड़ी की चैकिंग के दौरान गाड़ी में बैठे तीन युवकों जिनके नाम व पते निशांत पुत्र परमानंद निवासी गांव उच्चा गांव डाकखाना कुनिहार तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 28 वर्ष जतिन ठाकुर पुत्र सीता राम निवासी गांव कोठी डाकखाना कुनिहार, तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 26 वर्ष व दीक्षित पुत्र परमानंद निवासी गांव उच्चा गांव डाकखाना कुनिहार तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 24 वर्ष मालूम हुए उनके कब्जे से 2.42 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया। इस पर यह पुलिस थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त गाड़ी बैगनार को जब्त करके पुलिस ने कब्जा में लिया। तीनों आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

### चिकन की दुकान से 9.44 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा ब्लॉक में पुलिस की डिटेक्शन सेल की टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव मत्रलियो में एक हलाल चिकन दुकान से 9.44 ग्राम चिट्टा पकड़ा है। डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस मामले दुकान चलाने वाले आरोपी 23 वर्ष अफरोज पुत्र नईम अहमद निवासी गांव कुंजा, पुलिस थाना धालीपुर, तह. विकासनगर, जिला देहरादून, यूके को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर सोलन में जिला स्तरीय पद यात्रा निकाली गई। इसमें शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि और सूद, जिला सोलन प्रभारी राजपाल, जिला सोलन सहप्रभारी, वंदना योगी, जिला स्तरीय पदयात्रा कार्यक्रम जिला सोलन के संयोजक व हिमाचल प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं आयुष मंत्री डॉ. राजीव सैजल और भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### अर्की स्कूल में लगाई टीएलएम प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पीएम श्री शहीद कैप्टेन विजयंत थापर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्की में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक टीएलएम प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक के सभी विषयों के प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। इसके साथ ही बहारा विश्वविद्यालय से आए रिसोर्स परसन डॉ. गगन कुमार व डॉ. ईशान शर्मा ने छात्राओं को विषय विशेषज्ञ के रूप में विस्तृत जानकारी दी। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत केरल और हिमाचल का लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग के लिए एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रधानाचार्या विमला वर्मा ने बच्चों को कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिजली आपदा सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में रेंजर्स एवं रोवर्स इकाई द्वारा बिजली आपदाओं से बचाव व तैयारी की रणनीतियों पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के सलाहकार अतिरिक्त निदेशक अनुराग पराशर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। पराशर ने विद्यार्थियों को बिजली से होने वाली संभावित आपदाओं, अत्यधिक भार (ओवरलोडिंग), शॉर्ट-सर्किट के जोखिम, तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में बिजली सुरक्षा न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ता ने छात्रों को बिजली के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग, ऊर्जा संरक्षण तथा जागरूकता के महत्व के बारे में भी महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर सहायक अभियंता ई. विमल और स्टाफ सहित अन्य मौजूद रहे।

### साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोलर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन एक जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेरा गांव मेरा देश-एक सहायक संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. गुप्ता ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया जागरूकता तथा नशा मुक्ति के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे नागरिक बनने, समाज में सकारात्मक योगदान करने और गलत संगत व नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से संजीव कुमार ने भी विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने बच्चों को मौलिक अधिकार, कर्तव्य, तथा निशुल्क कानूनी सहायता की सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

### रैली से सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान, कसौली।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चामियां में प्रधानाचार्य सोहन लाल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह पर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान एनएसएस जिला समन्वयक डीआर भट्टी ने हिमाचल प्रदेश में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं और बचाव के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य ने सड़क में चलने के नियमों और सड़क पर लगे विभिन्न संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर छठी कक्षा से जमा दो तक के विद्यार्थियों ने नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके बाद विद्यालय परिसर से शक्ति घाट जुब्बड़ बाजार तक लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली। उसके पश्चात प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट भी दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक आचार्य देवकीनंदन शर्मा, पवन, हरीश शर्मा, मुकेश, नीरजा वेदना, मीना कुमारी, राकेश कुमार, परवेश, निखिल समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से की वादाखिलाफी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता से की वादाखिलाफी की है। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर बनी वर्तमान सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद जनता अब भी ठगा हुआ महसूस कर रही है। भाजपा प्रवक्ता राकेश डोगरा ने आरोप लगाया कि चुनावों के दौरान किए गए बड़े-बड़े वादों में से एक भी वादा धरातल पर पूरा नहीं हो पाया है। डोगरा का कहना है कि युवाओं को रोजगार देने के वादे भी अधूरे रहे हैं। आउटसोर्स कर्मियों में लगे 15,000 से अधिक लोगों को आज तक स्थायित्व का लाभ नहीं मिल पाया। वहीं, प्रदेशभर में सड़कें बदहाल हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन साल पूरे होने के बावजूद वर्तमान सरकार ऐसी कोई भी जनहितकारी योजना लेकर नहीं आई, जिसकी चर्चा प्रदेशभर में हो।

### मशरूम व मोहन मीकिन ब्रूरी का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के विज्ञान संकाय के 23 विद्यार्थियों ने बीते रोज सोलन का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान मोहन मीकिन ब्रूरी में विद्यार्थियों ने माल्टिंग, मैशिंग, बॉयलिंग, किण्वन (फर्मेंटेशन), मैच्युरेशन, फिल्ट्रेशन, कार्बोनेशन तथा पैकेजिंग आदि बीयर निर्माण की संपूर्ण वैज्ञानिक व औद्योगिक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से जाना। इसके अतिरिक्त यीस्ट कल्चर, अल्कोहल मापन, गुणवत्ता परीक्षण लैबोरेट्री का भी अवलोकन किया। इसके उपरांत शैक्षिक मशरूम अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर), चंबाघाट, सोलन में छात्रों को बटन मशरूम, ऑयस्टर मशरूम, शिटाके एवं मिल्की मशरूम आदि प्रजातियों की कम्पोस्ट तैयारी, स्पॉन उत्पादन, केसिंग, पिनिंग तथा हार्वेस्टिंग की वैज्ञानिक विधियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

# मेले व त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति व परंपराओं के वाहक : डॉ. शांडिल



ममलीग के गणा रा घाट मेले में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि लोक संस्कृति व परंपराओं को समर्पित मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति एवं परंपराओं के वाहक भी हैं।

डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ममलीग के गणा रा घाट (थान) में आयोजित मेले को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना और भी सुदृढ़ होती है। मेलों के दौरान खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच प्राप्त होता है। उन्होंने मेला आयोजन समिति को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेले और उत्सव हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में मेलों का एक महत्वपूर्ण स्थान है। मेले न केवल हमारी संस्कृति के परिचायक होते हैं, बल्कि यह हमारे समाज की एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में आयोजित होने वाले त्यौहारों और मेलों को सरकार के सहयोग से उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इससे हमारी संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान अगली पीढ़ी को होता है। वहीं, संस्कृति को संजोए रखने में भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि इन उत्सवों में हमारे लोक कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, लोगों का खूब मनोरंजन भी होता है।

## सहकारी क्षेत्र आर्थिकी को मजबूत बनाने में अहम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सहकारी क्षेत्र की प्रदेश की आर्थिकी को मज़बूत बनाने में अहम भूमिका है। डॉ. शांडिल यहां लक्ष्मी सिंह सहकारी परिसर में 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर आयोजित ज़िला स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि सहकारी क्षेत्र जहां प्रदेश की आर्थिकी को और मज़बूत बना रहा है वहीं युवाओं विशेषकर ग्रामीण युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के बेहतर अवसर भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र में कार्यरत बैंक प्रदेश की आर्थिकी और शिक्षित युवाओं को ऋण प्रदान करने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सहकारी समितियों से जुड़े सभी व्यक्तियों को पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह समितियां व्यापक स्तर पर परिवारों की आर्थिकी को सुदृढ़ बना रही हैं और कार्य में पारदर्शिता एवं ईमानदारी इनका मूल मंत्र होना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से ही देश में सहकारिता आंदोलन की शुरूआत हुई थी। अब प्रदेश को इस दिशा में और मजबूती के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहकरी क्षेत्र दुग्ध उत्पादन के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार व स्वरोजगार के अनेक अवसर सृजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिला सोलन में कुल 449 सहकारी संस्थाएं पंजीकृत हैं। इनमें से 178 प्राथमिक कृषि साख समितियां हैं, 41 समितियां कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में कार्य कर रही हैं, जबकि 2 समितियां जन औषधि केंद्र भी चला रही हैं।

# घर से आभूषण व नकदी चोरी का आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट/सोलन**

पुलिस थाना दाड़लाघाट में गांव बांजन निवासी दीनानाथ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इन्होंने अपने घर में पेंट का कार्य के लिए ठेकेदार के माध्यम से कमलेश व दीपक पटेल को 7 सितंबर पेंटिंग में लगा रखे थे। 19 सितंबर को यह अपनी पत्नी के साथ निजी कार्य से दाड़लाघाट गए थे, जब यह शाम को दाड़्लाघाट से वापस आए तो दीपक पटेल ने इन्हें कहा कि इसके गांव में उसका मकान गिराया जा रहा है, जिस कारण इसे अचानक घर जाना पड़ रहा है।

25 सितंबर को जब इन्होंने अपनी अलमारी का लॉकर खोला तो पाया कि लॉकर में रखे इनकी पत्नी का मंगल सूत्र एक सेट कान के कांटे, एक अंगूठी व 1,00,000 रुपए की नकदी गायब पाए गए, इन्हें शक है की उक्त चोरी को दीपक पटेल ने जिन्हें इन्होंने पेंटिंग के काम में लगा रखा था उन्होंने अंजाम दिया है। चोरी हुई संपति की कुल कीमत 2,00,000 रूपए है। इस पर पुलिस थाना दाडलाघाट में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी की तलाश के लिए जिले के समस्त थाना, चौकी व पड़ोसी राज्यों को सूचित किया गया।

इसके अतिरिक्त आरोपी दीपक पटेल के तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करके उसकी तलाश शुरू की गई तथा उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम उसके स्थायी पते पर भेजी गई थी, लेकिन उक्त आरोपी अपने स्थायी पते पर न मिला, जिस पर तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने पर उक्त आरोपी को कर्नाटक बेंगलुरु में ट्रेस आउट किया गया, जिस पर थाना दाड़लाघाट की टीम 18 नवंबर को मामले में संलिप्त आरोपी दीपक कुमार पटेल पुत्र बैजनाथ पटेल निवासी गांव गोपालपुर, डाकखाना तारया सुजन, तहसील तमकुईराज, जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश उम्र 22 वर्ष को कर्नाटक के बेंगलुरु से गिरफ्तार करके ट्रांजिट रिमांड पर सोलन लाया गया है द्घ आरोपी को न्यायायल में पेश किया जा रहा हैद्घ उक्त आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# सिरमौर में औद्योगिक विकास ठप

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार भले ही इन्वेस्टर मीट के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित करने का दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। विशेष रूप से सिरमौर जिले में, जिसका प्रतिनिधित्व स्वयं उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान करते हैं, औद्योगिक विकास और नए निवेश के मामले में निराशाजनक तस्वीर सामने आई हैं।

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब और पांवटा साहिब में पहले से स्थापित उद्योगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं देने में सरकार विफल रही है, वहीं लगभग 1200 बीघा के प्रस्तावित लैंड बैंक पर भी ग्रहण लगता दिख रहा है। इससे नए उद्योगों को जमीन उपलब्ध कराने की योजना खटाई में पड़ गई है। जिला उद्योग केंद्र से सेवानिवृत्त महाप्रबंधक द्वारा कुशलतापूर्वक तैयार की गई लगभग 1200 बीघा की लैंड बैंक की रूपरेखा, उनके सेवानिवृत्त होते ही लगभग ठप पड़ गई है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन चार औद्योगिक क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति लैंड बैंक की धीमी गति और विभाग की लचर कार्यप्रणाली को दर्शाती है। 12.58 हेक्टेयर (149-06 बीघा) भूमि के लिए वन संरक्षण अधिनियम का मामला तैयार हो रहा है, लेकिन 'परिवेश पोर्टल' पर उठाई गई आपत्तियों को हटाने का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। क्षेत्र में भूमि की पहचान के बाद संयुक्त निरीक्षण भी हो चुका है और एफसीए मामला तैयार किया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई की गति संतोषजनक नहीं है।

## उपायुक्त सिरमौर के पास मामला लंबित

**पच्छाद** तहसील के गिन्नी-घड़ क्षेत्र में 91-03 बीघा भूमि उद्योगों के लिए उपयुक्त पाई गई थी, लेकिन यह मामला अभी भी उपायुक्त सिरमौर के पास राजस्व विभाग से वन भूमि से संबंधित स्पष्टीकरण के इंतजार में लंबित है। सिरमौर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र के पास 850 बीघा में से लगभग 700 बीघा भूमि को उपयुक्त पाया गया था, बावजूद इसके, यह मामला अधर में है क्योंकि उद्योग निदेशक, ने कुछ दस्तावेजों और प्रस्ताव में सुधार की मांग की है, जिन्हें पूरा करने का काम अभी चल रहा है। भाग्य की विडंबना यह है कि एक ओर सरकार इन्वेस्टर मीट के सहारे देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के गृह जिले में ही जमीन अधिग्रहण, जैसे मूलभूत कार्य पिछले दो साल में ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं।

> **जीएम** इंडस्ट्री विभाग जिला सिरमौर रचित शर्मा का कहना है कि लगभग 1200 बीघा जमीन की प्रपोज फॉरेस्ट क्लीयरेंस आदि की वजह से लंबित है। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार इस पर रिमाइंडर भी दे रही है। फिलहाल किसी भी जमीन की परमिशन नहीं आई है।

# नेताओं ने कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने बताया कि पार्टी पंचायती राज चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र और मंडल में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन एवं टोली बैठक कर रही है।

नेडा पार मंडल में मस्त भोज जाखना में आयोजित सम्मेलन में जिला प्रभारी डॉ. संजय ठाकुर, सह प्रभारी राकेश डोगरा, पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता और जिला महामंत्री रणवीर सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक समर्थित लोगों को पंचायत जनप्रतिनिधि बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले 10 बड़ी गारंटियां दी थीं, जिनमें युवाओं को रोजगार, महिलाओं को मासिक सहायता, मुफ्त बिजली और दूध की गारंटी शामिल थी, लेकिन अब तक कोई कार्यान्वयन नहीं हुआ। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों के कारण सुक्खू सरकार पंचायती राज चुनाव से भाग रही है।

# 100 नशीले कैप्सूलों सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एसआईयू टीम ने यमुना बैरियर पर नाका लगाकर एक मोटरसाइकिल को रोका। इसमें सवार दोनों व्यक्ति नशीले कैप्सूल बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके पर 100 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल में कृष्ण उर्फ बबलू और हरिराम पांवटा साहिब की ओर नशीले कैप्सूल लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने तुरंत यमुना बैरियर पर नाका लगाकर बाइक को रोका। दोनों आरोपियों के बैग से 13 स्ट्रिप्स में भरे कुल 100 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन दिन का हिरासत डिमांड प्राप्त किया है। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि कैप्सूल कहां से लाए गए और किन क्षेत्रों में सप्लाई किए जाने थे।

# विनोद सुल्तानपुरी ने अनहेच पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी**



कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने अनहेच पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन और इसी पंचायत के बिगड़ गांव में मोक्ष धाम का लोकार्पण किया। उन्होंने करीब 2 करोड़ रुपए के उद्घाटन कर विभिन्न योजनाएं लोगों को समर्पित की।

इस अवसर पर जनमंच का भी आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विनोद सुल्तानपुरी ने उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई। गवर्नमेंट हाई स्कूल अनहेच के बच्चों ने नशे के दुष्प्रभाव पर एक स्किट का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी। जिला प्रशासन ने एसडीएम सोलन पूनम बंसल और तहसीलदार राजीव रांटा की उपस्थिति में, करीब 50 लोगों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। पंचायत प्रधान मोहनलाल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर, स्थानीय पंचायत के उपप्रधान संदीप ठाकुर, जिला सोलन कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव शिवदत्त ठाकुर, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र ठाकुर, शिकायत निवारण समिति सोलन के सदस्य नवीन सूद, शांति, सावित्री दवी, बदोग पंचायत के उपप्रधान गुरुदेव शर्मा, रूपलाल ठाकुर, बसंत शर्मा, हरकेश गोयल, स्थानीय पंचायत के सभी वार्ड मेंबर, जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के सभी उच्च अधिकारी और सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पंचायत महाकुंभ कर्नाटक में 13 दिसंबर से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कर्नाटक राज्य पंचायत परिषद द्वारा आयोजित 18वां राष्ट्रीय पंचायतीराज महासम्मेलन 13-14 दिसंबर को गडग विश्वविद्यालय रेखा भवन, बेटागेरी (कर्नाटक) में होगा। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज परिषद के अध्यक्ष बलदेव ठाकुर और अखिल भारतीय पंचायत परिषद के महामंत्री कुल राकेश पंत ने संयुक्त प्रेस बयान में दी। उन्होंने बताया कि पंचायतों के सशक्तिकरण व व्यापक विकास पर केंद्रित यह सम्मेलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। महासम्मेलन का उद्घाटन कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया करेंगे, जबकि समापन समारोह की अध्यक्षता पंचायतीराज मंत्री प्रियांक खड़गे करेंगे। आयोजन की अध्यक्षता भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाई करेंगे। सम्मेलन से स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश मिलने की उम्मीद है।

# जीवन मूल्यों का ज्ञान बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनाने में सहायक : संजय अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की/ सोलन**



विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद विधायक संजय अवस्थी।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को जीवन मूल्यों का ज्ञान देना उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि छात्रों को समावेशी, समानता पूर्व, भविष्योन्मुखी व नई तकनीक के प्रति सजग तथा जीवन मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षा का लक्ष्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं रह गया है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को अन्य गतिविधियों में भी पारंगत हासिल करनी होगी, ताकि वह आने वाले स्पर्धात्मक समय के लिए तैयार हो सकें। विधायक ने अध्यापकों व अभिभावकों से आग्रह किया कि ऑनलाइन के इस युग में बच्चों को जीवन मूल्यों का ज्ञान अवश्य दें। बच्चों को नशे से बचाने के लिए उन्हें उनके शारीरिक विकास के प्रति जागरूकता करना होगा।

बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए खेल भी आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि नशे से दूर रहें और खेलों में अपनी रूचि बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न सकारात्मक निर्णय लिए गए है। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्थापित किए जा रहे हैं। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर मेधावी बच्चों को सम्मानित किया और उन्हें अपने शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में चयनित 08 बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 10-10 हजार रुपए देने की घोषणा की और उनके विजयी होने की कामना की।

**निरीक्षण** उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति शिलाई में बैठक आयोजित

# शिलाई में बनेगा 100 बिस्तरों का सिविल अस्पताल

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**



नागरिक अस्पताल शिलाई के भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते उद्योग मंत्री।

**नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले व श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में शिलाई अस्पताल में रोगी कल्याण समिति शिलाई की बैठक आयोजित की गई।

उद्योग मंत्री ने रोगी कल्याण समिति की बैठक से पहले अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उद्योग मंत्री शिलाई अस्पताल के सभी डॉक्टरों से मिले और उनसे मरीजों के उपचार के लिए उनकी जरूरतें जानी। इसके उपरांत उद्योग मंत्री अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों से भी मिले तथा उनसे व्यवस्थाओं तथा उपचार का जायजा लिया। उन्होंने 19 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 100 बिस्तरों के सिविल अस्पताल शिलाई के कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल शिलाई में दूर-दराज क्षेत्र के मरीज अपने इलाज के लिए आते हैं, ऐसे में इस अस्पताल में सुविधाओं को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नागरिक अस्पताल में 6 डॉक्टरों तथा 3 विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित 11 स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की गई है। जो क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं मुहैया करवा रहे हैं। जल्द ही नागरिक अस्पताल शिलाई के भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके उपरांत अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए 100 बिस्तरों की व्यवस्था होगी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्राथमिकता के आधार पर दूरवर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में ढांचागत तथा स्टाफ सुविधा का विस्तार किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उपचार के लिये दूर अस्पतालों में न जाना पड़े।

प्रदेश के अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण से आने वाले समय में गांव के लोगों को आर्थिक तंगी के चलते उपचार से महरूम नहीं होना पड़ेगा। रोगी कल्याण समिति की बैठक के दौरान क्षेत्र के लोगों के लिए चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उद्योग मंत्री ने कहा कि रोगी कल्याण समिति की धन राशि का उपयोग क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने पर किया जाना चाहिए।

शिलाई अस्पताल आसपास के क्षेत्र का केंद्र बिंदु है, जिस कारण यहां दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग अपना इलाज करवाने पहुंचते हैं इसलिए यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का होना जरूरी है। इस अस्पताल के लिए स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार अथवा विधायक निधि से बजट का प्रावधान किया जाएगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश में योग्य चिकित्सक हैं साथ ही प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। सचिव रोगी कल्याण समिति डॉक्टर शीतल शर्मा ने बैठक का संचालन करते हुए रोगी कल्याण समिति के आय व्यय का ब्योरा तथा बैठक का एजेंडा समिति के समक्ष रखा।

# विनय ने अयोध्या भ्रमण के लिए महिलाओं के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अयोध्या भ्रमण के लिए महिलाओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए विस उपाध्यक्ष।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

महिलाएं समाज का अभिन्न अंग हैं। आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भागीदारी रही है, प्रदेश सरकार महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान कर रही है, ताकि वे अपने जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें और महिला सशक्तिकरण की ताकत को पहचान कर आगे बढ़ सकें।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना तथा इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं तथा कार्यक्रम चलाए हैं। यह उद्गार विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने रेणुका जी में 60 सदस्यीय महिलाओं के दल को अपने खर्चे पर अयोध्या भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व्यक्त किए। महिलाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया है, ताकि महिलाएं स्वयं तैयार किए गए उत्पादों को स्थानीय बाजारों में उचित दामों पर बेच सके। उन्होंने बताया कि इस दल में रेणुका विधानसभा क्षेत्र की 62 पंचायतों के 7 जोन की विभिन्न महिलामंडल व स्वयं सहायता समूहों की 60 महिलाएं शामिल हैं। 20 से 26 नवंबर तक चलने वाली यह यात्रा रेणुका जी से आरंभ होगी और अयोध्या, राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, प्रयागराज, चित्रकुट, वृंदावन, श्रीकृष्ण जन्म भूमि, हरिद्वार का भ्रमण करने के उपरांत वापस यहीं पर आकर समाप्त होगी। इस दल के रहने व भोजन आदि की व्यवस्था पहले से ही कर दी गई है। इस अवसर पर बीडीसी उपाध्यक्ष चतर सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान मालगी सीमा कपूर, कांग्रेस नेता मित्र सिंह तोमर, महिला अध्यक्षा श्यामा ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौरा में 27.39 ग्राम हेरोइन समेत स्कूटी सवार दबोचा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए नशे के खिलाफ चलाएंगे अभियान के तहत एएनटीएफ कांगड़ा चंबा यूनिट द्वारा वीरवार को गुप्त सूचना के आधार पर जब इंदौरा-काठगढ़ मार्ग पर टिब्बी के पास नाका लगाया हुआ था तब एक स्कूटी पर सवार को रोका। तलाशी लेने के दौरान स्कूटी की डिग्गी में 27.39 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उपरोक्त आरोपों की पहचान दीपक कुमार निवासी चौटाला, जिला होशियारपुर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ इंदौरा थाने में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### इंडियन पोटाश ने मुख्यमंत्री रंगला पंजाब फंड में दिए 15 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** भारत की अग्रणी उर्वरक कंपनी इंडियन पोटाश लिमिटेड के प्रतिनिधि, योगेश गुप्ता, उपप्रबंधक और विकास शर्मा, कार्यकारी, ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड़ियां से मुलाकात की। इस अवसर पर आईपीएल ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री रंगला पंजाब फंड में 15 लाख रुपए का चेक मंत्री को सौंपा। मुलाकात में डॉ. अर्शदीप सिंह थिंद, डॉ. गुरनाम सिंह, डॉ. नरिंदर सिंह बेनीपाल, डॉ. गुरदीप सिंह और डॉ. गिरीश भार्गव सहित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। आईपीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस गहलोत कुछ कारणों से कार्यक्रम में नहीं शामिल हो सके, लेकिन उन्होंने किसान समुदाय की बेहतरी के लिए कंपनी की निरंतर सहयोग प्रतिबद्धता जताई। इस पहल से बाढ़ पीड़ित किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### पटियाला में लगाया पेंशनर कल्याण शिविर



**अनंत ज्ञान, पटियाला।** संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के सीसीए, पंजाब ने पेंशनभोगियों के कल्याण हेतु जीवन प्रमाण पत्र अद्यतनीकरण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। यह शिविर 'राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0' का हिस्सा था और पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने, जमा करने और डीएलसी दाखिल करने में सहायता प्रदान की गई। शिविर का उद्घाटन सीसीए वीएन टंडन ने किया। पार्क अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को हृदय स्वास्थ्य, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम पर मार्गदर्शन दिया गया। योग सत्र और स्वास्थ्य व्याख्यान भी आयोजित किए गए। पंजाब पुलिस साइबर सेल ने साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से अवगत कराया। बीएसएनएल पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जी.एस. बाजवा और अन्य प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की सराहना की। शिविर में पेंशनभोगियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिससे डिजिटल सशक्तिकरण और कल्याण सुनिश्चित हुआ।

### गुरुग्राम में नाके पर तैनात सिपाही को ट्राले ने कुचला, मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गुरुग्राम में ग्वाल पहाड़ी नाके पर तैनात सिपाही अजय सिंह (32) की एक अनियंत्रित ट्राले से कुचलकर मौत हो गई। ट्राले ने बेरिकेट तोड़ते हुए पिकअप और पुलिस गाड़ी में टक्कर मारी। अन्य पुलिसकर्मियों ने समय रहते बचकर अपनी जान बचाई। सिपाही अजय सिंह मूलरूप से रेवाड़ी के गांव कुमरोधा के रहने वाले थे और उन्होंने मार्च 2019 में हरियाणा पुलिस में भर्ती होकर छह साल आठ महीने तक सेवाएं दीं। उनके परिवार में माता-पिता, बहन और आठ माह पूर्व शादी हुई पत्नी शामिल हैं। पुलिस ने ट्राला चालक राजस्थान के सीकर जिले के निमोध निधासी शक्ति पुत्र बनवारी को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुग्राम पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शहीद सिपाही को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को सभी वैधानिक लाभ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# मेयर के घर ढोल बजाकर विरोध पर कांग्रेस में बवाल

## चंडीगढ़ महिला विंग की नेत्रियां आमने-सामने, व्हाट्सऐप पर तीखी बहस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के घर के बाहर ढोल बजाने की शुरू की गई पहल अब भाजपा मेयर हरप्रीत कौर बबला के बाद कांग्रेस के भीतर भी विवाद का कारण बन गई है। कांग्रेस महिला विंग की नेत्रियों के बीच इस मुद्दे पर बुधवार से ही तीखी बहस चल रही है, जो पार्टी सांसद मनीष तिवारी और स्थानीय अध्यक्ष एचएस लक्की तक पहुंच गई है।

मामला तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेत्री ममता डोगरा बुधवार को अपने क्षेत्र के कुछ लोगों के साथ मेयर हरप्रीत कौर बबला के घर पहुंचीं और ढोल बजाकर नगर निगम के फैसले का विरोध किया। उनकी यह विरोध कार्रवाई सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में रही, लेकिन पार्टी की ही कई महिला नेत्रियों को ममता का यह कदम नागवार गुजरा और उनके खिलाफ पार्टी ग्रुप में आपत्तिजनक टिप्पणियों और वॉयस नोट शेयर किए गए। कांग्रेस महिला विंग के स्थानीय व्हाट्सऐप ग्रुप में नेत्रियों ने एक-दूसरे पर शब्दों के बाण चलाए। दर्जनों वॉयस नोट्स शेयर हुए, जिनमें से एक 4 मिनट 25 सेकेंड का वॉयस नोट सार्वजनिक ग्रुप तक पहुंच गया। इसमें मनीमाजरा से कांग्रेस नेत्री ममता की कार्रवाई को 'ड्रामा' बताया गया और कहा गया कि इससे पार्टी नेतृत्व निराश है।

यह भी आरोप लगाया गया कि ममता ने न तो जिला अध्यक्ष एचएस लक्की को भरोसे में लिया और न ही सांसद मनीष तिवारी को जानकारी दी। कुछ ने यहां तक कहा कि भाजपा से कांग्रेस में आने के बाद वह लगातार विवाद खड़ा कर रही हैं।

विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ममता डोगरा ने कहा कि मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या बोल रहा है। जिन लोगों को बताना था, जिन्हें भरोसे में लेना था, सबको जानकारी है। विरोधी इस तरह कीचड़ उछालते हैं। मैंने अपने एरिया के लोगों के लिए ढोल बजाया था।

कांग्रेस नेत्री उमावती ने इसे पार्टी में अनुशासनहीनता बताया और कहा कि ममता ने किसी को भी भरोसे में नहीं लिया। यह गलत है और उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। कई अन्य महिला नेत्रियों ने भी इस पर आपत्ति व्यक्त की है।

# चितकारा यूनिवर्सिटी में रंगरेज-2025 में देशभर के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चितकारा यूनिवर्सिटी, पंजाब ने दो दिवसीय राष्ट्रीय रंगमंच उत्सव 'रंगरेज 2025' का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक किया। 'दास्तान-जर्नीज इन रिद्म, स्टोरीज इन मोशन' थीम के तहत देशभर के थिएटर समूहों, कथाकारों और छात्रों ने कहानी कहने की कला और सृजनात्मकता का उत्सव मनाया। इस वर्ष के कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक, प्रोसीनियम प्ले, मोनोलॉग, मूवमेंट पीसेज, रचनात्मक खेल और दर्शक सहभागिता गतिविधियां शामिल थीं।

राष्ट्रीय स्तर के इस उत्सव में 15 से अधिक राज्यों के छात्र कलाकारों ने हिस्सा लिया। ग्वालियर और हरियाणा के प्रतिभागी भी विजेताओं की सूची में शामिल रहे। विजेताओं को चितकारा इंटरनेशनल स्कूल्स की वाइस प्रेसिडेंट और डायरेक्टर डॉ. नियति चितकारा ने पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए।

प्रो-चांसलर डॉ. मधु चितकारा ने कहा कि रंगरेज युवा सृजन, साहस और समुदाय का उत्सव है। यह फेस्टिवल देशभर के प्रतिभाशाली कलाकारों को साझा मंच पर लाकर नए विचारों और प्रदर्शन शैलियों को विकसित करने का अवसर देता है। यहां युवा कलाकारों ने न केवल अपनी प्रतिभा दिखाई बल्कि कहानी कहने की शक्ति का भी जीवंत अनुभव कराया। चितकारा यूनिवर्सिटी ने सभी प्रतिभागियों और थिएटर प्रेमियों का धन्यवाद करते हुए इसे कला और सृजनात्मकता का असाधारण उत्सव बताया।

# 68वां सीआईएससीई वार्षिक सम्मेलन चंडीगढ़ में संपन्न

**अनंत ज्ञान, जीरकपुर**



काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) का 68वां वार्षिक सम्मेलन एवं एजीएम 19 से 21 नवंबर 2025 तक चंडीगढ़ के एकेएम रिजॉर्ट्स, जीरकपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में देशभर के 2000 से अधिक स्कूल प्रिंसिपल और प्रमुख शामिल हुए। 'Building Stronger Schools Together' थीम पर आधारित यह तीन दिवसीय कार्यक्रम शिक्षा में उभरते रुझानों, कौशल-आधारित पाठ्यक्रम, समावेशी शिक्षण, प्रौद्योगिकी एकीकरण और वैश्विक शिक्षा मॉडल पर विचार-विमर्श का मंच प्रदान करता है।

उद्घाटन सत्र में राज्यसभा सांसद और शिक्षाविद डॉ. अशोक मित्तल ने संबोधन दिया। सम्मेलन में जस्टिस (सेवानिवृत्त) विक्रमजीत सेन ने अध्यक्षता की। प्रतिभागियों ने थीमैटिक चर्चाओं, कार्यशालाओं और परामर्श सत्रों में हिस्सा लिया। इस दौरान सीआईएससीई के आठ नीतिगत दस्तावेज और संसाधन जारी किए गए और डेरोजियो अवॉर्ड्स 2025 वितरित किए गए। सीआईएससीई नेतृत्व ने कहा कि सम्मेलन ने शिक्षा में उत्कृष्टता, प्रशासनिक दक्षता और छात्र विकास के लिए नए मार्ग प्रशस्त किए।

# हिसार: अब पुलिस करेगी वीएलडीडी परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच

**अनंत ज्ञान, हिसार।** यहां के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की अधीन हाल ही में हुई वीएलडीडी परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच अब पुलिस करेगी। विश्वविद्यालय की ओर से जांच के लिए गठित कमेटी ने विश्वविद्यालय प्रशासन को पुलिस से जांच करवाने की अनुशंसा की है। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में वीएलडीडी कार्यक्रमों की परीक्षाएं करवाई गई थी। एक दिन परीक्षा लीक होने की सूचना मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन में सभी परीक्षाएं रद्द कर दी। प्रशासन के इस फैसले से विद्यार्थी भड़क गए और उन्होंने सभी परीक्षाएं रद्द करवाने का विरोध किया। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि जिस सेंटर से जिस विषय का पेपर लीक हुआ है, उसे ही रद्द किया जाए। सभी परीक्षाएं रद्द करने से छात्रों की परेशानी बढ़ेगी और उनका समय भी खराब होगा। प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय ने जांच कमेटी बनाई, जिसे रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।ये दी जांच कमेटी ने रिपोर्टविश्वविद्यालय की ओर से गठित जांच कमेटी ने जांच करके अपनी रिपोर्ट में गुरुवार को कहा कि इस मामले की जांच पुलिस से करवाना उचित रहेगा। पुलिस से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी समीक्षा की जाएगी।

# चंडीगढ़ मैराथन 23 को, मेयर करेंगी विजेताओं को सम्मानित




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ हाफ मैराथन 2025 का आयोजन रविवार, 23 नवंबर को कैपिटल कांप्लेक्स, सेक्टर-1 से किया जाएगा। इस आयोजन में करीब 1100 प्रतिभागी विभिन्न श्रेणियों हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किमी, 5 किमी, 3 किमी फन रन और विशेष वॉकाथन में हिस्सा लेंगे। फ्लैग-ऑफ सुबह 5:30 बजे होगा।

समापन समारोह में मेयर हरप्रीत कौर बाबला सभी श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित करेंगी। हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण शनिवार तक खुले रहेंगे। 21 किमी रेस में आयु वर्ग 18-35, 36-45 और 46 वर्ष से अधिक निर्धारित किए गए हैं। रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को ड्राई-फिट टी-शर्ट, टाइम्ड बिब, फिनिशर मेडल, ई-सर्टिफिकेट, कैरी बैग, हाइड्रेशन और रिफ्रेशमेंट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। स्पार्टाथलॉन फिनिशर अमित सिंगला और ब्रांड एंबेसडर हरजीत सिंह ने कहा कि मैराथन फिटनेस, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में सहायक है। आयोजन को कई शीर्ष ब्रांड और मीडिया पार्टनर्स का समर्थन प्राप्त है।

## देश-विदेश

# एसआईआर: भारत से रोज लौट रहे 150 अवैध बांग्लादेशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पश्चिम** बंगाल में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ ने दावा किया है कि बॉर्डर पार करने की कोशिश करने वाले अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, यह वापसी राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) से जुड़ी है।

बीएसएफ के एक अधिकारी के मुताबिक, नॉर्थ 24 परगना, मुर्शिदाबाद और मालदा में बॉर्डर के बिना फेंसिंग वाले हिस्सों से लौटने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी इमिग्रेंट्स के फ्लो में क्वांटम जंप देखा गया है। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि पहले, ऐसे मामले मुश्किल से डबल डिजिट में आते थे। अब यह

### बीएसएफ का दावा: बंगाल के 3 जिलों की बॉर्डर पर संख्या अचानक बढ़ी

आंकड़ा हर दिन लगातार तीन डिजिट में है। बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने कहा कि चेक पोस्ट पर छोटे बैग और सामान लेकर लोगों की लाइन लग रही है, जो खुलेआम मान रहे हैं कि वे बांग्लादेशी हैं और सालों पहले गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे। अवैध बांग्लादेशियों की अचानक बढ़ोतरी से बीएसएफ और स्टेट पुलिस पर प्रेशर बढ़ गया है, जिन्हें बॉर्डर पर हर पकड़े गए व्यक्ति का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, पूछताछ व क्रिमिनल बैकग्राउंड चेक करना होता है। (अनंत ज्ञान)

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट, 170 से ज्यादा पर्वतारोही किए रेस्क्यू

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर मौजूद देश के सबसे ऊंचे ज्वालामुखी माउंट सेमेरू में अचानक हुए विस्फोट के बाद करीब 178 पर्वतारोही और स्थानीय लोग फंस गए थे। वीरवार को इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि सभी को सुरक्षित वापस लाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, ये लोग रानू कुम्बोलो नाम के कैंपिंग एरिया में रुके हुए थे, जो खतरे के मुख्य क्षेत्र से बाहर है। हालांकि, वहां भी ज्वालामुखी की राख पहुंची और पर्वतारोहियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी रिपोर्ट ने किया दावा ऑपरेशन सिंदूर में पाक जीता

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**एक** अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर 'विद्रोही हमला' माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन ने जारी किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस रिपोर्ट का विरोध जताते हुए इस पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे और विरोध जताएंगे? हमारी कूटनीति को एक और बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने कम से कम 6 भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया, जिनमें राफेल जेट भी शामिल हैं। इससे राफेल की इमेज को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक रूप से सिर्फ तीन भारतीय विमानों के गिराए जाने की पुष्टि होती है। चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध का इस्तेमाल अपने आधुनिक हथियारों को लाइव वॉर में टेस्ट करने और दुनिया को दिखाने के लिए किया। लड़ाई के बाद दुनियाभर में चीनी दूतावासों ने अपने हथियारों की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने इनके इस्तेमाल से भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया। (अनंत ज्ञान)

# सोना 1,003 गिरकर 1.23 लाख प्रति 10 ग्राम पर आया

**एजेंसी, मुंबई**

**सोना-चांदी** के दाम में वीरवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,003 रुपए गिरकर 1,22,881 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,23,884 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। चांदी 2,280 रुपए गिरकर 1,55,840 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,58,120 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्तूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। आईबीजेए की सोने



की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# मस्क 6 महीने में ट्रंप कैंप में लौटे नई पार्टी बनाने का प्लान रद्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**टेस्ला** के सीईओ इलॉन मस्क फिर से अमेरिकी राजनीति के केंद्र में लौट आए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप से टकराव के करीब 6 महीने बाद वे राजधानी वॉशिंगटन में सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के सम्मान में आयोजित ट्रंप के स्टेट डिनर में इलॉन मस्क भी शामिल हुए। मस्क अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनाने का प्लान भी रद्द कर चुके हैं। मस्क ने कहा कि वे 2026 मिडटर्म इलेक्शन में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे और फंडिंग देंगे। इसके जरिए उन्होंने संकेत दिया कि वे टकराव नहीं, बल्कि दोस्ती का रास्ता चुन रहे हैं। मस्क के मई में वॉशिंगटन छोड़ते समय तस्वीर आज से बिल्कुल अलग थी। तब मस्क ट्रंप प्रशासन के बिग ब्यूटीफुल बिल और अपने करीबी जैरेड आइजेकमैन का नासा प्रमुख नहीं बनाए जाने से नाराज थे। मस्क ने दावा किया था कि ट्रम्प यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज इसलिए जारी नहीं कर रहे हैं क्योंकि उनमें उनका भी नाम है। मस्क ने सार्वजनिक रूप से तीसरी पार्टी (अमेरिका पार्टी) बनाने और रिपब्लिकन पार्टी को चुनौती देने का ऐलान किया था। अब हालात उलट है। मस्क की टीम ऑस्टिन के एक लग्जरी होटल में 2 दिन का डीओजीई टीम री-यूनियन कर रही है, जिसमें डिनर के साथ-साथ टेस्ला, स्पेसएक्स और द बोरिंग कंपनी के फैक्ट्री टूर की प्लानिंग है। मस्क खुद भी इसमें शामिल हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे उस मामले में राहत जारी रखी है, जिसमें उन पर 2022 की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। अदालत ने वीरवार को ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी अंतरिम रोक 4 दिसंबर तक बढ़ा दी। दो जजों की पीठ, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, ने यह फैसला लिया। इस मामले की सुनवाई टलने का कारण एक स्थगन पत्र बताया गया है। यह मामला राहुल गांधी की उस याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 29 मई वाले आदेश को चुनौती दी थी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली-एनसीआर की हवा और जहरीली हुई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। वीरवार सुबह कई इलाकों में घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। राजधानी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह राजधानी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 416, अशोक विहार में 443, आया नगर में 332, बवाना में 437, बुराड़ी में 418, डीटीयू में 432, द्वारका में



414, आईटीओ में 399, जहांगीरपुरी में 451 दर्ज किया गया है। राजधानी में आज सुबह इंडिया गेट क्षेत्र के आसपास घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, यहां एक्यूआई 400 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर एक महिला ने कहा कि 'प्रदूषण इतना ज्यादा है कि सांस लेने में दिक्कत हो रही है। मास्क पहनना पड़ रहा है और एक्यूआई भी बहुत ज्यादा है। हम बाहर निकलने से बच रहे हैं।' आज सुबह दिल्ली के मोती बाग इलाके के आस-पास के जहरीले स्मॉग की एक परत छाई हुई थी। सीपीसीबी के मुताबिक, इलाके में एक्यूआई 439 है जो 'गंभीर' कैटेगरी में है। वहीं, दिल्ली के धौलाकुआं और पंजाबी बाग इलाके में भी 400 के पार एक्यूआई दर्ज किया गया। धौलाकुआं इलाके में 423 और पंजाबी बाग इलाके में 439 एक्यूआई दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, लोनी में 448 एक्यूआई दर्ज किया गया है। संजय नगर में 420, वसुंधरा 424 और इंदिरापुर में एक्यूआई 373 दर्ज किया। (अनंत ज्ञान)

# हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं नक्सली: राष्ट्रपति

**एजेंसी, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं तथा केंद्र और राज्य सरकारों की मिली-जुली कोशिशों से वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) का खात्मा मुमकिन हो रहा है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज को दूसरे अन्य समाजों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए।



उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की मिली-जुली कोशिशों से इस वामपंथी उग्रवाद का खात्मा मुमकिन हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर इस लक्ष्य को पाने के लिए कई कदम उठा रही हैं, यह संतोषजनक बदलाव है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए बस्तर ओलंपिक्स (बस्तर में खेल प्रतियोगिता) में एक लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जो बहुत खुशी की बात है। मुर्मू ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनजाति महानायकों के आदर्शों पर चलकर छत्तीसगढ़ के लोग एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने में अपना कीमती योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की धरोहर हैं और जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज आगे बढ़ता है। राष्ट्रपति भवन में भारतीय महिला विश्व कप जीतने वाली क्रिकेट टीम के साथ हाल ही में हुई मुलाकात को याद करते हुए मुर्मू ने आदिवासी महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ की तारीफ की, जिन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से टीम में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि क्रांति का राष्ट्रीय टीम तक का सफर चुनौतियों से भरा था लेकिन वह हिम्मत और लगन की एक प्रेरणा देने वाली मिसाल बनकर उभरीं। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार प्रणाली बहाल सुप्रीम कोर्ट ने 2011 का अपना फैसला पलटा

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के अपीलीय प्रभाग ने एक अहम फैसले में कार्यवाहक सरकार प्रणाली (केयरटेकर गवर्नमेंट सिस्टम) को फिर से लागू कर दिया। फैसले में कहा गया है कि यह व्यवस्था 14वें राष्ट्रीय चुनाव से लागू होगी। यह फैसला उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद की अगुवाई वाले अपीलीय प्रभाग की सात सदस्यों वाली पीठ ने सुनाया। 10 मई, 2011 को उच्चतम न्यायालय ने कार्यवाहक सरकार प्रणाली को खत्म कर दिया था। फैसले में साफ कहा गया है कि यह आदेश आगामी चुनाव को नियंत्रित नहीं करेगा। खास बात यह है कि बांग्लादेश में 1996, 2001 और 2008 में कार्यवाहक सरकार प्रणाली के तहत संसदीय चुनाव हो चुके हैं। हालांकि 1991 का संसदीय चुनाव राजनीतिक सहमति से बनी एक अंतरिम सरकार के तहत हुआ था। इस समय देश में अंतरिम सरकार ही है। रिपोर्ट के अनुसार उच्चतम न्यायालय के अपीलीय प्रभाग ने आज अपने 2011 के पुराने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका पर निर्णय सुनाया। (अनंत ज्ञान)

# अश्विनी वैष्णव बोले- सामान्य मुद्रास्फीति और अच्छी वृद्धि के बीच भारत बनाए रखेगा स्थिर मौद्रिक नीति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीरवार को आश्वासन दिया कि भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीतिगत माहौल, निरंतर नियामक सरलीकरण, मजबूत, आर्थिक विकास और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि यह स्थितियां निवेशकों के लिए आदर्श हैं। सिंगापुर में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए वैष्णव ने एक स्थिर, जिम्मेदार और नवाचार-संचालित डिजिटल और आर्थिक भविष्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के बारे में बताया। देश के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए, वैष्णव ने कहा कि 'उच्च विकास और मध्यम मुद्रास्फीति के साथ, भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीति व्यवस्था, निरंतर सरलीकरण, अच्छी वृद्धि और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा, एक ऐसी स्थिति जिसका हर निवेशक इंतजार कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने वैश्विक निवेशकों को अगले साल नई दिल्ली में होने वाले न्यू इकोनॉमी फोरम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, और वैश्विक आर्थिक परिवर्तन में एक प्रमुख चालक बनने के लिए भारत की तत्परता को रेखांकित किया। 2025 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रुपए थी।

यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 44.42 लाख करोड़ रुपये से 7.8 प्रतिशत सालाना की वृद्धि है। यह वृद्धि सेवाओं, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से प्रेरित थी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल ही में भारत के विकास अनुमान को संशोधित किया, इसे इस वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### विश्व बॉक्सिंग अध्यक्ष बोरिस वान साई सेंटर देखकर हुए दंग

**एजेंसी, रोहतक।** विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने ग्रेटर नोएडा में चल रहे विश्व कप से इतर यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र का दौरा किया और इसकी काफी सराहना की। उन्होंने केंद्र के अभ्यास परिसर, होस्टल, रिकवरी क्षेत्र, जिम और किचन का भी



मुआयना किया। उन्होंने साइ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा,''मैने यहां राष्ट्रीय केंद्र पर सुविधायें देखी हैं और मैं इससे काफी प्रभावित हूं। अभ्यास सुविधाएं, अनुशासन। अब मुझे पता चला कि भारत मुक्केबाजी में इतना अच्छा क्यो कर रहा है।'' उन्होंने कहा ,'' भारतीय मुक्केबाजों में असीम संभावनाएं हैं। मैंने कई बार भारत का दौरा किया है और मैं अभी भी देखता हूं कि भारत के लिए शीर्ष स्तर पर खेलने की काफी ललक है। मैं उम्मीद करता हूं कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ विश्व का अग्रणी महासंघ बने। भारत से कई और मैरी कॉम निकलें।'' (अनंत ज्ञान)

### पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने छोड़ी पाक की चयन समिति

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने राष्ट्रीय चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के युवा विकास विभाग के प्रमुख का पद भी छोड़ दिया है । विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस्तीफा सौंप दिया । इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान शाहींस और अंडर 19 टीमों की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई। सूत्र ने कहा,''अजहर ने बोर्ड को इस सप्ताह इस्तीफा सौंप दिया जो स्वीकार कर लिया गया।'' पाकिस्तान के लिए 97 टेस्ट खेल चुके अजहर पिछले साल ही चयनकर्ता बने थे, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कार्यप्रणाली से काफी नाराज थे । (अनंत ज्ञान)

### आस्ट्रिया को हराकर इटली डेविस कप सेमीफाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, बोलोगना (इटली)।** दो बार की गत चैंपियन इटली ने आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना बेल्जियम से होगा। इटली के लिये फ्लावियो कोबोली ने फिलिप मिसोलिच को 6-1, 6-3 से हराकर दूसरा मुकाबला जीता । इससे पहल मात्तेओ बेरेतिनी ने जुरिज रोडियोनोव को 6-3, 7-6 से मात दी थी । इटली लगातार 12 डेविस कप मुकाबला जीत चुका है । आखिरी बार उसे 2023 में कनाडा ने ग्रुप चरण में हराया था । अन्य मुकाबलों में स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा जबकि जर्मनी की टक्कर अर्जेंटीना से होगी । (अनंत ज्ञान)

### मिताली राज का खूबसूरत स्टाइल

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज का जन्म 1982 में राजस्थान के जोधपुर में हुआ है। मिताली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने की खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।



# गुवाहाटी टेस्ट से बाहर हो सकते हैं गिल!

## मेडिकल टीम ने अनफिट बताया, गर्दन में खिंचाव के कारण बीच में छोड़ा था पहला मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो सकते हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उनकी गैर मौजूदगी में ऋषभ पंत कप्तानी करेंगे। यह निर्णय भारत के लिए एक बड़ा नुकसान माना जा रहा है, क्योंकि टीम इंडिया कोलकाता में पहला टेस्ट हार चुकी है। ऐसे में 22 से 26 नवंबर के बीच गुवाहाटी में खेला जाने वाला दूसरा टेस्ट बेहद महत्वपूर्ण था।

गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन, 15 नवंबर को गर्दन में खिंचाव हो गया था। दिन का खेल समाप्त होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की निगरानी में एक दिन रखने के बाद उन्हें 16 नवंबर को डिस्चार्ज कर दिया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को जारी हेल्थ अपडेट में कहा था कि शुभमन गिल तेजी से रिकवर कर रहे हैं। वे 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे और मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखेगी। दूसरे टेस्ट में उनकी उपलब्धता को लेकर अंतिम फैसला बाद में लिया जाएगा।

शनिवार को गिल कोलकाता टेस्ट की पहली पारी में वॉशिंगटन सुंदर के आउट होने के बाद बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने साइमन हार्मर की पहली दो बॉल पर कोई रन नहीं बनाया। इसके बाद तीसरी बॉल पर चौका लगाकर अपना खाता खोला, इसी दौरान स्वीप खेलने के प्रयास में उनकी गर्दन में परेशानी हुई।

इसके बाद फिजियो आए और गिल उनके साथ मैदान से बाहर चले गए। वे भारतीय पारी में महज 4 रन ही बना सके। उन्हें स्टेडियम से एक निजी अस्पताल में स्कैन के लिए ले जाया गया। इस दौरान उन्हें गर्दन में ब्रेस पहने हुए देखा गया। ईडन से निकलते समय उनके साथ टीम के डॉक्टर और संपर्क अधिकारी भी थे।

भारतीय टीम रविवार को कोलकाता टेस्ट 30 रन से हार गई। टीम 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 93 रन पर ढेर हो गई। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऐसे में भारत को यह सीरीज ड्रॉ कराने के लिए दूसरा मैच जीतना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### शुभमन गिल की गैर मौजूदगी में ऋषभ पंत संभालेंगे कप्तानी

**गिल** गुवाहाटी टेस्ट नहीं खेल पाते हैं तो उप कप्तान ऋषभ पंत ही टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। कोलकाता टेस्ट से भी गिल के बाहर होने के बाद पंत ने ही टीम की कमान संभाली थी। कप्तान की गैर-मौजूदगी में उप कप्तान ही टीम को लीड करता है।

### साईं सुदर्शन या नीतीश रेड्डी को मिल सकता है मौका

**गुवाहाटी** टेस्ट में शुभमन गिल की जगह साई सुदर्शन या नीतीश रेड्डी को मौका मिल सकता है। सुदर्शन ईडन गार्डन्स में भारत के ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन में मौजूद खिलाड़ियों में शामिल थे। उनके साथ ध्रुव जुरेल, आकाश दीप, रवींद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल भी अभ्यास करते नजर आए थे। वहीं, नीतीश रेड्डी भी 18 नवंबर को कोलकाता में टीम के साथ जुड़ गए थे।

# चोपड़ा बोले-गुवाहाटी की रहस्यमयी पिच पर भारतीय ही दिखाएंगे दम

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों गुवाहाटी की पिच से अनजान हैं, लेकिन पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऐसी पिच पर खेलने के अपने पहले के अनुभव के कारण घरेलू टीम अब भी थोड़े फायदे की स्थिति में है। अब क्रिकेट विशेषज्ञ की भूमिका निभाने वाले चोपड़ा ने यह भी कहा कि अगर कप्तान शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन के कारण नहीं खेल पाते हैं तो साई सुदर्शन को महत्वपूर्ण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए चुना जाना चाहिए।



कोलकाता टेस्ट 30 रन से हारने के बाद भारत की नजरें दो मैच की सीरीज को बराबर करने पर टिकी हैं, लेकिन पहली बार टेस्ट की मेजबानी कर रहे एसीए स्टेडियम में खेलना उसके लिए नई चुनौती होगी। दूसरे टेस्ट से पहले 'जियोस्टार' के विशेषज्ञ चोपड़ा ने कहा, ''किसी को भी नहीं पता कि गुवाहाटी में क्रिकेट कैसे खेला जाएगा, क्योंकि यह एक नया टेस्ट स्थल है। बेशक वहां पहले प्रथम श्रेणी क्रिकेट हो चुका है और हमने हाल ही में महिला विश्व कप मैचों के दौरान गेंद को काफी स्पिन होते देखा है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप वहां पहली बार खेल रहे हैं तो पिच शुभमन गिल या साई सुदर्शन या ऋषभ पंत के लिए उतनी ही अच्छी है जितनी तेम्बा बावुमा या रेयान रिकेलटन के लिए है। इसलिए यह दोनों टीम के लिए एक चुनौती है।'' भारत के पूर्व बल्लेबाज को इसमें कोई शक नहीं कि भारत को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा।

चोपड़ा ने कहा, ''लेकिन हम अब भी भारत में खेल रहे हैं। हम इस तरह की सतहों पर खेलते हुए बड़े हुए हैं। हां, गुवाहाटी अलग हो सकता है लेकिन मिट्टी भारत में ही कहीं से आई होगी।'' उन्होंने कहा, ''हम इन हालात को जानने या इन हालात में बहुत तेजी से ढलने के लिए खुद पर विश्वास करना और उनका समर्थन करना चाहेंगे, भले ही हमें वे थोड़े अलग लगें। किसी ऐसे व्यक्ति की तुलना में जो जोहान्सबर्ग में पला-बढ़ा हो और जिसने अपना सारा क्रिकेट वांडरर्स मैदान पर खेला हो।'' (अनंत ज्ञान)

# गोल्फर दीक्षा डागर ने बधिर ओलंपिक में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, टोक्यो**



भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने आखिरी दौर में 11 अंडर स्कोर करके वीरवार को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। 24 वर्ष की दीक्षा ने 2017 बधिर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके रजत पदक जीता था जब पहली बार खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था।

दीक्षा ने पहले दिन चार अंडर 68 स्कोर किया । जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भाग लेने वाली दीक्षा इसके एक साल बाद 18 वर्ष की उम्र में लेडीज यूरोपीय टूर पर जीत दर्ज करने वाली अदिति अशोक के बाद दूसरी गोल्फर बनी थी। टोक्यो ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) से खेलने का अचानक न्योता पाने वाली दीक्षा ने 54 होल में 26 अंडर स्कोर किया। फ्रांस की मारग्यू ब्रेजो को रजत और कनाडा की एरिका डान रिवार्ड को कांस्य पदक मिला। (अनंत ज्ञान)

## राइजिंग एशिया कप

# भारत-ए को बांग्लादेश-ए के खिलाफ सेमीफाइनल में शीर्षक्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी, दोहा**

भारत-ए को बांग्लादेश-ए के खिलाफ राइजिंग स्टार्स एशिया कप सेमीफाइनल में अपने शीर्षक्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, ताकि वैभव सूर्यवंशी पर अकेले बोझ नहीं पड़े। इस टी20 टूर्नामेंट में 201 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने सूर्यवंशी एक शतक और 45 रन की पारी खेल चुके हैं। बाकी बल्लेबाज हालांकि, अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं, जिनमें कप्तान जितेश शर्मा, नमन धीर, प्रियांश आर्य और नेहाल वढेरा शामिल हैं।

भारतीय टीम बांग्लादेश को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी, जिसने अफगानिस्तान-ए टीम को 78 रन पर समेट दिया था। इसके अलावा लीग मैच में श्रीलंका-ए की मजबूत टीम को आखिरी ओवर तक खेलने पर मजबूर किया। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रिपोन मंडल और हाल ही में सीनियर टी20 टीम में शामिल हुए बाएं हाथ के स्पिनर रकीबुल हसन से भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा।



भारत के गेंदबाजों ने भी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है और बायें हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह तीन मैचों में पांच विकेट ले चुके हैं। बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे और लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने तीन-तीन विकेट लेकर उनका बखूबी साथ दिया है। दुबे ने ओमान के खिलाफ अर्द्धशतक भी लगाया था।

**दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान शाहींस का सामना श्रीलंका-ए से होगा**

दुबे ने बीसीसीआई टीवी से कहा,''मैंने सलामी बल्लेबाज के तौर पर शुरुआत की थी और मुझे पता था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर सकता हूं। मैं ओमान के खिलाफ मिले इस मौके को भुनाना चाहता था। हम इसी तरह का प्रदर्शन करना चाहते जो यूएई और ओमान के खिलाफ किया था।'' बांग्लादेश की बल्लेबाजी का दारोमदार सलामी बल्लेबाज हबीबुर रहमान सोहान और कप्तान अबरार अली पर होगा। इन दोनों के विकेट जल्दी लेकर भारत दबाव बनाने की कोशिश करेगा। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान शाहींस का सामना श्रीलंका-ए से होगा।(अनंत ज्ञान)

# सौरभ गांगुली ने नंबर-3 पर सुंदर को भेजने पर उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष सौरव गांगुली का मानना है कि टीम इंडिया को टेस्ट क्रिकेट में नंबर-3 पर स्पेशलिस्ट बल्लेबाज उतारने चाहिए। उनके मुताबिक वॉशिंगटन सुंदर,भले ही एक उपयोगी ऑलराउंडर हो, लेकिन लंबे समय में यह महत्वपूर्ण बल्लेबाजी स्थान उनके लिए सही नहीं है। सुंदर पहले टेस्ट में 29 और 31 रन बनाए थे।

कोलकाता के ईडन गार्डंस में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में सुंदर ने 29 और 31 रन बनाए थे। भारत यह मैच 30 रन से हार गया और सीरीज में 0-1 से पीछे हो गया। गांगुली ने कहा कि नंबर-3 जैसी अहम पोजीशन दुनिया के सभी देशों में चुनौतीपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सुंदर अच्छे क्रिकेटर हैं। बॉलिंग भी करते हैं और बैटिंग भी, लेकिन मैं आश्वस्त नहीं हूं कि टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक नंबर-3 उनकी सही जगह है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका या न्यूजीलैंड जैसी जगहों पर नंबर-3 पर स्पेशलिस्ट बल्लेबाज ही खेलना चाहिए। गांगुली ने यह भी कहा कि टीम मैनेजमेंट और कोच गौतम (गंभीर) को इस पर ध्यान देना होगा कि टीम का टॉ ऑर्डर हमेशा विशेषज्ञ खिलाड़ियों से भरा हो। इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज सीरीज में साई सुदर्शन और करुण नायर नंबर-3 पर खेले थे। भारत ने हाल की इंग्लैंड सीरीज़ और उसके बाद वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू मुकाबलों में साई सुदर्शन और करुण नायर को नंबर-3 की भूमिका में आजमाया था। दोनों को शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाज़ के तौर पर देखा जाता है। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व कप्तान राशिद लतीफ से एनसीसीआईए ने की पूछताछ

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान की नेशनल साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनसीसीआईए) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और उसके चेयरमैन मोहसिन नकवी पर की गई टिप्पणियों के चलते पूर्व कप्तान राशिद लतीफ के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एनसीसीआईए के प्रवक्ता नजीबुल्लाह हसन ने पुष्टि की है कि राशिद लतीफ ने इस्लामाबाद और लाहौर में चल रही दो अलग-अलग पूछताछ में अपना बयान दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि यह जांच पीबीसी के सीनियर लीगल मैनेजर सैयद अली नकवी की शिकायत के आधार पर शुरू की गई है।

राशिद लतीफ ने पाकिस्तान टीम में बार-बार हो रहे नेतृत्व बदलाव की आलोचना की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'शाहीन शाह अफरीदी को वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है।'फूट डालो और राज करो' की नीति— धार्मिक, जातीय, क्रिकेट टीमों या वर्गभेद जैसे विभाजन पैदा कर सत्ता हासिल करने और बनाए रखने की एक राजनीतिक रणनीति है।' लतीफ ने यह भी कहा था कि पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जो एक अच्छा कप्तान भी नहीं दे पाता। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन: शेट्टी क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

**एजेंसी, सिडनी**



भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एचएस प्रणय वीरवार को हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21-18, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। योनेक्स अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21-17, 21-16 से हराया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना हमवतन लक्ष्य सेन से होगा। वहीं, इस साल प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके प्रणय को आठवीं वरीयता प्राप्त पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन इंडोनेशिया फरहान अलवी ने 21-19, 21-10 से हराया। सात्विक और विराग की जोड़ी का सामना अब पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी से होगा। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जस्टिन लैंगर बने निवीकैप के ब्रांड एंबेसडर

**एजेंसी, लखनऊ।** ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले भारतीय छात्रों के लिए पहला डिजिटल सॉल्यूशन्स प्लेटफॉर्म निवीकैप लॉन्च किया गया है। इस पहल को मजबूत करने के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और कोच जस्टिन लैंगर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। जिकसु ऑस्ट्रेलिया के संस्थापक कार्तिक श्रीनिवासन द्वारा विकसित निवीकैप एक सुरक्षित और पारदर्शी नॉन-बैंकिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों को प्री-एडमिशन से पोस्ट-अराइवल तक एकीकृत सहायता प्रदान करता है। इसमें लोन डिस्कवरी, आवेदन सहायता और फॉरेक्स मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

भारत, ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है, लेकिन जटिल वित्तीय प्रक्रियाए अब भी बड़ी चुनौती हैं। श्रीनिवासन का कहना है कि भारत से ऑस्ट्रेलिया तक की अपनी कठिन यात्रा ने उन्हें ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने के लिए प्रेरित किया, जो छात्रों की राह आसान करे। लैंगर ने निवीकैप को छात्रों व अभिभावकों के लिए भरोसेमंद साथी बताया। पहले चरण में प्लेटफ़ॉर्म शिक्षा-लोन सुविधा प्रदान करेगा, जबकि जल्द ही फॉरेक्स सेवाएं और पोस्ट-अराइवल सपोर्ट भी जोड़े जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट

## आखिरी बार 2010-11 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया था

# ऑस्ट्रेलिया में एशेज खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगा इंग्लैंड

**एजेंसी, पर्थ**



ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से शुरू हो रही एशेज सीरीज से पहले यक्ष प्रश्न यह है कि क्या इंग्लैंड ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खिताब का सूखा खत्म कर सकेगा। ऑस्ट्रेलिया में पिछले 15 टेस्ट में से इंग्लैंड ने 13 गंवाए और दो ड्रॉ खेले हैं, जबकि एक भी जीत नहीं मिल सकी। आखिरी बार 2010-11 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया था।

अगले सात सप्ताह तक पांच शहरों में चलने वाली एशेज सीरीज से पहले कई बड़े सवाल खड़े हैं। क्या उम्रदराज और प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेलने जा रही ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी सरजमीं पर 2010-11 से चला आ रहा अपराजेय अभियान बरकरार रख सकेगी। क्या बेन स्टोक्स इंग्लैंड को आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर लंबे अर्से बाद एशेज दिला सकेंगे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। ऐसे में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और आफ स्पिनर नाथन लियोन पर जिम्मेदारी बढ़ जाएगी। ब्रेंडन डोगेट तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के साथ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं जिससे ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टेस्ट एकादश में पहली बार दो देशी खिलाड़ी होंगे।

कैमरन ग्रीन हरफनमौला की तरह खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज जैक वेदराल्ड को भी 31 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। मार्नस लाबुशेन तीसरे और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर उतरेंगे।

इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने कहा,''मुझे पता है कि यह कितनी बड़ी सीरीज है। मैं जनवरी में यहां से रवाना होते समय उन भाग्यशाली कप्तानों में नाम दर्ज कराना चाहता हूं जिन्होंने आस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज जीती है। इतिहास के बारे में काफी बातें होती है, लेकिन अब हमारे पास अपना इतिहास रचने का मौका है।''

इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी का दारोमदार संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये मार्क वुड हैं। स्टोक्स खुद गेंदबाजी करेंगे और तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स तथा गुस एटकिंसन को भी मौका मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : सुबह 7:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**ऑस्ट्रेलिया** : स्टीव स्मिथ (कप्तान), जैक वेदराल्ड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, ट्रेविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कारी, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, ब्रेंडन डोगेट, स्कॉट बोलैंड।

**इंग्लैंड** : बेन स्टोक्स (कप्तान ), जाक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, ब्राइडन कार्स, गुस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, शोएब बशीर।

### वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने तोड़े सचिन, पोंटिंग जैसे दिग्गजों के रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की टीम अभी न्यूजीलैंड के दौरे पर है, जिसका दूसरा वनडे मैच बुधवार को नेपियर के मैकलीन पार्क में खेला गया। इस मैच में कप्तान शाई होप ने 69 गेंदों पर 13 चौकों और 4 छक्कों की मदद 109 रन की नाबाद पारी खेली। यह उनके वनडे करियर का 19वां शतक था। इसी के साथ वे दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने 12 अलग-अलग टीमों के खिलाफ वनडे में शतक लगाए हैं। हालांकि वेस्टइंडीज यह मैच हार गई, लेकिन होप को अपनी इस पारी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस पारी के साथ शाई होप ने उन महान खिलाड़ियों को भी पीछे छोड़ दिया जिनके नाम वर्षों से यह उपलब्धि दर्ज थी। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, क्रिस गेल, रिकी पोंटिंग, हाशिम अमला और मार्टिन गुप्टील ने 11 अलग-अलग टीमों के खिलाफ वनडे में शतक बनाए थे। न्यूजीलैंड से पहले होप जिम्बाब्वे, भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड, अफगानिस्तान, श्रीलंका, नीदरलैंड्स, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, नेपाल और इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**होप ने 12 अलग-अलग टीमों के खिलाफ वनडे में लगाए हैं शतक**